सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-275 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 30 मार्च 2025
29 रमज़ान 1446 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# यूपी में रामनवमी पर मीट शॉप बैन

- अवैध बूचड़खानों पर भी कार्रवाई करेगी योगी सरकार
- धार्मिक स्थलों के 500 मीटर दायरे में मीट की दुकानों पर लगाया प्रतिबंध
- 2014 और 2017 के आदेशों की पुनर्बहाली, कार्रवाई के आदेश



**लखनऊ।** नवरात्र आरंभ होने से पहले योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश में रामनवमी के दिन छह अप्रैल को पशु वध और मांस की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। वहीं, धार्मिक स्थलों के आसपास अब मांस की बिक्री नहीं हो सकेगी। सरकार ने धर्म स्थलों के 500 मीटर दायरे में मीट की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। अनाधिकृत रूप से चल रहे बूचड़खानों पर भी सख्त कार्रवाई होने जा रही है।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद कराने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु वध और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। इस फैसले को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इनमें पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। इन समितियों को बूचड़खानों का निरीक्षण करने, दैनिक पशु वध पर आंकड़े एकत्र करने और उल्लंघनों की रिपोर्ट राज्य सरकार को देने का कार्य सौंपा गया है। आदेश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि धार्मिक स्थलों और मंदिरों के पास कोई पशु वध या मांस बिक्री नहीं होनी चाहिए, इसके लिए यूपी नगर निगम अधिनियम 1959 और खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 और 2011 के प्रावधानों का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि इन अधिनियमों में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी प्रकार के पशुओं का वध विधिक रूप से स्थापित पशु वधशाला के अलावा अन्य किसी जगह पर नहीं किया जा सकता, परंतु इन नियमों का पालन मांस बिक्री के मामले में नहीं किया जाता है।

### रामनवमी पर 24 घंटे होगा अखंड रामचरितमानस पाठ

**अयोध्या।** चैत्र नवरात्र में पूरे प्रदेश में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ गूंजेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में 24 घंटे का अखंड मानस पाठ कराने के निर्देश दिए हैं। यह पाठ पांच अप्रैल दोपहर से प्रारंभ होगा और पूर्णाहुति छह अप्रैल को रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होगी। योगी के आदेश के बाद सभी जिलों में इसकी तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वासंतिक नवरात्र और श्रीरामनवमी से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवीपाटन मंदिर बलरामपुर, शाकुंभरी देवी मंदिर सहारनपुर, विंध्यवासिनी देवी धाम मीरजापुर आदि प्रमुख देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा।

## प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के जज सख्त

# बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ये अस्वीकार्य : विक्रम

- प्रदूषण के खिलाफ हमें साथ आना चाहिए : विक्रम नाथ



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है।

विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन - 2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि ऐसे समाधान तलाशने की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बता दें कि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। इस मौके पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, भारत की राजधानी में नियमित रूप से उच्च स्तर का प्रदूषण होता है। मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से सहमत हो सकते हैं कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना स्वीकार्य नहीं है, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए मास्क की आवश्यकता हो या कम उम्र में श्वसन संबंधी बीमारियों की चिंता हो।

उन्होंने कहा, यह कार्रवाई के लिए एक तत्काल आह्वान है, एक संकेत है कि हमें उत्सर्जन को विनियमित करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और टिकाऊ परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो हमारे द्वारा सांस लेने वाली हवा से समझौता किए बिना आर्थिक प्रगति की अनुमति देता है।

उन्होंने जल प्रदूषण को एक अन्य प्रमुख चिंता के रूप में चिन्हित किया, उन्होंने कहा कि कई पवित्र और प्राचीन नदियां अनुपचारित अपशिष्ट से भरी हुई हैं। जब मैं इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी यादों और चिंता का मिश्रण महसूस होता है पुरानी यादों के लिए कि ये जल कितने जीवंत और शुद्ध थे और हमारी असमर्थता के लिए चिंता कि हम उन्हें उनके प्राकृतिक गौरव में संरक्षित कर सकें। औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार करना, सीवेज अवसंरचना को बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को नदी के किनारों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक कदम हैं।

## सऊदी अरब में आज मनाई जाएगी ईद



**बरेली।** सऊदी अरब में शनिवार की शाम शव्वाल माह का चांद दिखाई देने के बाद ईद का एलान कर दिया गया। सऊदी अरब में रविवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। इससे पहले शनिवार को शाम तमाम खाड़ी देशों में चांद देखने के इंतजाम किए गए थे। चांद दिखाई देने के बाद जश्न का माहौल हो गया। खलीज टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सऊदी अरब सरकार ने एलान किया है कि 30 मार्च रविवार को शव्वाल माह का पहला दिन होगा। इसी दिन मुसलमानों का त्योहार ईदुल फितर मनाया जाएगा। चांद दिखाई देने के साथ ही पवित्र रमजान माह भी विदा हो गया। इस्लामिक महीना 29 या 30 दिनों का होता है। जो चांद दिखने पर निर्भर होता है। लिहाजा शनिवार को चांद दिखाई देने के बाद सऊदी अरब में रमजान का महीना 29 दिन का रहा। सऊदी अरब में चार दिन की छुट्टी का एलान किया गया है।

## पीएम मोदी संघ के स्मृति मंदिर में करेंगे नवरात्र पूजा



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के दौरे पर जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। उनका दौरा नागपुर से शुरू होगा और बाद में बिलासपुर तक जाएगा। एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि मैं कल 30 मार्च को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में रहूंगा। नागपुर पहुंचने पर मैं स्मृति मंदिर और उसके बाद दीक्षाभूमि जाऊंगा। इसके बाद नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखूंगा। मुझे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की गोला-बारूद सुविधा का दौरा करने का भी अवसर मिलेगा।

पीएम मोदी सुबह 9 बजे नागपुर में स्मृति मंदिर के दर्शन से अपने दिन की शुरुआत करेंगे, उसके बाद दीक्षाभूमि का दौरा करेंगे, जो एक महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल है, जहाँ डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया था। सुबह 10 बजे, वह माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे, जो माधव नेत्रालय नेत्र संस्थान और अनुसंधान केंद्र का विस्तार है।

## सर्किल रेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# वैज्ञानिक तरीके से तय होने चाहिए रेट

- सर्किल रेट निर्धारण में विशेषज्ञ समिति की भूमिका आवश्यक
- बाजार मूल्य आधारित दरें मुकदमेबाजी को कम करेंगी
- गलत सर्किल रेट से खरीदारों और सरकार दोनों को नुकसान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि जमीन के सर्किल रेट वैज्ञानिक तरीके से तय होने चाहिए।

उचित होगा कि जमीन की सर्किल दरें विशेषज्ञ समितियों द्वारा तय की जाएं जिनमें न केवल सरकार के अधिकारी हों बल्कि अन्य विशेषज्ञ भी हों जो बाजार की स्थितियों को समझते हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से तय की गई सर्किल दरें अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कर संग्रह को बढ़ाने में योगदान दे सकती हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन की अपील खारिज करते हुए 27 मार्च को यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सर्किल रेट के आधार पर अधिग्रहित जमीन का मुआवजा देने के कमिश्नर के आदेश को सही ठहराया है।

फैसले में कहा गया है कि सर्किल रेट का निर्धारण जब जमीन के बाजार मूल्य में भिन्नता के कारकों को ध्यान में रख कर किया जाता है तो उससे लेन-देन में पूर्वानुमान लगाना आसान होता है और मुकदमेबाजी कम हो जाती है। कोर्ट ने कहा कि मानकीकृत (स्टैंडर्डाइज्ड) सर्किल दरों को न्यूनतम या आधार मूल्य पर तय किया जाना चाहिए, क्योंकि जनता से अधिक मूल्य वाली सर्किल दरों पर स्टाम्प शुल्क का भुगतान करने के लिए कहना बहुत अनुचित होगा। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सही सर्किल दरें ईमानदार करदाताओं के हितों का ध्यान रखने के साथ साथ अनुपालन न करने वाले करदाताओं को भी रोकेंगी।

### सिर्फ औसत बिक्री की कीमत पर भरोसा नहीं करना चाहिए

पीठ ने फैसले में जमीन के सर्किल रेट तय करने और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रविधानों बारे में विस्तार से चर्चा की है। कोर्ट ने कहा है कि कलेक्टर को सिर्फ औसत ब्रिक्री की कीमत पर ही भरोसा नहीं करना चाहिए बल्कि व्यापक बाजार आधारित कारकों पर भी विचार करना चाहिए। मसलन जमीन की प्रकृति, अहमियत और विकास की कीमत आदि।





29 रमजान 30.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 34 | 06 : 25 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 28 | 06 : 34 |

# जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण में सोमवार से दोबारा शुरू होगी जांच

- 25 से ज्यादा अधिकारियों से होगी पूछताछ
- दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग से हुई थी आठ घंटे पूछताछ



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के तुगलक क्रिसेंट रोड स्थित सरकारी आवास में स्टोर रूम में आग लगने से बेहिसाब जले नोट मिलने के मामले में दिल्ली अग्निशमन विभाग व नई दिल्ली जिला के 25 से अधिक अधिकारियों व कर्मियों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए जा सकते हैं। जस्टिस वर्मा के आवास पर जाकर स्टोर रूम का मुआयना करने के बाद उच्च स्तरीय जांच कमेटी ने पुलिस अधिकारियों को अगले दिन उनके आवास पर भेजकर वीडियोग्राफी करवाई और स्टोर रूम को सील करवा दिया था। बृहस्पतिवार को तीन जजों की कमेटी ने अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग से करीब आठ घंटे तक पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। सूत्रों की मानें तो 14 मार्च की रात आग लगने की सूचना पर जस्टिस वर्मा के आवास पर आग बुझाने पहुंचने वाले फायर विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मियों के अलावा तुगलक रोड थाने व नई दिल्ली जिले के कई अधिकारियों व कर्मियों से भी कमेटी पूछताछ कर उनके बयान दर्ज कर सकती है। साथ ही मुख्यालय में रिपोर्ट तैयार करने वाले पुलिस अधिकारियों के भी बयान दर्ज की जा सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की कमेटी गठित की

घटना के बाद मामला में प्रकाश में आने के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी थी। कमेटी के सदस्य न्यायमूर्ति शील नागू (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया (हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन मामले की जांच कर रहे हैं। अब सोमवार से दोबारा से जांच शुरु की जाएगी।

## सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ , 16 ढेर



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक मुठभेड़ में 16 नक्सलियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य पुलिस की एक इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान मुठभेड़ में घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र के जंगल में सुबह करीब आठ बजे उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। सुंदरराज ने बताया कि केरलापाल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात शुरू किए गए अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे।

## नवरात्र व झूलेलाल जयंती पर सीएम ने दी बधाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव सम्वत्सर, चैत्र नवरात्र व झूलेलाल जयंती की प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। अपने संदेश में सीएम ने कहा है कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इसमें उपवास, प्रार्थना व ध्यान का विशेष महत्व है।

बासंतीय नवरात्र की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में बदलाव भी होता है। इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, नये उत्साह के साथ-साथ समाज और देश के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक व सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्र के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए। वहीं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल ने सद्भाव और एकता का संदेश देकर समाज को एक नई राह दिखाई। वर्तमान परिवेश में भगवान झूलेलाल का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है।

# सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया : राहुल

- बैंकों में चल रहा है भाई-भतीजावाद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गये हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ कर दिए हैं। नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है। इसका बोझ अंततः जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और विषाक्त कार्य स्थितियों को झेलते हैं।' राहुल गांधी ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की। उनकी कहानियों में एक परेशान करने वाला पैटर्न सामने आया है- कार्यस्थल पर उत्पीड़न, जबरन स्थानांतरण, एनपीए उल्लंघनकर्ताओं को अनैतिक ऋण देने का खुलासा करने के लिए प्रतिशोध और उचित प्रक्रिया के बिना बर्खास्तगी।

## ऑपरेशन ब्रह्मा

## म्यांमार में फिर से भूकंप का 16वां झटका, दहशत में लोग

# म्यांमार की आपदा में संकटमोचक बना भारत

- म्यांमार में भूकंप से अब तक 1600 से ज्यादा लोगों की मौत
- 3400 घायल, कई लापता



भारत ने म्यांमार में भूकंप राहत के लिए दो नौसैनिक जहाज भेजे

**बैंकॉक।** पहले से ही गृह युद्ध की मार झेल रहे म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 की तीव्रता वाले भयावह भूकंप में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 1,644 हो गई। प्राकृतिक आपदा के चलते जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस बीच, म्यांमार में शनिवार को फिर भूकंप के झटके लगे। सबसे तेज झटका रिक्टर पैमाने पर 5.2 की तीव्रता वाला रहा।

उधर, भारत ने पड़ोसी धर्म निभाते हुए म्यांमार में सबसे पहले बचाव दल भेजकर और मानवीय सहायता प्रदान करके राहत कार्यों में मदद पहुंचाई है। भारत ने भूकंप प्रभावितों की मदद के लिए आपरेशन ब्रह्मा चलाया है और शनिवार को 15 टन राहत सामग्री भेजी। भारतीय वायु सेना के विमान और नौसेना के जहाजों को भूकंप प्रभावित राष्ट्र की सहायता के लिए तैनात किया गया है। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार के सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत संकट की इस घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता करेगा। उधर, सेना के नेतृत्व वाली म्यांमार सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार भूकंप के कारण अब तक 1,644 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 3,408 अन्य लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। भूकंप के कारण क्षतिग्रस्त हुई कई इमारतों के मलबे से और शव निकाले जा रहे हैं, जिससे मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। शक्तिशाली भूकंप से काफी संख्या में इमारतें जमींदोज हो गई हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुल ढह गए हैं और एक बांध भी टूट गया है। सैन्य सरकार ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान तस्वीरें जारी की हैं।

### म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी

भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्म' के तहत दो नौसैनिक जहाज भेजे हैं। इसके अलावा, एक फील्ड हॉस्पिटल को भी शनिवार को एयरलिफ्ट किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत दो और भारतीय नौसैनिक जहाज जल्द ही म्यांमार के लिए रवाना किए जाएंगे। इसके अलावा, एक फील्ड हॉस्पिटल भी विमान के जरिए भेजा जा रहा है, जिसमें 118 सदस्यीय चिकित्सा दल शामिल होगा।

# जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का उठाएं लाभ एवं बिजनेस प्लान बनाने में लें सुझाव

## विद्युत विभाग के कार्यालयों पर हो आमजन संबंधी शिकायत रजिस्टरः दिनेश गोयल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत जांच समिति के सभापति व सदस्यों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत विभाग के सभी कार्यालयों में पब्लिक शिकायत से संबंधित रजिस्टर रखें जाएं ताकि शिकायतों के प्रति उत्तरदायित्व तय हो सकें तथा आमजन की शिकायतों का निस्तारण सहज हो सकें। उन्होंने सरकार की विद्युत संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किये जाने के भी निर्देशित किया।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत जांच समिति के सभापति दिनेश कुमार गोयल व सदस्य विजय बहादुर पाठक, जितेन्द्र सिंह सैंगर ने विगत 03 वर्षों में जिले में लगाये गये ट्रांसफार्मर लगाये, विद्युत कटौती, लाइन लॉर्स, घरेलू विद्युत उपभोक्तओं के बिजली बिल संशोधित करने का ब्यौरा, विद्युत फाल्ट की शिकायतों का निस्तारण समेत आदि बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। समिति ने निर्देश दिये कि विद्युत अधिकारीगण सभी जनप्रतिनिधियों के फोन नंबर रखें। गलत मीटर रीडिंग लेने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करें। सभी सब डिविजन ऑफिस में एक फलैक्स के माध्यम से विद्युत भार बढ़ाने की प्रक्रिया का उल्लेख किया जाए तथा इसका भी अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। बुकलेट में उपलब्ध डाटा में तिथि का उल्लेख अवश्य किया जाए। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने निर्देश दिये कि चीफ इंजीनियर संबंधित विद्युत अधिकारियों की बैठक निश्चित अंतराल के बाद करें तथा योजनाओं का रिव्यू भी करें। वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत सूर्य ऊर्जा की खपत बढ़ाने हेतु आमजन को प्रोत्साहित करें तथा सहारनपुर को सौलर एनर्जी में प्रथम स्थान दिलाने का प्रयास करें।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभापति एवं समिति को आश्वस्त किया कि दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा। बैठक में नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, एसपी देहात सागर जैन, चीफ इंजीनियर राजेश कुमार, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता विद्युत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने कार्यशैली में सुधार न किया तो होगी कार्रवाई

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने सभी विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि यदि दो सप्ताह में उन्होंने कार्यों में सुधार न किया तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जतायी कि कुछ समय पहले उन्होंने जिन वार्डो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए थे उनमें से अधिकांश का अनुपालन नहीं किया गया है।

नगरायुक्त संजय चौहान वार्ड 6, 9, 12, 30 व 46 आदि वार्डो में अपने द्वारा किये गए निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने एक-एक कर वार्डो में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, सड़कों, पार्को, नालों-नालियों की सफाई व निर्माण सम्बंधी दिये गए निर्देशों पर गंभीरता से अमल न करने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की कार्य शैली से उनका निरीक्षण निरर्थक साबित हो रहा है, निरीक्षण के दौरान जन सामान्य को जनसमस्याओं के निस्तारण के सम्बंध में जो आश्वासन दिए गए थे, वह पूरे नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नगरायुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगरायुक्त और नगर निगम की विश्वसनीयता धूमिल न हो, अधिकारी इसका ध्यान रखे और उनके निरीक्षण को मजाक न समझें। उन्होंने कहा कि उक्त वार्डो में निरीक्षण के दौरान दिये गए निर्देशों का यदि दो सप्ताह में पालन करते हुए उन्हें पूरा न किया गया तो मौके पर ही दोषी अधिकारी और उससे सम्बंधित फील्ड स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर संपत्ति हड़पने के मामले में एक गिरफ्तार

**महराजगंज (घुघली)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा पिपरा ब्राह्मण उर्फ बारीगांव निवासी एक व्यक्ति को गांव के चौराहे से घुघली पुलिस ने शुक्रवार की शाम करीब 7.40 बजे संपत्ति हड़पने की साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। घुघली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा ब्राह्मण उर्फ बारीगांव निवासी (65) वर्षीय गंगाप्रसाद शुक्ल पुत्र स्व. दुर्गेश्वर पर आरोप है कि उन्होंने एक मृत व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर तैयार कर माननीय न्यायालय में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इस मामले में थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि आरोपित बारीगाँव चौराहे पर मौजूद है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की शाम 7:40 बजे उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई धर्मेंद्र जैन चौकी प्रभारी जखीरा, एस आई संतोष कुमार यादव, हे0का0 अवधेश कुमार शामिल रहे। हैं।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने वाले ग्राम प्रधान हुए सम्मानित



**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत जनपद सहारनपुर की टीबी मुक्त हुयी 76 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को गाँधी जी की प्रतिमा और प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

विकास भवन के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में गत् वर्ष जनपद में टीबी मुक्त हुयी 76 ग्राम पंचायतो के प्रधानों को गाँधी जी की प्रतिमा और प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिनमें पहली बार टीबी मुक्त हुई 68 ग्राम पंचायतो के प्रधानों को कांस्य के रंग की प्रतिमा एवं 8 ग्राम पंचायतो के प्रधानों को लगातार दो वर्षो तक टीबी मुक्त पंचायत रखने पर सिल्वर रंग की प्रतिमा भेंट की गयी। इस मौके पर निक्षय पोषण योजना में सहयोग के लिए आईटीसी के फाइनेंस हैड सौरभ चक्रवर्ती को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसक अलावा सौ दिवसीय टीबी अभियान में सहयोग करने पर मुकेश, परवेन्द्र, महेन्दर, आमिर, विक्रांत, तरुण, सचिन, राजेश, सूरज, संदीप, संजय, मंजीत, सीएचओ कशीश, नेहा, तबस्सुम, शिवानी, ऐश्वर्या आशु, तंजिम, कीर्ति, मुदस्सिर, प्रेम, राहुल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रवीण कुमार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सुरेश कुमार ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन एमपी सिंह चावला ने किया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.कपिल देव, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड, दिशा से संदीप, आईटीसी से पामिश एवं रिया भी उपस्थित रहे।

# नगरायुक्त ने ईदगाह व जामा मस्जिद क्षेत्र में लिया तैयारियों का जायजा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह ईद उल फितर पर नगर निगम की तैयारियों के दृष्टिगत अम्बाला रोड स्थित ईदगाह व जामा मस्जिद क्षेत्रों के अलावा शहर के अनेक प्रमुख मार्गो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने वार्ड 07 के अम्बाला रोड स्थित ईदगाह पर साफ-सफाई व स्मार्ट सिटी द्वारा कराये गए कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों से स्मार्ट सिटी के कार्य पूरा कराने के साथ ही निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित कर ले कहीं फुटपाथ पर कोई केबिल की तार या टायल आदि न पड़ी रह जाए। उन्होंने ईदगाह के अलावा ईदगाह के तीनों तरफ मार्गो पर नालियों व सड़कों की पूरी तरह साफ सफाई रखने और चूना व एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सड़कों पर कहीं कोई गड्ढ़ा हो तो उसे भी ठीक कराएं।

नगरायुक्त ने चौक फव्वारा स्थित जामा मस्जिद के अलावा अम्बाला रोड, घण्टाघर, नेहरु मार्किट, चौकी सराय, शहीद गंज, बाजार मोरगंज, चिलकाना रोड, मण्डी समिति रोड आदि मार्गो का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नालियों से निकाली गयी शिल्ट सहित समय से कूड़ा उठान करने, चूना, एंटीलार्वा और फागिंग कराने के साथ ही विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने जामा मस्जिद के सामने सड़क के गड्ढे ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ी नालियों की सफाई पोकलेन से कराने और हर रोज रोस्टर अनुसार उसका पूरा विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी को पशुओं को नियंत्रित रखने के लिए निगम के काउ कैचर/डॉग स्कवॉड को सक्रिय रखने के खास निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीन शाह, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रविवार व ईद को भी खुलेगा निगम का कैश काउण्टर



**सहारनपुर।** टैक्स बकायादारों की सुविधा के लिए रविवार व ईद को भी नगर निगम का टैक्स विभाग व कैश काउण्टर हर रोज की तरह खोला जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने इस सम्बंध में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता ने बताया कि टैक्स बकायादारों को 31 मार्च तक टैक्स जमा करने की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए रविवार व ईद के अवकाश समय में भी आय से सम्बंधित अनुभाग गृहकर-जलकर, सम्पत्ति अनुभाग, अभिलेखागार, लेखा अनुभाग, कोषागार/कैश काउण्टर यथावत खोले जायेंगे। नगरायुक्त संजय चौहान ने टैक्स बकायादारों से पुनः अपील की है कि अवकाश के इन दो दिनों का लाभ उठाते हुए वे अपना बकाया जमा करा दे ताकि 31 मार्च के बाद बकाया टैक्स पर लगने वाले 12 फीसदी ब्याज से बच सके।

## चोरी के माल समेत दो शातिर चोर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचकर चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से चोरी का टीन रिफाइंड व 5 हजार रूपये की नगदी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विगत् दिवस वादी प्रवीन कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी मेन बाजार कस्बा व थाना सरसावा की तहरीर पर दो आरोपियों अनमोल पुत्र देव कुमार निवासी मौ0 चौधरीयान कस्बा व थाना सरसावा व मोनू पुत्र चुहड़ सिंह निवासी बलवन्तपुर थाना सरसावा के खिलाफ वादी की दुकान से पैसे व रिफाईन्ड के टीन चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने नकुड़ रोड स्थित हाइवे पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर दोनों नामजद आरोपियों अनमोल व मोनू को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया 01 टिन रिफाईन्ड तथा 5000 रुपये की नगद बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावभीनी विदायी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता, समाज व राष्ट्र को और उसके शिष्यों को सदैव इसकी आवश्यकता होती है।

प्रदेश महामंत्री अनिरूद्ध त्रिपाठी आज यहां बीडी बाजोरिया इंटर कॉलेज के सभागार में माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों के विदायी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षक संगठन के सजग प्रहरी रहे हैं, इन्होंने शिक्षक हितों की सदैव लड़ाई लड़ी है। विद्यालय में इन्होंने विद्यार्थियों को एक कुशल नागरिक बनाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 15 से 17 अप्रैल तक बरेली में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में सेवा सुरक्षा, पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतनमान में सम्मानजनक वेतन व पेंशन, तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं का विनियमितिकरण, चिकित्सीय सुविधा आदि मांगों के लिए संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश चौहान ने कहा कि समाज में अपने गौरवपूर्ण अस्तित्व को बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर इन भ्रष्टाचारियों और शिक्षक विरोधियों को मुंहतोड जवाब देने के लिए संघ को मजबूत करना होगा। समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश चौहान, स्वराज पाल, राजवीर सिंह यादव, शिव कुमार राठौर, धर्मपाल सिंह, रकम सिंह, राजेंद्र सिंह राठौड़, अनीता रानी, अंजू गुप्ता, संदीप कुमार, अनिल, दशरथ आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## दहेज हत्या में वांछित महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 24 फरवरी को वादी शहजाद पुत्र अजीज निवासी रमजानपुरा बेहट रोड थाना कोतवाली देहात की तहरीर पर वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व वादी की पुत्री को पंखे पर लटका कर जान से मारने देने की सूचना पर थाना कुतुबशेर पर फरहान आदि पांच के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रधान कॉलोनी से वांछित महिला आरोपी रिहाना पत्नी हारून निवासी प्रधान कालोनी थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# आगरा में राणा सांगा पर विवादित बयान से फिर बवाल, एबीवीपी ने सपा सांसद का पुतला फूंका



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सपा सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा पर राज्यसभा में दिए गए बयान से देश भर में बवाल मचा हुआ है। मेवाड़ के वीर शासक राणा सांगा पर रामजी लाल सुमन के बयान से उठा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। करणी सेना, क्षत्रिय समाज और हिंदूवादियों के बाद अब इस मुद्दे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भी विरोध में उतर आया है। एबीवीपी ने शनिवार दोपहर आगरा के सेंट जॉन्स चौराहा पर उग्र प्रदर्शन किया। सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी की। एबीवीपी कार्यकताओं की पुलिस से झड़प हुई। हंगामे के साथ ही एबीवीपी कार्यकताओं ने चौराहे पर सपा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस ने यातायात रोका और डायवर्ट करके निकला। बता दें कि सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था।

मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। इस बयान से देश में बवाल मचा हुआ है। क्षत्रिय समाज, करणी सेना, हिंदुवादी और भाजपा के नेता भी लगातार सपा सांसद को घेर रहे हैं। अब एबीवीपी भी मैदान में उतर आई है। एबीवीपी ने राजामंडी स्थित कार्यालय से सेंट जॉन्स चौराहे तक सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ जुलूस निकाला। हाथ में सपा सांसद रामजी लाल सुमन माफी मांगो के पोस्टर थे। एबीवीपी ने उग्र प्रदर्शन करके चेतावनी दी है कि जब तक सपा सांसद रामजीलाल सुमन अपने राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान पर माफी नहीं मांगते तब तक हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## लोन बंद कराने के नाम पर 6 लाख से अधिक की साइबर ठगी तो थाना साइबर क्राइम पुलिस ने वापस दिलाई पूरी रकम




**आगरा।** लोन बंद कराने के नाम पर पीड़ित के ईमेल पर क्लोजर रिपोर्ट भेजकर 6 लाख से अधिक की ठगी की गई तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित की पूरी रकम वापस कराई।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार, लोन बंद कराने के नाम पर शिकायतकर्ता के ईमेल पर क्लोजर रिपोर्ट भेजकर 6,98,954 रूपये की ठगी करने से सम्बन्धित मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कर मात्र 5 दिन के अन्दर पीड़ित की पूरी धनराशि 6,98,954 रूपये बरामद करायी हैं। 25 मार्च 2025 को मनीष कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 विनोद कुमार अग्रवाल निवासी शांति एन्कलेव बल्केश्वर, थाना कमलानगर, आगरा ने थाना साइबर क्राइम पर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज करायी कि दिनांक 24.03.2025 को उनके लोन को बंद कराने के नाम पर अज्ञात द्वारा ईमेल पर क्लोजर रिपोर्ट भेजकर 6,98,954 रूपये ठगी कर ली गयी। थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सिर्फ 5 दिवस के अन्दर पीड़ित की 100 प्रतिशत धनराशि 6,98,954 रूपये की वापस करायी गयी।

# आगरा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिसवालों ने कंधे पर अर्थी उठाकर कराया अंतिम संस्कार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पत्नी की मौत के बाद पति फरार हो गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की अर्थी को कंधा दिया और श्मशान घाट पहुंचाया। इसके बाद पुलिस बेटे को खोजकर लाई और मां को मुखाग्नि दिलाई। मामला आगरा के जगदीशपुरा थाना क्षेत्र का है। महिला की मौत के बाद मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद कुछ ससुरालियों पर अछनेरा थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि ससुराल के लोग महिला के शव को छोड़कर फरार हो गए थे।

बता दें कि घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। थाना जगदीशपुरा को सूचना मिली कि बोदला क्षेत्र में कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां जानकारी मिली कि चंद्रपाल की बहन संजू ने पांच साल पहले अछनेरा निवासी जितेंद्र ने लव मैरिज की थी। जितेंद्र मजदूरी करता था। चंद्रपाल का कहना है कि संजू का शव 26 मार्च को फंदे से लटकता मिला। ऐसे में मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। 27 मार्च को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद शव को अछनेरा लाया गया। जहां मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। हंगामे के बाद ससुराल वाले भाग गए। इसके बाद जगदीशपुरा थाने को शव रखे होने की सूचना मिली। पुलिस ने महिला के मायके वालों को समझाया लेकिन वे मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर अड़े रहे। इसके बाद अछनेरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया। इसके बाद पुलिस मृतका के बेटे को खोजकर लाई। हालांकि परिजन अंतिम संस्कार का सामान लेने गए लेकिन बिना आधार कार्ड के सामान देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद पुलिस अंतिम संस्कार का सामान लेकर आई। मामले में जगदीशपुरा थाना प्रभारी और दारोगा ने अर्थी तैयार करवाई। पुलिस ने ही कंधा दिया। सेक्टर 3 श्मशान घाट पर मृतका के बेटे से अंतिम संस्कार कराया।



# पुलिस मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर घायल पांच राशि गोवंशीय पशु बरामद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** शनिवार को कुशीनगर पुलिस ने अलग अलग मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में दोनों पशु तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने पशु तस्करों के पास से अवैध तमंचा मय कारतूस, चोरी की मोटर साइकिल सहित पांच राशि गोवंश बरामद किया है।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार कुबेरस्थान क्षेत्र में एक पशु तस्कर गौकश की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें कुबेरस्थान, पडरौना कोतवाली, रविंद्रनगर धूस व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कुबेरस्थान के सेमरा हरदो कठकुइयां ढाला रोड के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल आते दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई। जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। जिसकी पहचान मनौव्वर पुत्र गुलाब हुसैन निवासी बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर के रुप में हुई। इसी तरह कसया थाना क्षेत्र में भी पुलिसिया मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल हो गया। घायल पशु तस्कर के साथ एक अन्य सहित दो पशु तस्कर को गिरफ्तार कर एक पिकप वाहन से वध हेतु तस्करी कर ले जाए जा रहे 05 राशि गौवंश व 02 अवैध तमंचा मय कारतूस, लकड़ी का ठीहा आदि बरामद किया।

कसया पुलिस को मुकामी थाना क्षेत्र में कुछ पशु तस्करों, गौकश के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें कसया, हाटा कोतवाली, तरया सुजान, तमकुहीराज एवं पटहेरवा थाने की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कसया क्षेत्र के हिरण्यपुर कट के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया।

जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई। जिसमें अभियुक्त एक घायल हो गया। जिसकी पहचान बाबूद्दीन पुत्र साबिर निवासी ग्राम नरहवा थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार के रुप में हुई है तथा उसका एक अन्य साथी तबरेज पुत्र हारून निवासी कंचनपुर थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को भी मौके से गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा का नवाबगंज कायमगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा का कायमगंज के अचरा मंडल एवं अमृतपुर विधानसभा के नवाबगंज मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया इस दौरान उन्होंने भाजपा के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की व तीन दिवसीय महासंपर्क अभियान में जुटने के निर्देश दिए।

कायमगंज विधानसभा के अचरा मंडल में स्थित राजाराम इंटर कॉलेज में मंडल अध्यक्ष कुनेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा एकमात्र ऐसा दल है जो कार्यकर्ता आधारित है छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी संगठन में बड़े से बड़े दायित्वों का निर्वहन कर सकता है ऐसा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन्होंने भी छोटे से छोटे पदों पर कार्य करते हुए देश व प्रदेश के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का कार्य किया है। अनुशासन और निष्ठा संगठन की विशेषता है। प्रदेश की योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हुए हैं इन 8 वर्षों में प्रदेश में सुशासन व विकास स्थापित हुआ है 2017 से पहले जो प्रदेश सफाई के परिवार के मकड़जाल में फंसा हुआ था उसे प्रदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास सुरक्षा और सुशासन के रास्ते पर लाने का कार्य किया हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है इन 8 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां वाले पत्र घर-घर वितरित करके जन-जन तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य करें। मंडल अध्यक्ष कुणेंद्र गंगवार ने कहा विकसित भारत के निर्माण के लिए भाजपा सरकार का निरंतर जारी रहना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुनील रावत जिला महामंत्री डीएस राठौर राजेश राजपूत हिरदेश मिश्रा संनटी गंगवार ललित त्रिपाठी शानू राजपूत आदेश गंगवार ज्ञानेंद्र गंगवार संदीप गंगवार एवं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रशांत मिश्रा ने किया।

## डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय जैतपुर का निरीक्षण



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्राथमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) जैतपुर, विकास खण्ड बढ़पुर का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर निम्न पाया गया, मिड-डे-मील की गुणवत्ता खराब पायी गयी, शौचालय गंदे पाये गये व नलों से पानी टपकता पाया गया, विद्यालय परिसर में फर्श के टाइल्स टूटे पाये गये, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नारजगी जताई गई व इसमें सुधार करने एंव परिसर में साफ-सफाई कराने व मिड डे मील की गुडवत्ता में सुधार करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

## जिला मजिस्ट्रेट ने ईदगाह का निरीक्षण किया



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने आगामी ईद के त्योहार को ध्यान में रखते हुए शनिवार को शाहजमाल ईदगाह का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईदगाह निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ ही नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईदगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखी जाए और नमाजियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि ईद के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि सड़कों पर प्रतिबंध एवं छुट्टा जानवर घूमते न पाए जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

## महदवी समाज क्लासेस की परीक्षा का एक दृश्य, इंसान की महानता उसकी परीक्षा और इम्तिहान में छुपी होती है



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ में आयोजित धार्मिक और नैतिक महदवी समाज क्लासेस में लगभग 1800 लोगों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। 14 सेंटर्स के छात्रों ने शहर के पांच मुख्य स्थानों पर परीक्षा दी। कर्बला दयानतुद्दौला में चार सेंटर्स के लोग शामिल थे नयाब पैलेस दरगाह, अंगूरी बाग, मरकज़-ए-तालीम-ओ-तरबियत ट्रस्ट और खुद कर्बला सेंटर। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में रईस मंज़िल, हैदरी इमामबाड़ा और खुद छोटा इमामबाड़ा के छात्रों ने परीक्षा दी। सरफराज गंज में रोज़ा मौला अली, महंदी हॉल और तज़ीन विला के छात्रों ने परीक्षा दी। इन परीक्षाओं का परिणाम 5 अप्रैल की रात 7:30 बजे कर्बला दयानतुद्दौला में इनामों के साथ घोषित किया जाएगा। इसमें 20 लोगों को शहीद-ए- सालिस की ज़ियारत के लिए और एक व्यक्ति को शाहे खुरासान (ईरान) और दूसरा कर्बला मुअल्ला (इराक) की ज़ियारत का मौका कुर्रा (लॉटरी) के ज़रिए दिया जाएगा। मरकज़-ए-तालीम-ओ-तरबियत ट्रस्ट पूरी कौम और मिल्लत के नौजवानों का शुक्रिया अदा करता है कि उन्होंने दीन की क्लासेस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन सभी लोगों का भी दिल से शुक्रिया अदा करता है जिन्होंने इस नेक काम में अपना सहयोग दिया। अल्लाह से दुआ है कि वह सबको इस दुनिया में तरक्की और बुलंदी अता करे।

## एमजीयूजी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रविवार से

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के तहत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के तत्वावधान में सोसाइटी फॉर बायोटेक्नोलॉजिस्ट इंडिया (एसबीटीआई) के सहयोग से 30 मार्च से 1 अप्रैल तक संयोजित तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में आयुर्वेद एवं बायोमेडिकल विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक अन्वेषकीय दृष्टि से मंथन करेंगे। इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी साझा करते हुए संयोजक और अधिष्ठाता संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 30 मार्च को उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक और राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. बलराम भार्गव होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता यूपी के मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार और यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) धीरेंद्र पाल सिंह करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) सुरिंदर सिंह का भी पाथेय प्राप्त होगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं जो 'आयुर्वेद एवं बायोमेडिकल विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग विषय पर नवीनतम अनुसंधान और प्रगति पर चर्चा करेंगे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में देश विदेश के ख्यातिलब्ध वैज्ञानिकों के समक्ष शोधार्थी और युवा वैज्ञानिको को शोध प्रस्तुति, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रस्तुति, मौखिक प्रस्तुति ,पोस्टर प्रस्तुति में अन्वेषकीय ज्ञानार्जन के साथ विज्ञान और आयुर्वेद के बहुमूल्य योगदान और समृद्ध शैक्षणिक आदान-प्रदान से सम्मेलन समृद्ध होगा।

# ईद को लेकर तैयारिया तेज, बाजारों में रौनक

अवधनामा संवाददाता





**गोरखपुर।** शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गयी। इसके साथ ही रोजेदारों की ईद की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। इससे बाजार में भी जबर्दस्त उत्साह का माहौल है। लोगों ने पारंपरिक परिधानों के अलावा सेंवईयों आदि की खरीदारी तेज कर दी है। इसके अलावा लोग अपने प्रियजनों को ईद का तोहफा देने के लिए विभिन्न प्रकार के गिफ्ट आइटम भी खरीद रहे हैं। शाम की इफ्तारी के बाद बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कपड़ों से लेकर सेंवईयों की बाजार में जबर्दस्त मांग बनी हुई है। रंग-बिरंगी लच्छेदार, भुनी हुई व बिना भुनी विभिन्न प्रकार की सेंवईयां लोग खरीद रहे हैं। खरीदारी के इस माहौल में बाजार पूरी तरह दीवाली मना रहा है।

**लखनवी कुरते की रही डिमांड, रंगीन सेवियों की मांग बढ़ी**

रमजानुल मुबारक का महीना पूरे शबाब पर है। ईद का त्यौहार भी नजदीक आ गया है। जैसे-जैसे वक्त आगे बढ़ रहा है, प्रमुख बाजार की रंगत चरम पर पहुंचती दिखाई दे रही है। ईद पर मिठास घोलने को तैयार हो चुकी सेंवई की दुकानें जहां सज चुकी हैं, तो वहीं फल, खजूर, मेवा, खोवा की मांग भी बढ़ने लगी है। हालांकि पिछले साल की अपेक्षा इस बार इन चीजों के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है। बावजूद इसके चूंकि त्यौहार खास है, इसलिए मंहगाई पर ईद की खरीदारी भारी पड़ती दिखाई दे रही है। सदर तहसील मुख्यालय स्थित प्रमुख बाजार समेत सहजनवा, पिपरौली, भीटी रावत, कटसहरा, घघसरा, हरपुर बुदहट आदि मुख्य स्थानों व मुस्लिम बस्तियों में स्थित बाजारों की रंगत कुछ अलग ही दिखाई दे रही है। वैसे रमजान के तीसरे अशरे (21 रमजान के बाद) के उपरांत ही बाजार की रौनक बढ़ सी गई है, परंतु इधर दो-तीन दिनों से खरीदारी में काफी तेजी आ गई है। सुबह-सवेरे खरीदारों की जो भीड़ उमड़ती है, तो उसका सिलसिला शाम तक चलता है। कपड़े की दुकानों के अलावा रेडीमेड, कास्मेटिक, कुर्ता-पायजामा, जूता-चप्पल की दुकानों पर पूरे दिन भीड़ नजर आ रही है। शाम के समय सेंवई के स्टाल व ठेले पर लगी फल की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ जुट रही है। अब अगर आज चांद दिखा तो सोमवार को ईद होगी इस तरह रमजान महीने में एक दिन शेष बचा है, ऐसे में देर रात तक इबादतों का सिलसिला जारी रहता है। जगह-जगह तराबी की विशेष नमाज हो रही हैं, तो फिजा में कलाम की तिलावत की गूंज भी सुनाई पड़ रही है।

## क्रिकेट कैंप के फाइनल एग्जीबिशन में फ्यूचर स्टार की शानदार जीत



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित भव्य क्रिकेट कैंप का फाइनल मुकाबला ब्रह्मदत्त स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस रोमांचक मुकाबले का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी (डीएसओ) श्री कर्मवीर सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया। खेल प्रशिक्षकों एवं संगठन के सदस्यों ने डीएसओ कर्मवीर सिंह का गरिमामय सम्मान किया। इस निर्णायक मुकाबले में फ्यूचर स्टार टीम ने इमर्जिंग इलेवन को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इमर्जिंग इलेवन ने 15 ओवर में 107/8 का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए दिव्य (48 रन) और ऋषभ मिश्रा (27 रन) ने सराहनीय योगदान दिया। फ्यूचर स्टार की ओर से सम्राट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि देवांश ने 2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्यूचर स्टार ने 14.2 ओवर में 6 विकेट खोकर विजय प्राप्त की। टीम के बल्लेबाज अर्पण (30 रन, नाबाद) और शौर्य (16 रन) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। इमर्जिंग इलेवन की ओर से यशव ने 2 विकेट चटकाए, लेकिन टीम जीत दर्ज करने में सफल नहीं हो सकी। मैच के समापन के बाद विजेता टीम को सम्मानित किया गया और सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# पंद्रह दिन से ट्रांसफार्मर फूंका, अंधेरे में डूबा पूरा गांव

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** रामपुरा क्षेत्र के अति पिछड़े ग्राम बिलौड़ का ट्रांसफार्मर गत 15 दिन से फुंका है जिस कारण पूरा गांव विभिन्न प्रकार की परेशानियों के साथ अंधेरे में डूबा है। माधौगढ़ तहसील के रामपुरा क्षेत्र अंतर्गत



नदिया पार का सर्वाधिक पिछड़ा गांव विलौड़ लगभग 500 आबादी वाला गांव है। यह गांव कभी कुख्यात डकैत सलीम और पहलवान गुर्जर के कारण आसपास के जनपदों में सुर्खियों में रहा है जिस कारण ग्रामीण स्तर से समृद्धिशाली रहा गांव लगभग उजड़ गया था। दस्यु आतंक समाप्त होने के बाद इस गांव में धीरे-धीरे लोग घर वापसी करके बसने लगे हैं लेकिन वर्तमान की सर्वाधिक मूलभूत आवश्यकता बिजली पानी का विकट संकट इस गांव के पुनर्स्थापना में बाधा बन रहा है। राकेश, रामलछन ,रामखिलावन सिंह ,मन्ना रविंद्र, मुन्ना सिंह ,संतोष, नरेंद्र सिंह ,बृजेश कुमार, मुन्ने कमलेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बिलौड़ का ट्रांसफार्मर पिछले 15-17 दिनों से फुंका पड़ा है इस संबंध में संबंध अधिकारियों को अवगत भी कराया गया लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई परिणाम स्वरूप गांव के समस्त मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो गए हैं, कुछ लोग रामपुरा जायघा अथवा आसपास के गांव में जाकर मोबाइल चार्ज कर रहे हैं। रात में मच्छरों का प्रबल प्रकोप है बिना पंखा के सो पाना कठिन हो रहा है। ग्रामीणों को रात-रात भर जागना पड़ रहा है। परिणाम स्वरूप गांव के लोग अपने अन्य शहर अथवा दूसरे स्थान पर बने घरों में जाकर रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्युत ट्रांसफार्मर अति शीघ्र बदला जाए।

## एसडीएम ने नगरीय गौशाला का निरीक्षण कर छाया के इंतजाम पर दिया जोर

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर एसडीएम ने नगरीय क्षेत्र की गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। एवं जिम्मेदारों को उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिये निर्देश दिए। पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भुवन के साथ एसडीएम सुशील कुमार सिंह के द्वारा नगर पालिका द्वारा संचालित आलमपुर गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गर्मी में गौवंशो से बचाव के उपायो को देखा तथा पानी की टंकी,भूसा, चारा की हकीकत परखी। गौशाला में 218 गोवंश वर्तमान समय मौजूद है। जिनके संरक्षण के लिए पालिका के द्वारा पांच कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उप जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद राजस्व निरीक्षक/ प्रभारी राम भुवन सिंह को निर्देश दिया के गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गौवंशी के लिए छाया के पुख्ता इंतजाम की जाये। साथ ही हरे चारे की व्यवस्था की जाए।

# एसएसपी अलीगढ़ द्वारा थाना देहली गेट का किया गया औचक निरीक्षण



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना देहलीगेट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, थाना कार्यालय के अभिलेखों व मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। अभिलेखों को अद्यावधिक करने, बेहतर जनसुनवाई कर प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण करने एवं अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना प्रभारी समय से अपने कार्यालय में बैठकर जनता की शिकायतों को सुनें तथा गुणवत्तापूर्ण शीघ्र विधिक निस्तारण करें। जघन्य अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर व गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिये गये। पुरुष्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी की जायें। लंबित विवेचना को गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। चौराहों/ तिराहों एवं सड़को से अवैध अतिक्रमण को हटवाकर थाना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु निर्देशित किया गया। संवेदनशील स्थानों, भीड़भाड़ वाले बाजारों में प्रतिदिन पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जाये।

## सच्चा मित्र वही है जो मित्र के सुख-दुख में काम आये

**गोरखपुर।** विकास खण्ड सहजनवा के भीटी रावत में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिन शुक्रवार को अयोध्या धाम से पधारे बृजेश जी महाराज ने कहा कि मित्रता संम्पन्नता/ विपन्नता देख कर नहीं करनी चाहिए ,सच्चा मित्र वही है जो मित्र के सुख-दुख में काम आये। भगवान भाव को प्रधानता देते हैं। प्रभाव को नहीं। सुदामा चरित्र आत्मज्ञान के लिए है उपदेश के लिए नहीं है। ईश्वर जगत के माता-पिता है। सभी के भाव को जानते हैं।

Process Paid Advocate A. A. Kor

PUBLIC NOTICE

IN THE COURT OF CIVIL JUDGE (S.D.) KALYAN AT KALYAN

C.M.A. No. 154/2025, Exh No=06

E-Filing No AMH2021005288 4C202500001

Mr. Hariom Sunderlal Sharma ... Applicant

V/s.

Mr. Rajat Hariom Sharma and another .....Opponents

Whereas the above Applicants have filed above mentioned application for grant of Heirship Certificate through E-Filing in the Court of Civil Judge (S.D.), Kalyan at Kalyan, in respect of immovable properties and a movable property of Late Mrs. Kamlesh Hariom Sharma, which is as under mentioned schedule of the property having undivided share of 1/3rd in the said properties . Applicant has approached this hon'ble court for a grant of the Heirship certificate in favour of the applicant. And whereas anybody having any claim, right or interest in the above mentioned property, is/are hereby called upon to appear in the above matter either personally or through his / her / their Advocate and submit his / her/ their say, if any, on the next date i.e. on 18th day of March, 2025 at 11.00 a.m.. If during the said period no one appears, then the said matter shall be decided by this Hon'ble Court on merit and necessary order shall be passed in the said matter.

SCHEDULE OF PROPERTY

SCHEDULE 'A'

Immovable property whose valuation is above Rs. 16,00,000/- which is owned by deceased at Badlapur (is within the jurisdiction) having its description as Shop Premises No. 05 on the Ground floor in the Building No. R-2 Known as VICTORIA, wing A. "Marathon Nagari NX" admeasuring carpet area 25.37 sq. mt. equivalent to 273.08 sq. ft. situated at Mauje Shirgaon, 421503.

SCHEDULE 'B'

Movable property owned by deceased White colour scooter model Activa 125 having Registration no MH43BQ3036, Chassis No ME4JF49CHJ8009209, JF49E84045320 manufacturing date 08/2018.

SCHEDULE 'C'

3 Immovable properties owned by deceased in the state of Uttar Pradesh as follows.

1) Residential land at Nagla Bhai Beg Pargana & Tahasil Koil, Aligarh bearing khet no 105 m. Part, Plot no 22 area admeasuring about 100 sq yards or 83.61 sq mts with no construction on it in the state of State of Uttar Pradesh.

2) Residential land at Nagla Bhai Beg Pargana & Tahsil Koil, Aligarh bearing khet no 105 m. Part Plot no 23 area admeasuring about 100 sq yards or 83.61 sq mts with no construction on it in the state of State of Uttar Pradesh.

3) Residential land Devseni Pargana & Tahsil Koil, Aligarh bearing khet no 214 area admeasuring about 200 sq yards or 167.22 sq mts Tehsil Koil Aligargh in the state of State of Uttar Pradesh.

Issued under my seal & signature on this 18th day of February, 2025

Place: Kalyan. COURT Seal By Order

Date: 14/02/2025 Sd/Clerk

Assistant Superintendent

Civil Court (S.D.), Kalyan

# फूलों सी नाजुक होती हैं बेटियां, दो कुलों को रोशन करती हैं बेटियां : चारु

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** बीआईटी गीडा गोरखपुर संस्थान में छात्राओं को प्रेरित, उत्साहित एवं जागरुक करने के उद्देश्य से सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता चारु चौधरी उपाध्यक्ष उ0प्र0 महिला आयोग द्वारा अपने सम्बोधन में छात्राओं को भविष्य के संभावित संघर्ष कठिनाई, एवं प्रतिस्पर्धा के विषय में विस्तृत रुप से आगाह किया साथ ही साथ संघर्ष कठिनाई एवं प्रतिस्पर्धा से सहज रुप में अपने आपको सुरक्षित रखा जाए इसके लिए छात्राओं को तरीकों से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आप बेटियों को शिक्षित होना नितान्त आवष्यक है अगर आप शिक्षित नहीं होंगी तो आपका विकास एवं स्वालम्बी होना असंभव है। एक पढी-लिखी बेटी ही अपने आने वाली पीढी को शिक्षित एवं स्वालम्बी बना सकती है बेटे तो एक कुल को रोशन करते है दो-दो कुल को रोशन करती हैं ये बेटिया जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति एकग्र रहना चाहे जितनी मुसीबत एवं परेशानियो का सामना करना पडे क्योंकि मुसीबत एवं परेशानियां आपको मजबूत करेंगी आपके हौसले को फौलाद करेंगी।

कार्यक्रम की विशष्ट अतिथि रश्मि अग्रवाल समाजसेवी व सदस्य पीपुल एजुकेशनल सोसाइटी, ने कहा कि आप लक्ष्मी बाई, पन्नाधाय, सावित्री, गार्गी सहित अनगिनत साहसी एवं विदुषी महिलाओं की वंशज है आपको ईश्वर ने सघर्ष की भट्टी में तप कर कुन्दन बनने का गुण अतिरिक्त प्रदान किया है आप सर्वोपरि एवं पूजनीया है थी और रहेगी। अतिथि का स्वागत एवं सम्मान संस्थान की समस्त महिला शिक्षक एवं कर्मचारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पल्लवी दीक्षित, पिंकी पाण्डेय, जूही पाण्डेय, श्रेया त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी, शशी प्रभा, प्रेरणा श्रीवास्तव, उन्नति त्रिपाठी एवं सम्मस्त छात्राऐ उपस्थित रहीं।

## सहजनवां नगर पंचायत में जर्जर पोल और लो वोल्टेज बिजली व्यवस्था बदहाल



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत सहजनवां, में बिजली आपूर्ति की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। नगर के 16 वार्डों में जर्जर पोलों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। नगर में लेजर पावर कंपनी द्वारा जर्जर तारों को बदले जाने का कार्य पिछले डेढ़ वर्षों से चल रहा है, लेकिन अभी तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। भीषण गर्मी में प्रतिदिन 6 से 8 घंटे बिजली काटकर यह कार्य किया जा रहा है, जिससे आमजन को भारी असुविधा हो रही है। साथ ही नगर के वार्ड संख्या 13 (भरवटिया) एवं वार्ड संख्या 6 (तेनूहारी) की बिजली आपूर्ति अभी तक ग्रामीण फीडर से की जा रही है, जिससे इन क्षेत्रों में बार-बार विद्युत कटौती की समस्या बनी रहती है। नगर वासियों ने मांग की है कि इन वार्डों को टाउन फीडर से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए, ताकि समुचित वोल्टेज प्राप्त हो सके। नगर पंचायत सहजनवां नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह ने इन समस्याओं के समाधान हेतु मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण खंड, गोरखपुर को पत्र भेजकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।

# जब तक इस शरीर में प्राण हैं, मैं शिक्षकों के हित की लड़ाई लड़ता रहूंगा: उदय नारायण तिवारी



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** पंडित माता प्रसाद त्रिपाठी राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी प्रवक्ता एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री उदय नारायण तिवारी, जिन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय शिक्षकों और शिक्षा के हित में समर्पित किया, 29 मार्च 2025 को अपनी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए।विद्यालय परिसर में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में श्री तिवारी को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार मिश्रा और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष समेत कई प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।समारोह को संबोधित करते हुए श्री तिवारी जी ने कहा, जब तक इस शरीर में प्राण हैं, मैं शिक्षकों के हित की लड़ाई लड़ता रहूंगा।÷ उनके इस वचन ने सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और एकजुटता का संदेश दिया।इस खास मौके पर विद्यालय के शिक्षक उमाशंकर शुक्ल, विजेंद्र सिंह, रितेश जायसवाल, ललित रंजन भटनागर, सुनील वर्मा, स्वामी नाथ राम, पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्व जिला मंत्री अशोक त्रिपाठी, मंडलीय अध्यक्ष राम अनुज तिवारी, जिला कार्यकारी मंत्री अंकुर तिवारी, सचिव विनोद मिश्र, देव प्रकाश पाठक, आदर्श सिंह, पारस नाथ यादव और सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार मिश्र ने सभा को संबोधित करते हुए इस समरोह के समापन की घोषणा की।श्री तिवारी के सेवानिवृत्त होने से विद्यालय और शिक्षक समाज को एक महान शिक्षक और प्रेरक नेतृत्व की कमी महसूस होगी।

## अधिकारीगण जनसमस्याओं का त्वरित रूप से करें निराकरण: वेद गुप्ता



**अयोध्या।** अधीक्षण अभियंता कार्यालय में जिले के जनप्रतिनधियों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डा. अमित सिंह चौहान, जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, गोसाईगंज व मिल्कीपुर विधायक के प्रतिनिधि, शामिल हुए। बैठक में योगी सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल में विभागीय प्रगति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। जनसुविधाओं के विकास को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर व ढीले तारों, खराब पोल को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाय। जहां ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करनी हो उसका सर्वे करा कर यथा शीघ्र इसकी क्षमता वृद्धि करें। हेल्प डेस्क का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा हेल्प डेस्क व अधिकारियों के समक्ष आने वाली जनसमस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण किया जाए। विधायक रामचन्दर यादव ने रूदौली क्षेत्र में कामाख्या धाम में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। विधायक डा. अमित सिंह चौहान ने स्मार्ट मीटर के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए के लिए कहा। अधीक्षण अभियन्ता राम कुमार गुप्ता ने बताया कि रामनवमी व नवरात्रि को देखते हुए अयोध्या में तैयारियां की गई है। जर्जर व ढीले तारों को ठीक करवा दिया गया है। 24 घंटे निर्बाध तथा सुरक्षित ढ़ग से विद्युत की सप्लाई की जाएगी।

## एसडीएम सदर विकास धर दूबे की बड़ी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** उपजिलाधिकारी सदर विकास दुबे ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किए गए नामांतरण को निरस्त कर दिया है। यह मामला अयोध्या के ग्राम कुढ़ाकेशवपुर उपरहार, परगना हवेली अवध, तहसील सदर का है, जहां लगभग 3 बीघा सरकारी जमीन को कुछ लोगों ने कूटरचित तरीके से अपने नाम करा लिया था। मामले की सुनवाई के बाद उपजिलाधिकारी सदर ने आदेश जारी करते हुए इन जमीनों को पुनः तालाब के खाते में दर्ज करने का निर्देश दिया है।

1426 से 1431 फसली खतौनी के अनुसार, विभिन्न खातों पर दर्ज निम्नलिखित गाटा संख्याओं पर अवैध कब्जा पाया गया था। जिसमे गाटा संख्या 713/0.034 हे0 (गांवसभा खाते से),गाटा संख्या 713ग/0.408 हे0 व 713 ख/0.038 हे0 (बंजर खाते से),गाटा संख्या 683/0.3160 हे0,गाटा संख्या 684/0.120



हे0,गाटा संख्या 685/0.253 हे0 शामिल है। इन जमीनों को कुछ व्यक्तियों ने अपने नाम करवा लिया था, जिनमें सुशीला देवी, अवधेश प्रताप सिंह, शिवनरायन, बन्दना, संयोगिता, अजय सिंह, कृष्ण लाल गुप्ता, राज कुमार, गायत्री देवी, जगदम्बा सिंह, राहुल सिंह, जानकी प्रसाद, शिवबहादुर, राजेश कुमार, राकेश कुमार, सौरभ, और निर्मला देवी शामिल हैं। सरकारी जमीन को फिर से तालाब में दर्ज करने का आदेश उपजिलाधिकारी विकास धर दूबे ने इन सभी नामों को निरस्त करते हुए, जमीन को श्रेणी 6(1) जलमग्न भूमि के अंतर्गत तालाब के खाते में दर्ज करने का आदेश दिया।

## जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल, मुल्क की सलामती के लिए दुआएं

**अयोध्या।** मया बाज़ार स्थित जामा मस्जिद में आज तरावीह की नमाज के दौरान हाफिज मोहम्मद समीर की इमामत में मुकद्दस कुराने पाक का मुकम्मल हुआ। रमज़ान महीने की विशेष नमाज तरावीह में कुरान की तिलावत का यह सिलसिला जारी है। इस अवसर पर मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे और अल्लाह के आगे मुल्क की सलामती के लिए दुआएं की गईं। मया ब्लॉक के अंतर्गत स्थित अधिकांश मस्जिदों में भी इस समय तरावीह की नमाज चल रही है, जिसमें कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल हो चुकी है। हाफिज मोहम्मद हस्सान ने इस मौके पर सदकए फितर और ऐतकाफ की फज़ीलत के बारे में बयान करते हुए कहा कि गरीबों की मदद करने का सबसे अच्छा तरीका सदकए फितर है, जिससे हम उन्हें ईद की खुशियों में शामिल कर सकते हैं।

## दहेज माँग पूरी होने पर दहेजलोभी ने महिला को घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेज के लोभियों ने एक महिला को मारपीट कर जेवर कपड़े छीन घर से भागा दिया। पीड़िता ने जैदपुर थाने में की शिकायत पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित कोमल पत्नी संदीप कुमार ने मीनापुर ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उसका विवाह दिनांक 02.12.2020 को संदीप वर्मा कालोनी वैशाली गाजियाबाद दिल्ली के साथ हुआ था मां बाप द्वारा दिये गये भेट उपहार में प ससुर जगत नारायण वर्मा एव सास शांति देवी तथा प्रभात कमी संतुष्ट नहीं थे और दहेज में कार व प्लाट की मांग कर रहे थे। जिसे मां-बाप नहीं दे सके तो जान से मारने की धमकी देते रहे भूखा प्यासा रखते व तरह तरह से परेशान करते थे। पीड़ित अपने मायके वालो के समझाने व भविष्य में सब ठीक हो जाने की उम्मीद से उपरोक्त लोगों की प्रताड़ना बर्दाश्त करती रही लेकिन उक्त लोगों की प्रताड़ना कम नहीं हुई। पीड़ित का पति जुआ खेलने लगा उसने धोखे से प्रार्थिनी के नाम से भी लगभग 13 लाख रुपये का कर्ज से लिया और शराब पीकर घर आकर प्रार्थिनी को मारने पीटने लगा। उपरोक्त सभी लोगो ने प्रार्थनी को मारपीट कर उसकी समस्त जेवरात व कपड़े छीन कर मात्र पहने? कपड़ों में घर से निकाल दिया और प्रार्थिनी का पति दिनाक 4/10/2024 को प्रार्थिनी को मायके छोड़कर चला गया । इसी बीच प्रार्थिनी पति ससुर व जेठ ने साजिश से पासपोर्ट मगा लिया है। प्रार्थिनी के पति को बाहर भेज देने की फिराक में है। प्रार्थनी? की पासबुक व एटीएम कार्ड भी अपने पास रख ली है। उक्त मामले में जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ?

## किसान प्राकृतिक विधि से करें मसाले की खेती: कुलपति

**कुमारगंज -अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशुपालन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का समापन हुआ। ÷आजीविका सुरक्षा एवं सतत विकास के लिए सुगंधित एवं बीजीय मसालों की खेती÷ विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। अयोध्या, सुल्तानपुर एवं बाराबंकी जिले से 157 किसानों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान 90 दिनों में तैयार होने वाले मेंथा की खेती कर कम समय में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। खेती करने के लिए किसानों में आत्मविश्वास बहुत जरूरी है। किसान मसाले एवं सगंध की खेती को प्राकृतिक तरीके से करें। प्राकृतिक खेती करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है और उत्पन्न पैदावार उच्च गुणवत्ता की होती है। मसाले की खेती करने में भारत विश्वभर में पहले स्थान पर है। कुलपति ने कहा कि लेमनग्रास के पौधों को खेत की मेड़ के चारों तरफ लगाएं। इससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी। मसाले की खेती के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाईं जा रही जिसका लाभ किसानों को उठाना चाहिए।केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान लखनऊ की वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रियंका सूर्यवंशी ने कहा कि किसान सगंध एवं मसालों की जैविक विधि से खेती करें तो अधिक लाभ कमा सकते हैं। मेंथा की खेती हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके तेल का प्रयोग दवा तथा सुगंध बनाने में भी किया जाता है। इस खेती में बस नमी का ध्यान रखना होता है और कई बार पानी लगाने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि इसकी बुआई के लिए उपयुक्त समय 15 जनवरी से 15 फरवरी तक होता है। नर्सरी से पौधों की रोपाई मार्च से अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक अवश्य कर देनी चाहिए नहीं तो किसानों को कम उपज प्राप्त होगी। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो अपने आपको श्रीकृष्ण का वंशज बताते हैं, उन्हें गौशालाओं से दुर्गंध आती है। इसके साथ ही उन्होंने महाराणा सांगा के अपमान पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि महाराणा सांगा हमारे पूर्वज हैं, उन पर टिप्पणी करना सूरज पर थूकने के बराबर है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में जनता इसका उचित जवाब देगी। शनिवार को अयोध्या में सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा (एनुअल जनरल मीटिंग) का आयोजन किया गया। इस बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिपं प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह खुन्नू पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सरकारी बैंक का 7 करोड़ 87 लाख का बजट पास बैठक में सरकारी बैंक का 7 करोड़ 87 लाख रुपये का बजट पारित किया गया, जिसमें 1 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया गया है। बैठक के दौरान सहकारी बैंक की उपलब्धियों पर चर्चा की गई और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का संचालन सामान्य प्रबन्धक सुधीर कुमार सिंह ने किया।

## दबंगो ने बे वजह डॉक्टर व भाई को पीटा, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** डॉक्टर को अपने दोस्त से हालचाल पूछना महँगा पड़ा। दबंगो ने डाक्टर व उसके भाई के साथ कि मारपीट और गंदी गंदी गालियां देते हुवे जान से मारने की धमकी देते हुवे वहाँ से चले गये। पीडित डाक्टर ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुये कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। बताते चलें कि डा0 मो सलीम पुत्र हाजी मो इब्राहिम मौहल्ला मेहदी कटरा थाना व कस्बा जैदपुर ने बताया कि बीती रात्रि को दुआ सलाम व खैरियत पूछने पर मोहल्ले के ही दबंग मो0 अतीक पुत्र मास्टर नसीर व जुबेदा बानो पत्नी मो0 अतीक व नाजरीन पुत्री अतीक प्रार्थी को गन्दी गन्दी गालियां देते हुए लात-घूसों से मारने लगा पार्थी का भाई लाईक बचाने लगा तो विपक्षीजन लाईक को भी मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

## संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर जैदपुर ईओ ने सभासदों के साथ कि बैठक



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अनुरूप संचारी रोगों की रोकथाम पर चर्चा की। ज्ञात हो कि अधिकारी ने डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया, दिमागी बुखार, क्षय रोग और कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने पर जोर दिया। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासदों से अपने-अपने वार्डों में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। सभासदों को निर्देश दिया गया कि वे लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और जलभराव से बचने के लिए प्रेरित करें।नगर पंचायत ने सभी वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग का कार्यक्रम शुरू कर दिया है। साथ ही इन बीमारियों के लक्षणऔर उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पंचायत संभावित रोगियों की पहचान कर उनकी जांच और इलाज की व्यवस्था करेगी।बैठक के दौरान नगर पंचायत जैदपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम, सभासद ताहिर अंसारी, अबसार, कासिम, शाहे आलम कुरैशी, राम सिंह और भारी संख्या में सफाईकर्मी लोग मौजूद रहे।

## चयन समिति ने अभ्यर्थियों का लिया साक्षात्कार



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा आयुष तथा चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों के सापेक्ष जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें पांच रिक्त पदो के सापेक्ष कुल 4 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे जिनमें से 2 का चयन समिति द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 05 रिक्त पदों के सापेक्ष कुल 04 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए, जिनमें 02 का चयन समिति द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एनसीडी कार्यक्रम हेतु कुल 12 रिक्त पदों के सापेक्ष 16 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत हुए। इनमें समिति द्वारा 08 लोगों का चयन किया गया। समिति में मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस, एसीएमओ, जिला होमियोपैथिक अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, डीपीएम, डीएएम आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों की रोकथाम के किए जाए प्रभावी उपाये: सीडीओ अन्ना सुदन

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में विशेष संचारी अभियान 2025 अन्तर्विभागी समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से बिंदुवार विस्तृत जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संचारी रोगों से बचाव के प्रभारी उपाय किये जायें। संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। लोग घरों की साफ सफ़ाई रखे। घरों में कूलर व किसी बर्तन में पानी आदि एकत्रित न होने पाए। इससे लार्वा पनपने का खतरा बना रहता है। लार्वा पनपने की स्थित नजर आए तो एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए। लोगों को मच्छर से बचने के लिये मच्छरदानी प्रयोग करने की सलाह दी जाए। ग्राम पंचायत अधिकारी गांवों में नालियों की साफ सफ़ाई, और कूड़े का निदान सुनिश्चित कराए। गर्मी/हीटवेव से बचने के लिये लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जाए। जलजनित बीमारियों से बचने के लिये लोग स्वच्छ पानी का उपयोग करें। पशुओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए, बीमार होने पर उनका तुरंत इलाज किया जाए। सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए जिससे नियमित ओपीडी और आईपीडी चल सके। ओआरएस सहित सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता अस्पताओं में सुनिश्चित कराई जाए।



### टीकारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एएनएम/आशा टीकारण पर विशेष ध्यान दे। गर्भवती महिलाओं सहित कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहने पाए।

### फाइलेरिया अभियान की भी हुई समीक्षा

फाइलेरिया अभियान की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया अभियान की गति बाराबंकी में बहुत अच्छी रही। लक्ष्य से भी अधिक लोगों ने दवा की खुराक ली है। टीम के सदस्यों के समझाने पर फाइलेरिया दवा लेने से इनकार करने वाले लोगों ने भी इस बार बड़ी संख्या में फाइलेरिया की डोज ली। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव, व डॉ. राजीव सिंह, सभी सीएचसी अधीक्षक सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिक्षा प्राप्त करने के साथ दूसरों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करें: अनिता



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ज्योरी मसौली बाराबंकी में चल रहे 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतिम दिन स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं द्वारा साक्षरता रैली निकालकर हौजपुर तालाब पर लगाये गये पेड़ो की सिंचाई की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत जेनेस्मा हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिता सिंह ने कहा कि शिक्षा बिना मानव जीवन अधूरा है। हमें स्वयं शिक्षा प्राप्त करने के साथ ही दूसरों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए। महाविद्यालय के समन्वयक दिनेश सिंह के नेतृत्व में शिविरार्थियों ने हौजपुर गांव के तालाब पर जाकर साफ-सफाई का कार्य किया तथा तालाब के किनारे लगे वृक्षों की सिंचाई की गयी साथ ही शिक्षा जागरूकता रैली निकाली और शिक्षाप्रद स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर हाथों में लेकर ग्रामीणों को साक्षरता का संदेश दिया। छात्रों ने निरक्षरों को अक्षर ज्ञान भी कराया। प्राचार्य डॉ राम सुरेश वर्मा ने मोमेंटो व अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि तरक्कियों को नई कतार दें, उन्होंने निरक्षरता को हटाने व साक्षरता को बढ़ाने के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सुरेश वर्मा ने कहा कि सब पढ़े सब बढ़े योजना देश को शिक्षित करने के लिए बनाई गई है। यह योजना देश की उन्नति व विकास में सहायक साबित हो रहा रही है। कार्यक्रम अधिकारी वंदना ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है। कार्यक्रम का संचालन उप कार्यक्रम अधिकारी गुलाम नबी ने किया कार्यक्रम में डॉ अर्चना सिंह विष्णु मिश्रा, जितेंद्र यादव, अमरदीप, जीशान, आराधना वर्मा, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

## नहर की जमीन पर अतिक्रमण को विभाग ने हटवाया



**मिठौरा (महराजगंज)।** सिंदुरिया चौराहे के पूरब नहर की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया था जिसे सिंचाई विभाग द्वारा साल भर पूर्व हटवाया गया था। लेकिन पुनः कुछ लोगों ने नहर की जमीन पर अस्थाई टीन इत्यादि से रखकर अतिक्रमण किया था, जिसमें सिंचाई विभाग ने नोटिस जारी कर हटाने के लिए कहां था। अतिक्रमण न हटने पर शनिवार को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सिंचाई खण्ड प्रथम प्रदीप मिश्र की उपस्थिति में व जिलेदार अनवर ने अपने कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया और निर्देशक दिया कि अगर तारबंदी के अंदर कोई भी व्यक्ति कोई स्थाई या अस्थाई टीन वगैरह डालता है तो उसके विरुद्ध कैनाल एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया जायेगा। इस मौके पर सिंचपाल रामलखन, सुरेन्द्र,मयंक पाण्डेय,शम्भू आदि मौजूद रहे।

# शोध ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: प्रोफेसर सीताराम

अवधनामा संवाददाता




**बाराबंकी।** जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कालेज में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र विषय के प्री पीएचडी कोर्स वर्ष 2023-24 को अभिविन्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के समाजशास्त्र विषय के संयोजक प्रो0 (डॉ0) सीताराम सिंह ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रोफेसर सीताराम सिंह ने शोधार्थियों को शोध करने के लिए सामाजिक जीवन की कठिनाइयों एवं आवश्यक व्यवहारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं शोध का शोधार्थी अपने जीवन में आने वाली समस्याओं एवं आवश्यकताओं को पूर्ति के साधन के रूप में प्रयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रो0 अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कोर्स वर्क में आने वाली कठिनाईयों एवं चुनौतियों के बारे में आगाह किया। इसके साथ ही प्रो हेमन्त कुमार सिंह ने शोध के व्यावहारिक पक्षों पर बल दिया। राजनीतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के संयोजक प्रो0 अनुपमा श्रीवास्तव ने कोर्स वर्क में अनुशासन पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के संयोजक प्रो0 बीके गुप्ता ने प्री0पीएच-डी0 कोर्स वर्क 2023-24 के पाठ्यक्रम समया अवधि एवं परीक्षा इत्यादि से सम्बन्धित कार्यो को विस्तार से बताया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में बच्चों ने मोह लिया मन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड नौगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुर में शनिवार को शारदा संगोष्ठी और वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र पाल, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अरूण कुमार प्रजापति, जिला ओलपिंक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के समझ समक्ष दीप प्रजनन कर किया। उसके बाद सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत की।



नौगढ़ ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती बच्चियां

- प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुर में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव
- बच्चों को परिषदीय स्कूलों में पहुंचाने के लिए अभिभावकों से विमर्श

प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुर में आयोजित संगोष्ठी में विद्यालय की ओर से आमंत्रित अभिभावकों एवं भूतपूर्व छात्रों से बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने के विषय में चर्चा हुई एवं स्कूल से छूटे हुए बच्चों को स्कूल में नामांकन कराने पर विचार-विमर्श हुआ। प्रधानाध्यापक साक्षी श्रीवास्तव के निर्देशन एवं शिक्षा मित्र अभिषेक श्रीवास्तव के देखरेख में बच्चों ने मेरे मामा की, जय हो, काला चश्मा, देशवा के माटी, मेरी चुनर उड़ उड़ जाए रे, मरून कलर सड़िया, राधाकृष्ण नृत्य, अहा टमाटर बड़े मजादार जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभानुसार पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया है। इस मौके पर कक्षा एक में अनुष्का चौहान, अक्षय, कक्षा दो में अंकुर यादव, आदित्य यादव, कक्षा तृतीय में सुधा यादव, सादिका, कक्षा चार में सालिनी, प्रीति चौहान, कक्षा पांच में शिखा यादव, राहुल यादव को क्रमशः कक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान पाने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा प्रधानाध्यापक साक्षी श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन करके किया। अंत में पशुधन प्रसार अधिकारी अरूण कुमार प्रजापति ने कहा कि सरकारी स्कूलों में इस प्रकार के कार्यक्रम होने से निश्चय ही ग्रामीण परिवेश में पढ़ रहे और पल रहे बच्चों की प्रतिभाओं में पहले से अधिक निखार आएगा। इस मौके पर आसपास के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक दीपक श्रीवास्तव, रविशंकर, करूणेश चंद्र पांडेय, राजेश श्रीवास्तव, उदयभान, इरशाद अहमद आदि उपस्थित थे।

# सपाइयों का ज्ञापन : अनुसूचित प्रकोष्ठ ने कहा प्रदेश सरकार कानून स्थापित में विफल

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थ नगर।** समाजवादी पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वहिनी तथा समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय सिद्धार्थ नगर पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन देकर उत्तर प्रदेश मैं व्यापक जंगल राज गिरती हुई कानून व्यवस्था महिलाओं पिछड़ों अल्पसंख्यकों एवं दलितो के ऊपर दिनदहाड़े अत्याचार के घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है।



प्रदेश सरकार कानून का राज स्थापित करने में पूरी तरह से विफल है पूरे प्रदेश में अराजकता एवं भय का माहौल है इसी सप्ताह 26 मार्च को आगरा में समाजवादी पार्टी के दलित सांसद श्री राम जी लाल सुमन जी के घर पर सैकड़ो की संख्या में करणी सेना के आतताइयों द्वारा दिनदहाड़े तोड़फोड़ लूटपाट एव जान से मारने की नीयत से हमला किया गया प्रशासन दिन दहाड़े हुई इस घटना को रोकने में पूरी तरह से नाकाम रहा और मूक दर्शक बना रहा हमारी मांग है कि उक्त दिनदहाड़े हुई घटना में लिप्त मनबढ अपराधियों और गुंडो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेलो मैं निरुद्ध किया जाए तथा माननीय सांसद जी और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए और उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में विफल भाजपा सरकार को बर्खास्त किया जाये। ज्ञापन कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव पूर्व विधायक विजय पासवान प्रदेश सचिव बेचई यादव बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बहरइची प्रसाद प्रेमी अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान पहलवान अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान आर्य प्रदेश सचिव राममिलन भारती प्रदेश सचिव अनुसूचित प्रकोष्ठ डॉ राहुल आर्य प्रदेश सचिव राम बहोर कनौजिया बाबा वाहिनी प्रदेश सचिव राजेंद्र प्रसाद जिला प्रभारी चंद्रभूषण आर्य सपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य रिंदु पासवान पारसनाथ विश्वकर्मा बृजभान यादव सुनील यादव पहलवान चंद्रहास यादव सोनू यादव रामसेवक लोधी अंगद यादव जुनेद आलम आदि सहित सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लापरवाही बताने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही : अध्यक्ष

## ईद व नवरात्रि के दिन रहेगी बेहतर साफ-सफाई नगर पालिका अध्यक्ष ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**बांसी अवधनामा संवाददाता।** ईद व नवरात्रि के दौरान नगर में बेहतर साफ-सफाई के साथ अन्य सुविधाओं को बहाल करने को लेकर बांसी नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी की अध्यक्षता में नगर पालिका कर्मियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सभी कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर के सभी मस्जिद, ईदगाह व नवरात्रि की समुचित सफाई होनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष ने सफाई नायकों को हिदायत दी कि सफाई के साथ चूना व दवा आदि का भी छिड़काव किया जाए। पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सभी कर्मियों से नगरवासियों से विनम्रता से पेश आने का भी पाठ पढ़ाया। रामचरण यादव, राजकुमार पांडे, राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरि, राघवेन्द्र द्विवेदी,राजू बाल्मीकि सभासद अशफाक अहमद, इशरत जमील आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत घरुआर में पुराने सीसी सड़क को दिखाकर पेमेंट कराये जाने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी के ग्राम पंचायत घरुआर में मदन के घर से रामसूरत के घर तक सीसी सड़क के नाम पर धनराशि निकाले जाने का आरोप लगाते हुए डढ़ऊल निवासी रमेश कुमार ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आनलाइन शिकायत कर जांच की मांग की है।

उक्त सड़क के संबंध में गांव निवासी संजय, जगदीश, सुनील, बलराम, अवधराम आदि लोगों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण करीब दस वर्ष पहले जनेश्वर मिश्र ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2013-14 में किया गया था। जिसके बाद इस जगह पर कोई नया निर्माण कार्य नहीं किया गया है। फिलहाल यह जांच का विषय है। रमेश कुमार का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी कुछ शिकायत किया था।




जिसमें ब्लाक स्तर पर जिम्मेदार जांच अधिकारी द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लिया जाता हैं। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। गांव की जनता को सार्वजनिक जगहों पर बैठने वाला बेंच ग्राम सभा डढ़ऊल व मधवानगर गांव में अभी तक नही रखवाया गया है। गांव में कई स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा हुआ है। गांव में जगह जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है।

आरती के घर से प्रियंका के घर तक व फूलमती के घर से मेन रोड तक सीसी सड़क निर्माण कार्य खोजने पर नहीं मिल रहा है। वहीं ग्राम प्रधान पति राधेश्याम शर्मा का कहना है कि सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, फिर भी कुछ लोगों द्वारा शिकायत किया जा रहा है।

फिलहाल सही ढंग से जांच होने के बाद ही सच्चाई सामने आ पायेगी। उक्त संबंध में खंड विकास अधिकारी बढ़नी यशोवर्धन सिंह के सीयूजी नंबर 9454464746 पर संपर्क करने पर काल रिसीव ना होने के कारण कोई जानकारी नही मिल पाई है। अब देखने वाली बात है कि जांच अधिकारी द्वारा क्या रिपोर्ट लगाया जाता है।

## तीन को संविधान सम्मान यात्रा लेकर आएंगे स्वामी

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री, अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य तीन अप्रैल को जिले में आएंगे, जहां वह पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में निकाए गए संविधान सम्मान एवं जनहित हुंकार यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी अपनी जनता पार्टी के जिला प्रभारी सुरेंद्र कुमार मौर्या ने दी। बताया कि जिला मुख्यालय के कृष्णानगर वार्ड में डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत अन्य राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रात्रि विश्राम भी करेंगे, जहां पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से भेंट कर पार्टी की मजबूती के लिए विचार-विमर्श भी करेंगे।

## पंचायत भवन का डीएम ने किया निरीक्षण



**शोहरतगढ़।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत परसिया के पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पंचायत भवन में ग्राम पंचायत परसिया में कराये गये कार्यो के मास्टर रजिस्टर को देखा गया। पंचायत भवन में पत्रावलियो का रख-रखाव ठीक न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके अलावा ग्राम पंचायत परसिया में शिवपूजन के घर से टेकई/पवन के घर तक नाली निर्माण के पत्रावली को देखा गया। पत्रावली में स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया गया। मेन रोड से छिन्ना के घर तक इंटरलाकिंग सड़क की पत्रावली को देखा गया। दोनो पत्रावली अपूर्ण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये ग्राम पंचायत सचिव व खण्ड विकास अधिकारी को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। कंसल्टिंग इन्जीनियर के अनुपस्थित होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ यशोवर्धन सिंह, ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## हिन्दी नववर्ष के स्वागत समारोह की तैयारियां तेज़

अवधनामा संवाददाता

**टांडा (अंबेडकरनगर)।** नव स्वागत समारोह समिति टांडा के तत्वावधान में आज भारतीय नव वर्ष 2082 के स्वागत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि नवरात्र के प्रथम दिवस पर सायं काल 5:30 बजे से पतित पावनी, पुण्य सलिला मां सरयू जी के तट पर श्री हनुमानगढ़ी के निकट पवित्र जलधारा में स्थित मंच पर ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश मिश्रा के पौरोहित्य में वैदिक परंपरानुसार विधि विधान से पूजन, अर्चन, महा आरती और दुग्धाभिषेक का कार्यक्रम संपन्न होगा ।समिति के महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने बताया कि इस आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए अखिल कपूर, गोविन्द सिंह, राजेश कुमार साहू, सुनील सोनी की टोलियों द्वारा घर-घर संपर्क किया जा रहा है और नागरिकों से इस महा आरती कार्यक्रम में अपने घर से आरती की थाली जिसमें 11 दीप और 11 रुपए लेकर सम्मिलित होने का निवेदन भी किया जा रहा है।

# छोटी सी उम्र मे मिस्बाह ने अपने जीवन का पहला रोज़ा रखा

अवधनामा संवाददाता

**टांडा/अम्बेडकरनगर।** टांडा के मीरानपुरा स्थित एम. मोरल पब्लिक स्कूल की छात्रा सरफराज अहमद अंसारी की 9 वर्षीय बेटी मिस्बाह फातिमा ने शुक्रवार को अपने जीवन का पहला रोज़ा रखकर एक अद्भुत मिसाल कायम की है। इस नन्हीं बच्ची ने न केवल अपनी धार्मिक भावना को साबित किया बल्कि अपने परिवार और स्थानीय लोगों का दिल भी जीत लिया।

मिस्बाह फातिमा ने सुबह सवेरे के समय से लेकर सूर्यास्त तक दृढ़ निश्चय और साहस के साथ रोज़ा रखा और अल्लाह की रज़ा के लिए इसे पूरा किया। उनकी मां के अनुसार मिस्बाह ने रोज़ा से पहले अपने नन्हें नन्हें हाथों से तैयारी की और अपने रब से दुआ की कि वह उन्हें यह खूबसूरत इबादत नसीब करे। वहीं पिता सरफराज अहमद ने बताया कि मिस्बाह ने कई दिन पहले से ही रोज़े की तैयारी शुरू कर दी थी और उसने खुद से कहा था कि वह रमज़ान का पहला रोज़ा जरूर रखेगी। इफ़्तार के वक्त जब छोटी बच्ची मिस्बाह ने हाथों से खजूर उठाकर रोजा खोला तो उसका चेहरा



खुशी और संतुष्टि से चमक उठा इस मौके पर उनके पूरे परिवार ने उनका हौसला बढ़ाया और पास-पड़ोस के लोगों ने भी उनकी तारीफ में जमीन-आसमान एक कर दिया। मिस्बाह का कहना है कि पहला रोज़ा रखना उनके लिए एक यादगार पल है और वह आगे भी रमज़ान के सभी रोज़े रखने की कोशिश करेंगी। उनकी यह छोटी सी उपलब्धि बड़े दृढ़ संकल्प को दर्शाती है और अन्य बच्चों के लिए एक ज्वलंत उदाहरण है। मिस्बाह की कहानी सुनकर हर कोई उनकी हिम्मत और समर्पण की तारीफ़ कर रहा है।

## अपर आयुक्त सीमा शुल्क ने बढ़नी कस्टम कार्यालय का किया निरीक्षण



**बढ़नी सिद्धार्थ नगर ।** बढ़नी कस्टम कार्यालय का निरीक्षण शनिवार को देर शाम मयंक शर्मा अपर आयुक्त सीमा शुल्क लखनऊ ने किया। जिसमें कार्यालय के रखरखाव सहित अन्य कागजातों का जांच किया। कस्टम कार्यालय बढ़नी का निरीक्षण करते हुए आवागमन रजिस्टर, सीमा शुल्क बैरियर का निरीक्षण करते हुए यहां पर मौजूद अधिकारी तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा की नई तकनीकी का प्रयोग किया जाय जिससे व्यापारियों के कार्यों मैं सुगमता हूं। तथा कस्टम बैरियर सीमा शुल्क पर मौजूद कर्मचारियों से भी आवागमन रजिस्टर मांग कर देखा तथा उनके समस्याओं के बारे में पूछा। इस दौरान सहायक आयुक्त कस्टम गोरखपुर मंडल पीके सिंह, कस्टम अधीक्षक आईजी राम, मनोज कुमार सिंह, दयाशंकर दुबे संजीव कुमार श्रीवास्तव, तथा निरीक्षकगण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## करंट की चपेट मे आने से युवक की दर्दनाक मौत

**अम्बेडकरनगर।** करंट लगने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई,स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस टीम को दिया, सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,वही मौत की खबर से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है,बताते चलें कि मामला अम्बेडकर नगर जिले के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र तिहायतपुर गांव का है,जहां शनिवार को गांव निवासी 70 वर्षीय राजाराम पुत्र ओरी की ट्रांसफार्मर के पास करंट लगने से मौके पर मौत हो गई,सूचना के उपरांत पहुंची पुलिस टीम ने आवश्यक कार्रवाई शुरू किया।

## कम्पोजिट विद्यालय परसिया का डीएम ने किया निरीक्षण



**शोहरतगढ़।** जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय परसिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर डा. राजा गणपति आर0 द्वारा निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, मिडडे मील रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने मिड-डे मील को खाकर गुणवत्ता चेक किया गया। खाना की गुणवत्ता ठीक पाया गया। शिक्षक वर्तिका यादव अनुपस्थित पायी गयी एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इसके साथ निपुण तालिका में अंकित छात्रा शीतल से सवाल पूछां गया जो उत्तर नहीं दे पायी, जिसपर जिलाधिकारी ने विमला पाल को स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम डा0 राजा गणपति आर,जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार,बीईओ संतोष कुमार शुक्ला, बीडीओ यशोवर्धन सिंह, प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष डा0 पवन मिश्रा, सदानंद उपाध्याय, प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहें।

# स्वयं अपनी देख-रेख में फीडिंग का कार्य सम्पन्न करायें: डीएम



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** आईजीआरएस संदर्भो की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उन्होने विभागवार संबंधित अधिकारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शिकायत अपने विभाग से संबंधित ना होने पर पोर्टल पर उपलब्ध लाल बटन दबाकर शिकायत को वापस किया जाय, जिससे जिले की रैंक प्रभावित ना हो। उन्होने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वयं अपनी देख-रेख में फीडिंग का कार्य सम्पन्न करायें। जिन विभागों की प्रगति ए श्रेणी से निम्न है, उनके द्वारा प्रगति में सुधार के लिए प्रयास किया जाय। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन विभागों की श्रेणी ए है, ऐसे विभाग ए प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और ए प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें। आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डिफाल्टर व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाय। शिकायतों का निस्तारण इस तरह से किया जाय कि असंतुष्ट श्रेणी के संदर्भो की संख्या न्यून से न्यूनतम रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाले संदर्भ को समयबद्धता के साथ निस्तारित करें, जिससे कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में ना रहें। संदर्भो का निस्तारण करते समय संबंधित शासनादेश का अनुपालन भी किया जाये।

## बस्ती में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी सेंटरों का जाल

**बस्ती।** जनपद बस्ती में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी सेंटरों का जाल फैला हुआ है। राजेश कुमार पाण्डेय नामक एक स्थानीय निवासी ने आयुक्त महोदय बस्ती को पत्र लिखकर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। राजेश कुमार पाण्डेय के अनुसार, बस्ती में कई ऐसे सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जो मरीजों से मोटी रकम वसूल रहे हैं और उन्हें गलत रिपोर्ट देकर उनके स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने पत्र में फातिमा क्लीनिक, जीवन दायनी क्लीनिक, मंसूरी फातिमा क्लीनिक, पलक क्लीनिक, एस.आर.एस. पैथोलॉजी, कृष्णा पैथोलॉजी, हेल्थ सिटी पैथोलॉजी, एम.पी. पैथोलॉजी, एच.आर. पैथोलॉजी और पी.एम.राव. क्लीनिक जैसे कई सेंटरों के नाम भी बताए हैं। राजेश कुमार पाण्डेय ने आयुक्त महोदय से इन अवैध सेंटरों की जांच कराने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि ये सेंटर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और उनके स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं।

# सपा आंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सपा बाबा साहब आंबेडकर वाहनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने बतायाकि राजधानी लखनऊ सहित प्रदेशभर में सपा बाबा साहब आंबेडकर वाहनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्टपति जी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से राष्टपति जी से कहा गया है कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर करणी सेना के कार्यकर्ताओ ने 26 मार्च 2025 को पुलिस बल की उपस्तिथि में आगरा स्तिथ मा. रामजी लाल सुमन के माकन पर चढ़कर तोड़फोड़ की गयी वह पर खड़ी गाड़ियों के सीसे सहित गाड़िया तोड़ी गयी और परिवार के लोगो को जान से मरने का प्रयास किया गया जबकि मा रामजी लाल सुमन दवार किसी महा पुरुष का अपमान करना का उनका कोई ऐसा



मकसद नहीं था लेकिन फिर भी कुछ लोग असंवैधानिक गैरकानूनी ढंग से हिंसा पर उतर आये।

सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने बताया कि बाबा सहाब भीमराव आंबेडकर जी के द्वारा बनाये गए संविधान में देश के हर नागरिक को अपनी बात कहने का अधिकार है भारत का संविधान किसी को भी कानून को हाथ लेने का अधिकार नहीं देता है। सुदर्शन ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देश में दलितों, पिछडो, अल्पसंख्यक और महिलाओ पर बढ़ते अपराध अत्याचार को रोकने के लिए कढोर कदम उठाने की आवश्यकता है। राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन परिवार व उनकी सुरक्षा बड़ाई जाये। दोषियों के विरोध कठोर कार्यवाही की जाये। दोषियों पर कार्यवाही ना होने की दसा में सपा बाबा साहब आंबेडकर वाहनी सपा बाबा साहब आंबेडकर वाहनी दलितों, पिछडो, अल्पसंख्यक और महिलाओ की सुरक्षा हेतु देशव्यापी आंदोलन करेगी

## राजस्वकर्मियों ने ढेकहरी खुर्द में पशुचर की जमीन का किया पैमाईश



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी के ग्राम पंचायत ढेकहरी खुर्द में पशुचर की जमीन पर कुछ ग्रामवासियों द्वारा खेती कर फसल उगाई जा रही थी। जिसकी शिकायत गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा किये जाने पर शनिवार को राजस्व टीम ने मौका मुआयना कर पशु चर के जमीन की पैमाईश करके खड़ी अरहर की फसल तथा खलिहान में गेहूँ की फसल को भी वर्तमान प्रधान को सुपुर्द करते हुए फसल के कटे जाने के समय तहसील प्रशासन को सूचित करने के लिए दिशा निर्देशित किया गया है। उक्त अवसर पर कानूनगो अवधेश सिंह, लेखपाल गणेश दत्त त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, ओम प्रकाश, ग्राम प्रधान अमर सिंह चौधरी, पूर्व प्रधान रघुनाथ चौधरी, हरिनाथ चौधरी, दिनेश, शिवपूजन, अंकित कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

## करामतिया दारुल फैज़ जामा मस्जिद मे इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** उर्दू बाजार स्थित करामतिया दारुल फ़ैज़ जामा मस्जिद में शिया-सुन्नी रोजेदारों ने साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया।अंजुमन असगरिया के तत्वावधान में आयोजित रोज़ा इफ्तार पार्टी में जहां हजारों लोगों ने शिरकत किया,बल्कि मौलाना नजीबुल्लाह की इमामत में नमाज़ भी अदा किया। रोज़ा इफ्तार पार्टी में मौजूद हाफ़िज़ मोहम्मद जकरिया ने शिया-सुन्नी इफ्तार पार्टी को इतिहासिक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द को बल मिलता है। इफ्तार पार्टी में हाजी फ़ैज़ मोहम्मद,कारी आफाक, सिराजुद्दीन ,मोहम्मद अरशद, अख्तर आलम,मोहम्मद खालिद कासिमी, मोहम्मद अशजद,मोहम्मद सऊद,अतीकुर्रहमान, मुजफ्फर हुसैन,अमीर हैदर, इब्ने अली जाफरी आदि मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट की अवमानना

सुप्रीम कोर्ट 2024 में नवम्बर के महीने में कहा था दन्डनात्मक उपायों के रूप में बुल्डोजर कारवाई असंवैधानिक है। आदेश का उलंघन करने वाले अफ्सरों को कारवाई की भी चेतावनी दी थी। पर अफ्सर सरकार की मदद से मनमाने ढंग से बुल्डोजर कारवाई करते आ रहे है। एक दिन नोटिस आती है दूसरे दिन बुल्डोजर पहुंच जाते है। अपील करने की मौका तक नहीं दिया जाता है। प्रयागराज में याचिकर्ताओं का कहना है। नोटिस देने के 24 घन्टे के अन्दर उनके मकान ढहा दिये गये। महाराष्ट्र में एक कबाड़ व्यापारी के घर पर बुलडोजर चलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट स्थानीय नगर परिषद को नोटिस जारी किया है। नागपुर में हाल में घटी हिंसा के आरोपियों का घर नगर निगम ने ध्वस्त करवा दिया है। शीर्ष अदालत के बार बार टिप्पणी के बावजूद महाराष्ट्रको लेकर यूपी तक बुलडोजर के जरिये तथा कथित इन्साफके नाम जारी है। कानून जबकी इसकी इजाजत नही देता है।

पूरे देश में पुलिस और प्रशासन का यही तरीका है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी से प्रेरित हो सभी अधिकारी लोग बुल्डोजर की सजा देने में व्यस्त है। नागपुर बेन्च ने आरोपियों के खिलाफरोक ही है। लेकिन जब तक आदेश पहुचता उससे पहले ही कारवाई पूरी हो गया।

प्रशासन का कहना है निर्माण अवैध था सवाल उठता है बिना सुनवाई के विनाशक कार्यवाई करना वैध है। जो निर्माण मुद्द से खडा है उस किसी के नजर नहीं जाती। आनन फानन में जर जाती है और आनन फानन में ध्वस्त कर दिया जाता है। ऐसी ही कारवाई सभी अवैध निर्माणों के लिये क्यों नहीं की जाती है। यह सब देखकर सवाल उठता है ऐसे अवैध निर्माण हो कैसे जाते है। असल में योगी सरकार से प्रेरित हो अपने प्रशासन के दबदबा कायम करने के लिये सख्त प्रशासक बनने के लिये अपने प्रदेश में अमन चैन बनाये रखने के लिये बुल्डोजर चलवा कर डराते रहते है। इस तरह सरकारें खुद ही प्रोमोट करती रहती है। मौजूदा हालात में इसे रोक पाना निहायत मुशकिल दिख रहा है। क्योकि सामाजिक वातारण बड़ा असन्तुलित चल रहा है। हत्या, बलात्कार, अन्य सेक्सुअल अपराध धोखा धड़ी पैसे वसूली का कार्य बड़े पैमानने पर चल रहा है। अतंकवादी संगठन इसमें लिप्त है। अर्टिफीसियल इन्टेलिजेस इसमें काफी सहयोग दे रहा है। छोटे छोटे बच्चे भी इसे लेकर खतरनाक खेल रहे है। सामाजिक संगठनों की जिम्मेदारी बढ़ गई है वे नगर के बच्चों और युवाओं को इस लत से मुक्ति दिलाये। रचानात्मक कार्यो की ओर उनके रूझान बढ़ाये। भारत का महान बनाने का सपना इन्हीं में उलझ कर रह जायेगा। सरकार युवकों के लिये अवसर पैसा करे जिससे ले भटकने न पाये। श्रम के महत्व को समझे शार्टकट से बच्चों शार्टकट के नुकसान को समझे। सरकार अपने देश में ही ऐसे अवसर पैदा करें। अखिर परदेश जाकर ये युवा कैसे उपयोगी बन जाते है देश की अर्थव्यवस्था को ऊपर ले जाते है। अमेरिका की सम्पन्नता का श्रेय भारतवासियों को भी जाता है। अपने देश में कच्चा माल बहुतायत में उपलब्ध है। आदिवासी इलाकों में जाइये अपार सम्पदा बिखरी पड़ी है। उनका सदुपयोग हो तो भारत जल्दी श्रेष्ठ भारत बन जायेगा और युवकों को रचनात्मक कार्य के लिये भारी क्षेत्र मिल जायेगा।

इसलिये बुलडोरजर संस्कृति को छोड़ कर निर्माण संस्कृति पर जोर देना चाहिये। पूर्व की सरकारें बिना बुलडोर संस्कृति के भारी सफलता पाई है। शार्टकट छोड़ इमानदारी और मेहनत वाले उपक्रम अपनाये। हमारे प्रशासकों और सरकारों की तारीफविदेशी सरकारें दिल से करते है। जहां हमारे प्रधानमंत्री जी जाते है वह उन्हें उस देश के सर्वेच्च पुरस्कार से नवाजा जाता है। हमारे प्रशांसक और नेता उन्ही नौजवानो में से आते है। दाना खाक में मिलकर ही गुलेगुल्जार होता है।

## झूठ सच नहीं हो जाता है!


के. विक्रम राव

राजनेताओं को भारतीय इतिहास का ज्ञान कभी भी पर्याप्त नहीं रहा। सुनी सुनाई बात को तूल देकर वे ऐतिहासिक असत्य को तर्क के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण है समाजवादी पार्टी के सांसद का कहना कि चित्तौड़ के राणा सांगा ने लोदी बादशाह इब्राहिम लोदी को हराने और हटाने के लिए उजबेकी लुटेरे मोहम्मद जहीरुद्दीन बाबर को भारत बुलाया था। इस सांसद को अपने गुरु डॉ. राममनोहर लोहिया के इतिहास पर लिखे ग्रन्थों को पढ़ लेना चाहिए था। खासकर लोहिया की किताब 'इतिहास चक्र' (Wheel of History)। भारतीय इतिहास गवाह है कि महाराणा संग्राम सिंह ने जर्जर लोधी साम्राज्य के अंतिम बादशाह इब्राहिम लोदी को कई बार हराया था। बेहतर होता लोहिया का यह अनुयायी खानजादा राजा हसन खान मेवाती का जिक्र करता। यह राजा हसन मेवाती ही थे जो राणा सांगा के साथ बाबर से लड़े थे। खानजादा राजा हसन खान मेवाती जहीरूद्दीन बाबर से खंडवा (कंवाहा) के मैदान में लड़े थे। चित्तौड़ के राजा संग्राम सिंह के साथ थे। इसीलिए बाबर को राजपूत और सुन्नी-अफगान संयुक्त सेना से मुकाबला करना पड़ा था। राजा हसन खान का जन्म अलावल खां मेवाती के घर मे हुआ था। उनके वंशज करीब 200 साल मेवात की रियासत पर राज करते रहे। बाबर उस समय हसन खां मेवाती से ही भयभीत था। हसन खां का क्षेत्र (मेवात) दिल्ली के समीप था। इस कारण हमेशा ही वह बाबर की आंखों में चुभता रहा। अतः बाबर ने राजा हसन खां को दोनों का एक ही धर्म होनी की बात कही। उसे लालच दिया, ताकि मेवात की रियासत की गद्दी पर कब्जा किया जा सके। लेकिन राजा हसन खां बाबर के लालच में न आए। उन्होंने कहा था ÷तू विदेशी हमलावर है, इसलिए मैं अपने वतन के भाई राणा सांगा का साथ दूंगा।÷ खंडवा के मैदान में भयंकर युद्ध शुरू हुआ था। राजा हसन खां मेवाती अपने लाव-लश्कर और 1,200 सैनिकों को साथ लेकर राणा सांगा की मदद के लिए युद्ध के मैदान में कूद पड़े। लड़ते हुए हसन खां व उनके बेटे नाहर खान 15 मार्च 1527 को मैदान में शहीद हो गए। बाबर ने राजा हसन खान मेवाती को पत्र लिखा था बाबर भी कलमा-गो है और हसन ख़ान मेवाती भी कलमा-गो है, इस प्रकार एक कलमा-गो दूसरे कलमा-गो का भाई है। इसलिए राजा हसन ख़ान मेवाती को चाहिए की बाबर का साथ दे।

राजा हसन ने बाबर को खत में लिखा बेशक़ हसन ख़ान मेवाती कलमा-गो है और बाबर भी कलमा-गो है, मग़र मेरे लिए मेरा मुल्क (भारत) पहले है और यही मेरा ईमान है इसलिए मैं राणा सांगा के साथ मिलकर बाबर के विरुद्ध युद्ध करूगा। भारतीय मुसलमानों को सदैव याद रखना होगा कि इब्राहिम लोदी भारतीय बादशाह था। भारत में जन्मा, पला और सुल्तान बना। उसे उज्बेकी डाकू जहीरूद्दीन बाबर ने मार डाला था। बाबर ने इब्राहिम पर जेहाद बोला था। क्या विकृति थी?

बाबर को भारत का निर्माता मानने वाले विकृति मानसिकता की जमात पर कुछ हारे थके राजपूत भी थे। वह डरे हुए थे। तैमूर ने अपने विरोधियों के खिलाफ, उनकी धार्मिक मान्यताओं के बावजूद, एक अभ्यास तैयार किया। खोपड़ी का टॉवर बनाने का उद्देश्य सिर्फ एक महान जीत दर्ज करना नहीं था, बल्कि विरोधियों को आतंकित करना भी था। बाबर ने पहले भी दिल्ली पर आक्रमण किया था। अगर राणा सांगा ने उसे बुलाया होता तो उसके पहले के आक्रमण किस उद्देश्य से किए गए थे। 1505 में बाबरनामा में बाबर ये बातें क्यों लिख रहा है कि दिल्ली तैमूर का इलाका है और वो इसे प्राप्त करना चाहता है। उन्होंने कहा कि लोदी के दो रिश्तेदार दौलत खान और अलम लोदी बाबर को बुलाने जाते हैं। सांगा ने न्योता दिया था, इसका उल्लेख सिर्फ बाबर ने किया है. इसके अलावा कोई इतिहासकार इस बात का उल्लेख नहीं करता। शेखावत कहते हैं कि इब्राहिम लोदी इतना बड़ा शासक नहीं था कि उसके लिए बाबर को बुलाया जाए। सांगा पहले भी लोदी को युद्ध में हरा चुके थे। राहुल गांधी के कांग्रेसी सांसद जो बाबर-राणा सांगा के विवाद में मुगलों से हमदर्दी जता रहे थे जान लें कि उनके पूर्वज नेहरू की राय क्या थी? नेहरू ने मुगल साम्राज्य के बारे में अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि औरंगजेब कट्टर था और उसने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया और उनके मंदिरों को नष्ट किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना। जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है।**

# सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन


डॉ. उदय शंकर अवस्थी

भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए ÷व्यापार करने में आसानी÷, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है।

**सहकारिता आंदोलन में दूरदर्शी नेतृत्व :** माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम।

प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना। राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ का गठन किया गया है। सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण। प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)। जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम। बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य



सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, जवाबदेही बढ़ाएगा, चुनाव प्रक्रिया में सुधार करेगा आदि।

सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना। जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है। यह न केवल आर्थिक कल्याण में योगदान देता है बल्कि समाज को राष्ट्र के लिए योगदान देने में अग्रणी होने में भी सक्षम बनाता है।

**सहकारिता क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां :** सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल बहुराज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देना और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का विस्तार करना रही है। पैक्स के लिए मॉडल उपनियमों के लागू होने से उन्हें 25 से अधिक विविध गतिविधियां करने का अधिकार मिला है, जिससे बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता सुनिश्चित हुई है। 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए ? 2,516 करोड़ की एक ऐतिहासिक परियोजना पहले से ही चल रही है, जिसमें 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 62,318 पैक्स शामिल हैं और 15,783 पहले ही शामिल हो चुके हैं। उठाए गए इन कदमों द्वारा परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पैक्स को नाबार्ड से जोड़ा है और निर्बाध वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया है।

सहकारी समितियों की पहुँच को और बढ़ाने के लिए, 9,000 से अधिक नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियाँ, उन पंचायतों में स्थापित की जा रही हैं जहाँ सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना एक और महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य पैक्स स्तरों पर भंडारण और कृषि-बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जिससे खाद्यान्न संबंधी नुकसान और परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए 2,000 पैक्स की पहचान की गई है। इसके अलावा, 30,647 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में नामित किया गया है, जो ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक आवश्यक ई-सेवाएं प्रदान करेगा।

**कृषि में इफको का क्राांतिकारी योगदान :** इफको ने नैनो यूरिया प्लस (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) सहित नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व शुरूआत करके कृषि सहकारी क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। नैनो एनपीके (दानेदार) को शीघ्र ही मंजूरी मिलने वाली है । उम्मीद है कि यह नवाचार आधुनिक कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा तथा अधिक दक्षता, लागत प्रभावशीलता और पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करेगा। इन क्रांतिकारी उत्पादों को पहले ही वैश्विक पहचान मिल चुकी है तथा ये अमेरिका, ब्राजील, जाम्बिया, गिनी-कोनाक्री, मॉरीशस, रवांडा, मलेशिया और फिलीपींस के बाजारों में पहुंच चुके हैं। खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर, आज इफको दुनिया की नंबर 1 सहकारी समिति बन चुकी है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर, इफको और भारत का सहकारी आंदोलन, आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे दीर्घकालिक समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है। वैश्विक सहकारी आंदोलन में इफको का नेतृत्व लगातार बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के सदस्य के रूप में, इफको वैश्विक सहकारी नीतियों को आकार देने में सक्रिय रूप से योगदान देता है।

# समृद्ध भारत की बुलंद तस्वीर3 नया पांबन ब्रिज

'राष्ट्र सेवा' को मंत्र मानकर माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, अटूट संकल्प और दूरदर्शी सोच द्वारा भारत की आधारभूत संरचना को नए शिखर पर पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री जी की कर्मठता, अदम्य इच्छाशक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना ने हर ऐतिहासिक सपने को साकार किया है। उनके नेतृत्व में, भारतीय रेल भी विकास के आसमान में ऊंची उड़ान भर रही है। आए दिन नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रेलवे समृद्ध भारत के सफर में अपनी समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।

तमिलनाडु के विशाल नीले समंदर पर निर्मित नया पांबन ब्रिज भी रेलवे विस्तार और इंजीनियरिंग कौशल की वो तस्वीर है जिसे देखकर हर भारतवासी को गर्व की अनुभूती होगी। यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है, जो समुद्र के ऊपर से गुजरते हुए रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। यह पुल केवल दो स्थानों को जोड़ने का माध्यम ही नहीं, बल्कि नई तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और तेज गति परिवहन का प्रतीक है।

नए पांबन ब्रिज की अनूठी लिफ्ट प्रणाली बड़े जहाजों को भी आसानी से गुजरने की अनुमति देती है। मन्नार की खाड़ी पर स्थित यह पुल यातायात को सुगम बनाने के साथ अपने आप में एक ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी रखता है। आधुनिक तकनीक से निर्मित यह पुल भारतीय रेलवे के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे आने वाले समय में समुद्री मार्गों पर निर्भर पर्यटन और व्यापार को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

**परिवहन के नए युग की ओर-** भारत का पहला समुद्री पुल पांबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया था। तब यह भारत का एकमात्र समुद्री पुल था जो सन् 2010 में बान्द्रा-वर्ली समुद्रसेतु के खुलने तक भारत का सबसे लम्बा समुद्री सेतु रहा।

अपनी सेवा समय के दौरान इस ब्रिज ने कई विकट परिस्थितियां देखी और उनका डटकर सामना किया। 1964 में आए एक चक्रवाती तूफान ने इस पुल को बहुत नुकसान पहुंचाया था बावजूद इसके ये समुद्र की लहरों के बीच अडिग खड़ा रहा और लगभग 106 साल तक देशहित में समर्पित रहा।

21वीं सदी और बदलते भारत की परिवहन आवश्यकताओं ने पुराने पांबन ब्रिज के समक्ष कई तरह की नई चुनौतियाँ रख दी थीं। जिसे देखते हुए आधुनिक ट्रेनों और बड़े समुद्री जहाजों की आवश्यकताओं के अनुरूप एक नई संरचना की जरूरत महसूस की गई। इस जरूरत को पूरा करने के लिए 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस नए ब्रिज के निर्माण की आधारशिला रखी गई। नवाचार का जूनून और विकास की अभूतपूर्व गति के कारण मात्र 4 साल में समुद्र पर इस अद्भुत निर्माण को पूरा कर लिया गया।

**पांबन ब्रिज की विशेषताएँ-** 2.08 किलोमीटर का ये भव्य संरचना पुराने पांबन ब्रिज से से 3 मीटर अधिक ऊँचा है, ताकि



छोटे जहाज सुगमता के साथ इसके नीचे से होकर गुजर सकें। इस पूरे ब्रिज को बनाने में 18.3 मीटर के 99 स्पैन का प्रयोग किया गया है साथ ही ब्रिज के मध्य में 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जरूरत पड़ने पर बड़े जहाजों के लिए 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकता है।

इस ब्रिज में 333 पाइल्स और 101 पाइल कैप्स का इस्तेमाल कर मजबूत आधार के साथ दोहरी रेल लाइनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। जिसपर भारी-भरकम मालगाड़ियों के साथ वंदे भारत जैसी तेज गति से चलने वाली अत्याधुनिक सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें भी बड़े ही आसानी से गुजर सकती है। साथ ही इसकी सतह को 58 वर्षो तक सुरक्षित रखने के लिए उत्कृष्ट सुरक्षा प्रणाली अपनाई गई है।

इस ब्रिज के निर्माण के दौरान समुद्री तूफानों, तेज़ हवाओं और ज्वार-भाटाओं जैसी परिस्थितियों का भी खास ध्यान रखा गया है। पॉलिसिलोक्सेन पेंट, स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक (FRP) के प्रयोग ने समुद्र के खारा पानी के बीच होते हुए भी इसे लंबे समय तक मजबूत और टिकाऊ बनाए रखेगा।

**निर्माण की उपलब्धियाँ-** यह ब्रिज पुराने पुल की तुलना में अधिक टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकों से बनाया गया है। इसका सब-स्ट्रक्चर भी तय समय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया गया था, जो इसकी मजबूती को सुनिश्चित करता है। सटीक और अद्भुत इंजीनियरिंग के तहत इस पुल के लिए 99 स्पैन को एकल लाइन हेतु निर्मित कर उत्कृष्टता के साथ स्थापित किया गया है। इसकी निर्माण तकनीक और डिज़ाइन इसे केवल दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण संरचना बनाते हैं।

**डिजाइन में तकनीकी का समावेश-** इस पुल का डिजाइन जहां इंटरनेशनल कंसल्टेंट TYPSA द्वारा बनाया गया है तो वही IIT चेन्नई व IIT बॉम्बे द्वारा डिजाइन को सत्यापित किया गया है। उच्च ग्रेड सामग्री और स्टेनलेस स्टील के प्रयोग ने इसे एक दृढ़, सुरक्षित और कम रखरखाव वाली संरचना बना दिया है। ब्रिज के केंद्र में 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जहाजों के आकार के हिसाब से ऊपर-नीचे किया जा सकता है।

**आस्था और प्रगति का संगम-** पांबन ब्रिज का भगवान राम और भगवान शिव के साथ सीधा संबंध है। ये ब्रिज जिस द्वीप रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है, उसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां स्थित रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने जा रहे थे, तब उन्होंने इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और भगवान शिव की पूजा की थी।

पांबन ब्रिज से होकर गुजरने वाला मार्ग भगवान राम की लंका यात्रा का महत्वपूर्ण भाग माना जाता है, जिससे यह धार्मिक रूप से और भी विशेष हो जाता है। रामायण के अनुसार, भगवान राम और उनकी वानर सेना ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण किया था, जो वर्तमान पांबन ब्रिज के पास स्थित है।

ऐसे में नया पांबन ब्रिज श्रद्धालुओं के लिए रामेश्वरम की यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाएगा। यह पुल आधुनिक तकनीक से निर्मित है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के भगवान शिव और भगवान राम से जुड़े स्थलों के दर्शन कर सकते हैं।

**एक गौरवशाली उपलब्धि-** नया पांबन ब्रिज भारत की नवाचार क्षमता, अद्वितीय इंजीनियरिंग कौशल और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का एक अद्भुत प्रतीक है। साथ ही भारत की तकनीकी प्रगति, आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। यह ब्रिज समुद्र की लहरों के ऊपर दृढ़ संकल्प की तरह खड़ा है, जो दो स्थानों को पाटने के साथ-साथ भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और भविष्य की असीम संभावनाओं को भी दर्शाता है।

# वक्फ़ ऐक्ट में इस्लाहात तमिलनाडू वक्फ़ बोर्ड से सीखने के अस्बाक़

इंशा वारसी

**फ़ौरी इस्लाह की ज़रूरत को पहचानते हुए, हुकूमत को वक्फ ऐक्ट में तरमीमों की एक तवातर का तआरुफ़ करना ज़रूरी है। मोतबर तजावीज़ में वक्फ बोर्ड की दुबारा तशकील करना शामिल है, जो रहनुमाइयों की शमूलियत को यक़ीनी बनाए, मुख़्तलिफ़ तसव्वुरात को साथ लाए और इन्साफ़ को तरक्क़ी दे।**

हालिया अर्से में, वक्फ बोर्ड ताक़त का ग़लत इस्तेमाल, शफ़्फ़ाफ़ियत की कमी और नाकाफ़ी इंतिज़ाम के लिए तफ़तीश के अंदर आगए हैं। वक्फ बोर्ड से मुताल्लिक़ बड़े ख़दशात में से एक ये है कि उनके हाथों में ग़ैरमामूली ताक़त-ए-पर तवज्जो देना है, जो कि वक्फ ऐक्ट के अंदर मख़सूस दफ़आत की वजह से है, बग़ैर काफ़ी तसदीक़ के या अदालती निगरानी के। ये मन-मानी ऐलान करने के मिसालों को, इमलाक के मुंतकली और ग़ैरक़ानूनी तनाज़आत में इज़ाफ़ा करते हैं। मज़ीदबराँ, मुद्दियों जो इन्साफ़ चाहते हैं अक्सर उन्हें रुकावटों का सामना होता है,वक्‌फ़ बोर्ड ऐसे मामलात को रोक सकते हैं,जिनकी सुनवाई सिविल अदालतों में होतीं हैं। ऐसे बे-एहतिसाबी मामलात लोगों का भरोसा को तोड़ देते हैं और बोर्ड का तसव्वुर बद-उनवान इदारे के तौर पर मुसलसल बरक़रार रहता है।

तमिलनाडू वक्फ बोर्ड निज़ाम की बदउनवानी और बदइंतिज़ामी की एक बुरी मिसाल के तौर पर सामने आते है। ख़बरें बतातीं हैं कि वक्फ इमलाक जिसकी क़ीमत करोड़ों रुपय है, ग़ैरक़ानूनी तौर से फ़रोख़्त कर दिए जाते हैं। आफ़िसरान के साथ मिली भगत कर के। क़ानूनी हिफ़ाज़ती की मौजूदगी के बावजूद, इस निज़ाम में कुछ ख़ामियाँ हैं जो ग़ैरक़ानूनी फ़रोख़्त और इमलाक के ग़लत इस्तेमाल के लिए मदद करता है। सबसे ताज्जुब की बात ये है, तमिलनाडू में 1,030 वक्फ इमलाक की 60 फ़ीसद जो सालाना दो लाख रूपए पैदा करते हैं, ये अदालत की निगरानी के अंदर आते हैं। बोर्ड तरफ़दारी और तास्सुब रवैय्या दिखाते हैं मुतवल्ली वक्फ मिल्कियत के देख-भाल करने वाले की तक़र्रुरी में और हटा देने में, जो कि इसकी पहुंच को मज़ीद बढ़ा देते हैं। मुंसिफ़ाना इंतिज़ाम को यक़ीनी बनाने के बजाय, ये बोर्ड अपनी ताक़त के इस्तेमाल कुछ ख़ास अफ़राद और जमातों की हिमायत करने की वजह से उन पर इल्ज़ाम लगाए जाते हैं। एक और मुतनाज़ा वाक़िया कृष्णा गेरी ज़िला की हज़रत याररब दरगाह से मुताल्लिक़ है, जिसे इंतिहापसंद तंज़ीम पापूलर फ्रंट आफ़ इंडिया के एक रुकन ने तमिलनाडू वक्फ बोर्ड की हिमायत से ज़बरदस्ती अपने क़बजे में ले लिया। इस तरह के सियासी और नज़रियाती दख़ल अंदाज़ी, वक्फ इमलाक के इंतिज़ाम में उनके ख़ैराती मक़सद को कम कर देते हैं। मज़ीद, वक्फ के असासे का ग़लत इस्तेमाल सियासी तरफ़-दारी को इज़ाफ़ा करते हैं। एक सवालिया तहरीक, तरीची में वक्फ ज़मीन की आज़म हिस्सा पर डीएमके पार्टी डिस्ट्रिक्ट ऑफ़िस है, कलाइनर उरियो अलाएम वाके



है, जिसे कम किराए पर मुख़्तस कर दिया गया था, ये फ़ैसला इस बोर्ड के ज़रिये फ़ैसले से ले के लिया गया था, बग़ैर किसी अदालती तफ़तीश के, जिसका नतीजा वो क़ौम के बड़े नुक़्सान के तौर पर हुआ। एक तबक़े की तरफ़दारी इस मुश्किल को मज़ीद इज़ाफ़ा कर देता है। वक्फ आफ़िसरान पर अफ़राद और मख़सूस तबक़े से आने वाले की हिमायत करने पर इल्ज़ाम लगाए जाते हैं, जिन्होंने जबरदस्ती मसाजिद पर क़बज़ा कर लिया, जो दूसरे तबक़े के मानने वालों से मुताल्लिक़ है। चेन्नई में चौटी की ग्रैंड मस्जिद पर दुश्मनी का क़बज़ा, ये एक वाज़ेह याद-दहानी है, कि कैसे ग़ैरमामूली ताक़त फ़िर्क़ावाराना तक़सीम और अदम भरोसा को बढ़ा देता है।

फ़ौरी इस्लाह की ज़रूरत को पहचानते हुए, हुकूमत को वक्फ ऐक्ट में तरमीमों की एक तवातर का तआरुफ़ करना ज़रूरी है। मोतबर तजावीज़ में वक्फ बोर्ड की दुबारा तशकील करना शामिल है, जो रहनुमाइयों की शमूलियत को यक़ीनी बनाए, मुख़्तलिफ़ तसव्वुरात को साथ लाए और इन्साफ़ को तरक्क़ी दे। दूसरा मोतबर तरमीमी सख़्ती से तसदीक़ के नफ़ाज़ को शामिल है इससे पहले कि किसी भी ज़मीन को वक्फ की मिल्कियत का ऐलान कर दिया जाये, ताकि मन-मानी फ़ैसले को रोका जाये। ये तरमीमें अदालती तफ़तीश की भी तजवीज़ करता है तनाज़ाती मिल्कियत में शफ़्फ़ाफ़ियत और एहतिसाब को यक़ीनी बनाने के लिए। मज़ीदबराँ, हुकूमत से दरख़्वास्त है कि वो मख़सूस दफ़आत को ख़ारिज कर दे, जो वक्‌फ़ बोर्ड को ग़ैरमामूली ताक़त देता है, इस ग़लत इस्तेमाल के मौक़ा को घटा दे, और फ़ैसला देने के लिए अज़ीम इन्साफ़ को यक़ीनी बनाए। जबकि ये तरमीम सही रास्ते पर एक क़दम है, तो ये इक़दाम और ज़रूरी है कि इन इस्लाहात को पूरी तरह से नाफ़िज़ किया जाये। वक्फ इमलाक का डिजीटल रिकार्ड की रसाई क़ायम की जाये, ये बदउनवानी को कम कर सकता है। इन रिकार्ड तक आम लोगों की रसाई हासिल हो, जो लोगों की शमूलियत और एहतिसाब को मज़ीद इज़ाफ़ा करेंगे। एक आज़ादाना कमेटी की तशकील जिसमें क़ानूनी एक्सपर्ट, क़ौम के रहनुमा और हुकूमत के लोग शामिल हो, जो वक्फ बोर्ड के आमाल की निगरानी कर सकते हैं और एक मोतबर निगरानी को फ़राहम कर सकते हैं। बोर्ड के मैंबरों और स्टाफ़ के लिए एक जामा तरबियती प्रोग्राम का इंतिज़ाम करें क़ानूनी,माली और इंतिज़ामी मामलात पर, जो हुनर और सालमियत को इज़ाफ़ा करेंगे। मज़ीदबराँ, मुक़ामी लोगों की शमूलियत फ़ैसला देने के मामले में यक़ीनी बनाया जाये, जो वक्फ इमलाक का अंतज़ाब किया जाये, उनके बनाए गए मक़ासिद के मुताबिक़। औरतों के लिए वक्फ बोर्ड के अंदर रहनुमाई के मवाक़े की तरक्क़ी देकर, ये सिर्फ़ सनफ़ी बराबरी को यक़ीनी नहीं बनाएगा बल्कि निगरानी में मुख़्तलिफ़ तसव्वुरात का भी तआरुफ़ करेगा।

वक्फ ऐक्ट में मुजव्विज़ा तरमीमें अक्कासी ज़रूरी क़दम की तरफ करती है। वक्फ बोर्ड के अंदर इंतिज़ामी बदउनवानी और बदइंतिज़ामी को हल करने के लिए। ये शफ़्फ़ाफ़ियत और एहतिसाब के वक्फ निज़ाम मुआशरे की बड़ी अच्छाई के लिए बहुत ही उम्दा साबित होगा। इसके मक़सदी रोल क़ौम की भलाई के हिफ़ाज़त करना है। मज़ीदबराँ, क़ौम की शमूलियत की तरक़्क़ी देकर और एक आज़ादाना तफ़तीश को यक़ीनी बना कर जो वक्फ इमलाक को इसके हक़ीक़ी मज़हबी, ख़ैराती और मुआशरती मक़ासिद के लिए इस्तिमाल को यक़ीनी बनाए।

# कन्नौज न्यायालय का न्यायमूर्ति ने निरीक्षण किया

■ ट्रांजिट हॉस्टल एवं वल्नरेबल विटनेस रूम का किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



कन्नौज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश, कन्नौज, न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, मुकदमों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया और अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर को स्वच्छ और हरित बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, जिससे न्यायालय में आने वाले लोगों को एक अच्छा वातावरण मिल सके। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में वादकारियों की सुविधा के लिए लगाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय में आने वाले वादकारियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे वे किसी भी असुविधा के बिना अपने मामलों की सुनवाई में भाग ले सकें। इसके साथ ही, उन्होंने न्यायालय परिसर में निर्मित ट्रांजिट हॉस्टल और वल्नरेबल विटनेस रूम (संवेदनशील गवाह कक्ष) का भी उद्घाटन किया। यह वल्नरेबल विटनेस रूम विशेष रूप से उन गवाहों के लिए बनाया गया है जो किसी न किसी कारण से संवेदनशील स्थिति में होते हैं, जैसे कि यौन अपराध पीड़ित, बाल गवाह, घरेलू हिंसा से पीड़ित व्यक्ति आदि। न्यायमूर्ति ने कहा कि यह कक्ष संवेदनशील गवाहों की सुरक्षा एवं गोपनीयता सुनिश्चित करेगा, जिससे वे बिना किसी डर के न्यायालय में अपना पक्ष रख सकें। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने जनपद के न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की और लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने में देरी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान होती है। उन्होंने सभी न्यायाधीशों को निर्देश दिया कि वे मामलों के निपटारे में तेजी लाएं और वादकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करें। इसके अलावा, उन्होंने न्यायालय की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने जनपद के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ भी बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ता मिलकर ही न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने वकीलों से अपेक्षा की कि वे मामलों की अनावश्यक लंबी तारीखें न लें और मामलों के शीघ्र निस्तारण में सहयोग करें। इस अवसर पर न्यायमूर्ति के साथ कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें जनपद न्यायाधीश (डिस्ट्रिक्ट जज) चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फूलसिंह पटेल, प्रधान न्यायाधीश एमएसीटी शाहिद रजा, अपर जिला जज प्रथम लोकेश वरुण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज लवली जायसवाल, अपर जिला जज हरि प्रसाद, अपर जिला जज नंद कुमार, अपर जिला जज हरेंद्र सिंह, अपर जिला जज अजय श्रीवास्तव, अपर जिला जज पूर्णिमा पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिलिंद कुमार समेत समस्त न्यायिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### न्यायपालिका में सुधार के लिए उठाए गए कदम

न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान के इस दौरे को न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। उनके निर्देशों से न्यायालय में कार्यों की गति और सुगमता में सुधार होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन न्यायधीशों एवं अधिवक्ताओं के समन्वित प्रयास से इनका शीघ्र निस्तारण संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे वादकारियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें और कानून के दायरे में रहकर न्याय दिलाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें।

## खेत में पड़ा मिला अज्ञात युवक सड़ा-गला शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के जगतखेड़ा गांव के पास एक युवक के सड़ा शव पड़ा देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किए लेकिन कोई शव की हालत देख कोई उसे पहचान नहीं सका। जामा तलाशी में उसके पास आधार व पैन कार्ड मिला है लेकिन उसमें दर्ज मोबाइल नंबर बंद मिला है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा आसपास की फैक्ट्री में भी पता लगा रही है। सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकीक्षेत्र के मसवासी-जगतखेड़ा गांव के बीच खेत में खड़ी गेहूं की फसल में दुर्गंध आने पर पहुंचे ग्रामीणों में एक युवक का शव पड़ा देख सनसनी फैल गई। शव काफी पुराना होने से सड़ गया था। इससे कोई उसे पहचान नहीं सका। सूचना पर पहुंचे कोतवाल प्रमोद मिश्रा ने जांच कर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने भी घटनास्थल की वीडियोग्राफी कर अन्य साक्ष्य एकत्र किए। जामा तलाशी में उसकी जेब से आधार व पैन कार्ड मिला है। जो पिंकू दिलीपनाथ पुत्र दिलीपनाथ पता 72 गीता नगर व जन्मतिथि 1 जून 1995 दर्ज है। पुलिस ने आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर पर संपर्क किया लेकिन उसमें बात नहीं हो सकी। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा जांच की जा रही है। आसपास की फैक्ट्रियों में भी संपर्क किया लेकिन वहां से भी अभी किसी मिसिंग की जानकारी नहीं हो सकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व डिप्टी सीएम का सदर विधायक ने किया स्वागत



**उन्नाव।** राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा का सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया गया। उन्नाव बाईपास स्टेडियम पर प्रतीक चिन्ह शाल एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, बिछिया ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष बालाराव गुप्ता, गोल्डी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भाजपा जिला प्रभारी ने डोर-टू-डोर सम्पर्क कर बांटे पत्रक

**उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन की नीति के आठ वर्ष एवं केन्द्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में घर-घर सम्पर्क अभियान के तहत नगर के पुरानी बाजार बूथ सं0-248 व 249 में प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा के साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सम्पर्क कर भाजपा सरकार में हुये कार्यो का ब्यौरा गिनाया व पत्रक वितरित किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सिद्धनाथ मन्दिर में पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, मण्डल अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष आनन्द अवस्थी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे ।

### आटो, टैम्पो, ई-रिक्शा को जारी हुए यूनिक नंबर

**उन्नाव।** शासन की मंशा अनुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में चले रहे ई-रिक्शा/ ऑटो/टेम्पो सत्यापन अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में संचालित ऑटो/टेम्पो/ई-रिक्शाओं का सत्यापन किया जा रहा है। उन्नाव पुलिस द्वारा सभी ऑटो/टेम्पो/ई-रिक्शा चालको को एक युनिक नम्बर वितरित कर उसे टेम्पो/ऑटो/ ई-रिक्शाओं पर अंकित कराया जा रहा है। जिससे भविष्य में उनकी पहचान आसानी से की जा सके तथा बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे ऑटो/टेम्पो/ई-रिक्शा चालको के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

### सफीपुर से लखनऊ के लिए संचालित नई रोडवेज बस को विधायक ने किया रवाना

**उन्नाव।** सफीपुर विधायक ने सफीपुर क्षेत्र के लोगों को एक और सौगात देते हुए सफीपुर से लखनऊ वाया रसूलाबाद चलने वाली एक नई बस को हरी झंडी दिखाई। वही जल्द ही एक बस सफीपुर से कानपुर तक चलवाने की बात कही है। सफीपुर के जनप्रिय विधायक बंबालाल दिवाकर ने क्षेत्रवासियों एक और सौगात देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक नई बस जो कि सफीपुर से चलकर रसूलाबाद और मियागंज होते हुए लखनऊ तक जाएगी। उस बस का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बस सुबह साढ़े सात बजे सफीपुर से चलेगी और दोपहर 12 बजे लखनऊ से वापस सफीपुर के लिए प्रस्थान किया करेगी। इस नई बस के संचालन से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई वही क्षेत्रवासी विधायक बम्बालाल दिवाकर की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। विधायक ने बताया जल्द ही सफीपुर से कानपुर के लिए भी परिवहन निगम की एक बस चलाई जाएगी जिससे कानपुर आने-जाने लोगों को बड़ी मदद मिल सकेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### जल जीवन मिशन में लापरवाही पर होगी कार्यवाही

**उन्नाव।** जल जीवन मिशन में लापरवाही पर विधायक सख्त क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को देते हुए कहा कि मानक विहीन काम मिला तो कार्रवाई होगी। सफीपुर में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का विधायक बंबालाल दिवाकर ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड के ग्रामसभा सकहन राजपूतान में पाइप पेयजल योजना के कार्यों की निरीक्षण किया। विधायक ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टंकी निर्माण में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य में मानकों का पूरी तरह पालन करना होगा। यदि कोई अनियमितता या मानक विहीन कार्य मिला तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### सड़क हादसे में नहर विभाग कर्मचारी की मौत

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज तिराहे पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में नहर विभाग के कर्मचारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज निवासी सुरेश 50 नहर विभाग के नलकूप में कार्यरत थे और सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल सुरेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया जहा डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी रमा देवी व बेटा अरुण हैं। परिजनों के अनुसार सुरेश ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। अजगैन कोतवाल सुरेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों एवं थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के उपरान्त एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा एवं पीआरवी, गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह मौजूद रहीं।

## नव मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के उन्नाव रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में नव मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी का स्वागत कार्यक्रम एवं कार्यकर्ता परिचय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी का सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने पुष्प गुच्छ भेंटकर जिला अध्यक्ष बनने की बधाई दी। तत्पश्चात कार्यकर्त्ताओं ने जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि आज नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत व विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओ से परिचय हुआ है। उन्होंने कहा पार्टी के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। सबको साथ लेकर चलने वाले और पुराने कार्यकर्त्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है। आप सभी कार्यकर्त्ता केवल भाजपा के कार्यकर्त्ता नहीं बल्कि मेरे परिवार के अंग है। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि कार्यकर्त्ताओं की मेहनत की बदौलत ही सरकार बनती है। 2014 से अनवरत भाजपा का विजय अभियान चल रहा है और आप लोगो की मेहनत की बदौलत आगे भी चलता रहेगा। आप लोग इसी तरीके से मेहनत करते रहिए 2027 में भी भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। इस अवसर पर बांगरमऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा, संदीप सिंह, जगजीत राजपूत, अजय द्विवेदी पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा, संदीप बाजपेई, रावेन्द्र सिंह, विकास गुप्ता पार्टी के पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## राणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी से भड़का क्षत्रिय समाज

**उन्नाव।** सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के विरोध में आज यहाँ उनका पुतला दहन किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों राज्यसभा सांसद सुमन द्वारा राणा संग्राम सिंह राणा सांगा पर अशोभनीय टिप्पणी राज्यसभा में की थी। जिससे नाराज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बांगरमऊ नगर के तिकुनिया पार्क के सामने पुतला फूंककर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन कार्यक्रम में लोगों ने कहा कि अभी तो प्रतीकात्मक विरोध दर्ज करा रहे हैं। यदि सांसद रामजीलाल सुमन को राज्यसभा से निष्कासित नहीं किया गया तो हम लोग भविष्य में बडे पैमाने पर संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर श्रीराम क्षत्रिय सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष रणंजय प्रताप सिंह मोनू, संदीप बाजपेई, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अमरेंद्र अवस्थी, अरविंद सिंह रविंद्र सिंह, संदीप सिंह, रणधीर सिंह धर्मेंद्र सिंह, रमेश चंद द्विवेदी, हिमांशु सिंह, प्रदीप कुमार, आनंद सिंह, विजय सिंह, अंकित शर्मा, अखिलेश प्रताप सिंह, रवि कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, संतोष यादव, अमित सिंह, राहुल कुमार राम नरेश सिंह सहित दो सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## लाखों के जेवरात व नगदी सहित तीन गिरफ्तार

■ पुलिस अधीक्षक ने पचास लाख की चोरी का खुलासा किया

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना गुरसहायगंज आलोक कुमार दुबे व प्रभारी सर्विलांस त्रदीप सिंह की संयुक्त टीम द्वारा चोरी करने वाले शातिर अपराधी को चोरी गये माल तथा चोरी किये गये माल को रखने वाले दो लोगों को चोरी के आभूषण व नगदी बरामद कर गिरफ्तार किया गया। शनिवार को पुलिस कार्यालय में एसपी विनोद कुमार ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुये बताया कि विगत 09 फरवरी को रामऔतार गुप्ता पुत्र स्व. श्रीकृष्ण गुप्ता निवासी मोहल्ला दिलशाद नगर ने दिनांक 07/08 फरवरी की रात में अज्ञात चोरों द्वारा मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारियों के लॉक तोड़कर 550 ग्राम सोने का व 01 किलो 500 ग्राम चाँदी के आभूषण एवं नगद 2,50,000 रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, श्यामपाल सिंह, हेड कांस्टेवल दुष्यन्त यादव, पवन कुमार शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेवल नागेन्द्र सिंह, अमन कुमार, दीपांशू गंगवार, योगेन्द्र सिंह, पवन कुमार, विजय शर्मा द्वारा सीसीटीवी चैक किये गये तथा सर्विलांस की मदद से घटना से सम्बन्धित साक्ष्य संकलित करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी करते हुए शनिवार को मुखविर की सूचना पर ग्राम मझपुर्वा के पास से घटना में संलिप्त अभियुक्त गुफरान पुत्र फन्नू उर्फ जहीरूद्दीन निवासी मझपुर्वा को चोरी किये गये माल व 315 बोर अवैध तमंचा व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त गुफरान की निशा देही पर अभियुक्त 1. जाकिर पुत्र शाबिर अली निवासी मझपुर्वा 2. कासिदा वेगम पत्नी जहीरुद्दीन उर्फ फन्नू निवासी ग्राम मझपुर्वा से चोरी गये माल व नगदी को कब्जे से बरामद किया गया तथा पुछताछ मे अभियुक्त गुफरान ने दिनांक 05/06 जनवरी की रात्रि में निसार अहमद पुत्र गफूर वक्श निवासी मोहल्ला किदवई नगर तिराहा के मकान का ताला तोड कर नगदी व सोने व चांदी के जेवरात चोरी करना स्वीकार किया, जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत है, से सम्बन्धित माल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण गुफरान, जाकिर, कासिदा बेगम उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान हुए सम्मानित



■ सामुदायिक रेडियो स्टेशन ललित लोकवाणी सम्मानित

■ पच्चीस ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, कास्य और सिलवर श्रेणी में हुई शामिल

■ अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों/एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को बांटे प्रशस्ति पत्र

■ संचारी रोगों से बचाव हेतु अप्रैल माह में चलेगा अभियान, माइक्रोप्लान के अनुसार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी.बी. हारेगा देश जीतेगा की थीम पर आयोजत विश्व क्षय रोग दिवस में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों/एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की गई। अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वि./रा.अंकुर श्रीवास्तव ने अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के विजन टीबी मुक्त भारत को साकार करने के लिएघर-घर जाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें उपचार दिया जाए और निर्धारित समय पर फोलोअप लिया जाए। मौके पर उन्होंने संचारी रोगों की रोकथाम हेतु अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष अभियान की भी समीक्षा की और क्षेत्रीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर डोर टू डोर मरीजों के चिन्हांकर करने व जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि माइक्रोप्लानिंग फॉर्मेट में तिथिवार एवं क्षेत्रवार जिस प्रकार गतिविधियां अंकित की गयी हैं वह उसी प्रकार तिथिवार एवं क्षेत्रवार सम्पादित की जायें। जिससे सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग/पर्यवेक्षण सम्भव हो सके। कार्यक्रम में टी.बी. कन्सल्टेंट डा.जेएस बक्शी ने बताया कि जनपद में विगत 100 दिवसों में क्षय रोग उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाकर टीबी के मरीजों का चिन्हीकरण किया जा रहा है, विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 29 प्रतिशत अधिक मरीजों का चिन्हीकृत किया गया है। वल्नरेवल पॉपूलेशन में 120 प्रतिशत स्क्रीनिंग की गई हैं। गोद लिये गए मरीजों को पोषण किटों का वितरण किया गया। इसके साथ ही टीबी मरीजों का प्रतिमाह एक हजार रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है, अब तक 80 प्रतिशत डीबीटी पेमेंट हो चुका है। बताया कि जनपद में कुल 415 ग्राम पंचयातों में से 25 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं, जिन्हें कास्य कलर की श्रेणी में रखा गया है, साथ ही इन 25 ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतें सिलवर कलर की श्रेणी में आ चुकी हैं। इन 25 ग्राम पंचायतों में देवरी, महरौनीखुर्द, विद्याखेत, अगौरा, अगौड़ी, सिमिरिया, उदगुवां, असउपुरा, सारसेढ, विजयपुरा, रारा, बगौरा, टेटा, खजुरिया, पिपरिया, मकरीपुर, बछरई, छपरौनी, ऊमरी, फुलवारा, भैलोनीलोध, ककड़ारी, धमना, सिमिरिया, चंदावली शामिल हैं। इसके उपरान्त इन टीबी मुक्त 25 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों व क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों /एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## उत्कृष्ट सेवाओं के चलते सम्मानित हुये चिकित्सक

■ राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन में टॉपटेन में आया जनपद कन्नौज

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने में प्रदेश में टॉप टेन में स्थान हासिल करने पर डीएम शुभांत कुमार शुक्ला ने सीएमओ डा. स्वदेश गुप्ता सहित उत्कृष्ट कार्य करनें पर डा. शरद द्विवेदी को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र सौंपने के उपरान्त कहा कि समाज को रोगों से बचानें में चिकित्सकों की अहम भूमिका है।

ज्ञात हो कि क्षय रोग (टीवी) जैसी बीमारी को नियंत्रित करने में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने सौ दिवसीय सघन अभियान चलाया था। जिसमें डा. शरद द्विवेदी की सक्रिय भूमिका रही और जनपद में इस बीमारी पर काफी नियंत्रण पा लिया गया। पूरे प्रदेश की हुई समीक्षा में टॉप टेन जिले में कन्नौज को भी इसमें शामिल किया गया। सीएमओ के क्षय रोग से संबंधित चलाए गए अभियान में अच्छी सफलता मिलने पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने इस अभियान की प्रशंसा की और इस रोग से अधिकतर लोगों को मुक्ति दिलाए जाने पर शनिवार को डा. शरद द्विवेदी जिला मुख्यालय पर प्रशस्ति पत्र दिया है। वहीं सीएमओ ने कहा कि इस अभियान की सफलता में पूरे जिले के डॉक्टर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी कड़ी मेहनत की है। इस दौरान डॉ. के पी त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ललितपुर पुलिस के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एक शाम खाकी के नाम में मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकरों व ललितपुर पुलिस टीम द्वारा अपनी-अपनी कलाओं (नृत्य/गायन) की शानदार प्रस्तुति कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डीआईजी केशव कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकरों व पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा कर, उत्साहवर्धन हेतु शील्ड व प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया।

## छात्र राष्ट्र का निर्माता : डॉ. नीरज कुमार

■ वीणावादिनी बालिका इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर (तेरईफाटक)** वीणावादिनी बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसकी अध्यक्षता कर रहे मनोज कुमार तिवारी प्रधानाचार्य वीणा वादिनी बालिका इण्टर कॉलेज विशिष्ट अतिथि संतोष गुप्ता एवं गौरव कुमार एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर नीरज कुमार प्राचार्य महेंद्र सिंह महाविद्यालय तालबेहट ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विद्यालय की प्रगति आख्या बताते हुए परीक्षा प्रभारी ओमप्रकाश ने कहां कि इस सत्र में छात्र-छात्राओं ने खेल, सांस्कृतिक तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसके परिणाम स्वरुप संपूर्ण विद्यालय मैं प्राइमरी वर्ग का परीक्षा फल 97त्न रहा वहीं सीनियर वर्ग का परीक्षाफल 100त्न रहा जिसमें प्राइमरी वर्ग में कक्षा 5 से समृद्धि तिवारी पुत्री श्री मनोज कुमार तिवारी ने 93.75त्न अंक प्राप्त कर प्राइमरी वर्ग में टॉप किया वहीं सीनियर वर्ग में कक्षा 8 से अनामिका पुत्री महेंद्र सिंह परिहार ने 90त्न अंक प्राप्त कर सीनियर वर्ग में टॉप किया विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थित वर्ष 2024 25 में प्राइमरी वर्ग में कक्षा 5 से किरन पुत्री देशराज सीनियर वर्ग से कक्षा 7 से रागनी पुत्री देशराज ने प्राप्त किया जिन्होंने 214 दिनों में से 214 दिन उपस्थित रहकर अध्ययन किया विद्यालय में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र व छात्राओं को स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप प्रदान किए विशिष्ट अतिथि संतोष गुप्ता ने बच्चों को अपना आशीर्वचन के रूप में कहा कि सभी बच्चों को एकाग्रचित होकर अध्ययन करना चाहिए इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर नीरज कुमार जी ने कहा कि बच्चों को राष्ट्रीय निर्माता कहा जाता है उन्हें अपनी जिंदगी की उड़ान तब तक करते रहना चाहिए जब तक कि वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर लेते कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय में निरंतर उपस्थिति रहना चाहिए जिससे उनका परीक्षा परिणाम और भी अच्छा आ सकता है कार्यक्रम का संचालन व आभार परीक्षा प्रभारी ओमप्रकाश राजपूत ने किया। कार्यक्रम में रमा तिवारी, महेंद्र सिंह परिहार, रामजीवन विश्वकर्मा, सुभद्रा परिहार, कु.श्रेया तिवारी, बाबूलाल शिवहरे, रामगोपाल सिंह, देशराज कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे।

# सीसीटीएनएस की रैंकिंग में महोबा को प्रथम स्थान

■ एसपी और एएसपी को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित





अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा फरवरी 2025 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएन रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 100 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । इस उपलब्धि पर नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा एसपी महोबा पलाश बंसल, एएसपी वन्दना सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है साथ ही साथ भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ सौपें गये दायित्वों का निर्वहन कर विभाग की प्रतिष्ठा बढाने में सहयोग किये जाने हेतु प्रशंसा की गई है। ध्यातव्य रहे कि एसपी पलाश बंसल और एएसपी महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को प्रथम स्थान 01 बार तथा द्वितीय स्थान 02 बार प्राप्त हुआ है।

**सीसीटीएनएस की रैंकिंग से जुडे पोर्टल**

1. CCTNS portal Ke IIF forms
w. Training certificate portal
3. Pared portal 4. Field unit portal 5. PG portal6. Foot patrolling portal
7. Crimac portal 8. ICJS portal 9. Crime anal ytical portal 10. NAFIS portal

इन सभी में अच्छी फीडिंग और मॉनिटरिंग के आधार पर महोबा पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराध से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में कहा तक विवेचना कर रही है। इस संबंध में पुलिस कहां-कहां जांच करने गई। लगभग यह सभी जानकारियां चालान पेश होने तक की हर गतिविधि को सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जाता है।

## स्वास्थ्य टीम खसरा से बचाव के लिए घर घर जाकर कर रही जागरूक

**महोबा।** खसरा (मीजल्स) जैसी संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ने अभियान चलाकर इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। शनिवार को टीम ने बछेछर कला, लमौरा और बछेछर खुर्द में विशेष अभियान चलाया। अभियान दौरान बच्चों को साफ सुथरा रखने और घरों के आस पास गंदगी न फैलाने के प्रति जागरूक किया। और जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त दवाएं वितरित की गई।अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉण् आशीष तिवारी ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को घर घर जाकर लोगों को खसरा जैसी संक्रामक बीमारी के लक्षण बताए और गंदगी से बचने के गुर भी सिखाए।

# रिटायरमेंट से चार दिन पहले अटैक पड़ने से ग्राम विकास अधिकारी की मौत



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** ग्राम विकास अधिकारी चरखारी छत्रपाल सिंह राजपूत के रिटायरमेंट के चार दिन पहले ही उनकी अचानक दिल का दौरा पढने से मौत हो गई। सेवानिवृत्त के बाद हंसी खुशी घर लौटने से पहले ही वीडीओ की अचानक उनके घर मौत की खबर आ गई, जिससे घर में रोना पीटना मंच गया। जिले के ग्राम देवगनपुरा पनवाड़ी निवासी छत्रपाल सिंह राजपूत विकास खंड चरखारी में ग्राम विकास अधिकारी के पद में तैनात थे। उनके रिटायरमेंट के चार दिन शेष रह गए थे, वह अब परिवार के साथ रहने की बात कहकर खुश हो जाते थे। लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था, शुक्रवार को अचानक उन्हे घबराहट हुई और वह छुट्टी लेकर वह अपने गांव चले गए, जहां पर उनकी तबियत और बिगड़ गई। ग्राम विकास अधिकारी चरखारी में रहकर अपनी नौकरी के शेष दिन पूरे कर रहे थे, शुक्रवार को अचानक उन्हे घबराहट होने पर वह छुट्टी लेकर अपने घर देवगनपुरा पनवाड़ी चले गए, घर पहुंचते ही सीने में तेज दर्द हुआ और वह गिर गए, परिजन उन्हे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हे चेकअप के बाद जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि उन्हे पूर्व में भी एक बार हार्टअटैक आ चुका है।

# हारों को लेकर ईद गाह और मंदिर परिसर में कराई सफाई



■ ईओ निर्देश पर शहर के अलावा नगर पंचायत कबरई में भी चलाया गया अभियान

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** ईद और नवरात्र जैसे धार्मिक पर्वो के मद्देनजर नगर पलिका के अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों की अलग अलग टीमें लगाकर मस्जिद और मंदिर परिसरों की साफ सफाई कर चमकाया गया, टीमों ने ईद गाह समेत अन्य मस्जिदों के आस पास और देवी मंदिर परिसरों में भी अभियान चलाकर सफाई कराई। धार्मिक स्थलों पर ईओ ने स्वयं अपनी देख रेख में सफाई कराकर व्यवस्थाएं देखी। 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है, जहां पर नौ दिन तक देवी मंदिरों में भक्तों का आना जाना रहेगा, इसी गरज से देवी मंदिरों में अभियान चलाकर मंदिर परिसर के अलावा आस पास भी सफाई कराई गई। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने मंदिरों में जाने वाले श्रद्धलुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसी गरज से भी मंदिर मार्गो की भी सफाई कराई। 31 मार्च को ईदुल फितर के त्योहार को देखते हुए अधिशासी अधिकारी महोबा ईओ नगर पंचायत कबरई, अवधेश कुमार ने ईदगाह कबरई पहुंचकर अपनी देखरेख में सफाई कार्मिकों से सफाई करायी । उसके बाद अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न देवी मन्दिरों में जाकर अपने निर्देशन में साफ.सफाई करायी। ईओ ने सफाईनायकों को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहारों पर ईदगाह स्थल एवं चैत्र नवरात्रि में देवी मन्दिरों में नियमित रूप से समुचित साफ.सफाई एवं चूना आदि डलवाने का कार्य समय से कराया जाये। ईओ ने मातहतों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि त्यौहारों पर धार्मिक स्थलों में गन्दगी पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर की साफ.सफाई में किसी प्रकार उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कुलपहाड़ का वार्षिक निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना कुलपहाड़ में वार्षिक निरीक्षण पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक को सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी, सलामी गार्द का मान प्रमाण लेने के पश्चात एसपी द्वारा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा थाना कार्यालय के अभिलेखो एवं थाना अन्तर्गत विभिन्न रजिस्टर/अभिलेखों यथा- रजि0नं0-4, रजि0नं0-8 तथा फ्लाई शीट, गुण्डा रजिस्टर, टॉप-10 अपराधी रजिस्टर, बीट सूचना अंकन रजिस्टर, महिला उत्पीडन रजि0, एससी/एसटी रजि0 इत्यादि का गहनता पूर्वक अवलोकन कर सभी प्रविष्टियों को अपडेट करने सम्बन्धित को निर्देशित किया साथ ही सीसीटीएनएस कक्ष, हवालात सहित थानाहाजा के शस्त्रों का भी निरीक्षण किया गया। थाना परिसर एवं थाना कार्यालय में साफ-सफाई सन्तोषजनक पायी गयी। साइबर हेल्प डेस्क/महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त कर्मचारी से वार्ता कर उनकी जिम्मेदारियों को बोध करा उनके कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# ईद मिलन समारोह में 1500 लोगों को बुलाने का लक्ष्य : एआइपीएमएम

■ बायलाज अनुसार राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी का होगा पुनर्गठन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) की एक महत्वपूर्ण जूम मीटिंग 28 मार्च रात्रि 10:00 बजे आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत अलविदा जुमे की एक-दूसरे को मुबारकबाद देने से हुई। संगठन ने खुशी जाहिर की कि इस वर्ष देशभर में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। साथ ही, मुस्लिम समाज से अपील की गई कि ईद की नमाज मस्जिदों में ही अदा करें, और यदि स्थानीय प्रशासन और अन्य समुदायों से सहमति बनती है, तो मस्जिद के बाहर भी शांतिपूर्वक नमाज अदा की जा सकती है।

इस बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सबसे पहले पटना में पसमांदा जागरूकता अभियान और ईद मिलन समारोह- संगठन ने पटना में एक भव्य ईद मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसका उद्देश्य पसमांदा समुदाय में जागरूकता फैलाना और विभिन्न दलों के पसमांदा मुस्लिम प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाना है। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी, जो राष्ट्रीय नेतृत्व से परामर्श कर आयोजन की योजना तैयार करेगी। इस समारोह में लगभग 1500 लोगों को आमंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें राजनीतिक दलों के नेता, पसमांदा एक्टिविस्ट और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जाएगा, ताकि यह संगठन के बायलॉज के अनुरूप हो। इस पुनर्गठन के माध्यम से सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके अनुभव और योग्यता के अनुसार उपयुक्त जिम्मेदारियाँ दी जाएँगी, जिससे संगठन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

मीटिंग में इस वर्ष जकात फंड के पारदर्शी और प्रभावी उपयोग को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन ने निर्णय लिया कि यह फंड रोजगार सृजन, कमजोर परिवा की शादियों में सहायकता, हेल्थ कैम्प का आयोजन आदि के लिये किया जायेगा। आने वाले दिनों में इन प्रस्तावों को अमल में लाने के लिए समितियाँ गठित की जायेंगी।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस, राष्ट्रीय महासचिव व महाराष्ट्र संयोजक मो. कमरुद्दीन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश संयोजक हाजी नेहाल अंसारी, राष्ट्रीय सचिव शाहीन अंसारी, राष्ट्रीय सचिव शब्बीर आलम, राष्ट्रीय प्रवक्ता इरफान जामियावाला, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इदरीस, प्रदेश सह-संयोजक डॉ. इमरान अली, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद तारिक अनवर, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष अदनान कमर, झारखण्ड, बिहार संयोजक रियाजुद्दीन बक्खो, शमीम अहमद, शकील आलम, आसिफ सिद्दीकी, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष आशिक इलाही, अब्दुल रकीब, अब्दुलरहमान असांरी, एडवोकेट इब्राहिम इकबाल, राष्ट्रीय सलाहकार इंजीनियत अख्तर हुसैन, कैफ अंसारी व एहतेशाम मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए राज्यस्तरीय कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**सम्भल।** एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन ऋभू और राष्ट्रीय संयोजक रविकांत लगातार देश में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे है इसी क्रम में 29 मार्च को राज्यस्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड सहित देश की सभी महत्पूर्ण बाल एजेंसियां ने बाल विवाह के खात्मे की बात कही। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन ऋभू ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की सफलता ये है कि आज दुनिया के 39 देश इसे अपना चुके हैं और हम चाइल्ड मैरेज फ्री वर्ल्ड की ओर बढ़ रहे हैं। हम 2030 से पहले भारत से बाल विवाह का खात्मा कर देंगे आपको बताते चलें की जनपद सम्भल के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने अब तक सम्भल के पचास गांव में बीस हजार लोगों को बाल विवाह न करने कि शपथ दिला चुके है और 380 बच्चियों के अभिभावकों से बाल विवाह न करने का बचन भी ले चुके है और बाल श्रम के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं।

### भाजपा सरकार के शराब पर बंपर ऑफर के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी ( आप) के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शराब के बंपर ऑफर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में मथुरा में भी आप कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचा। आप जिलाध्यक्ष भगत सिंह ने कहा कि योगी सरकार शराब को बढ़ावा देकर प्रदेश के युवाओं और समाज को नुकसान पहुँचा रही है। पार्टी ने सरकार से मांग की कि शराब की बिक्री को नियंत्रित किया जाए और इसके बुरे प्रभावों से बचने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में मांग की गई शराब के बंपर ऑफर को तत्काल बंद करने की मांग की गई है। प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष रविप्रकाश भारद्वाज, जिला महासचिव संदीप हिंडोल, महानगर कार्यालय प्रभारी चंद्र शेखर मिश्र, रूपा लवानिया, राकेश अग्रवाल, सोनू फौजी, संजय सिंह, कमल सिंह, मनीष कुमार,मधुर सेठ आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आयोग के सदस्य व अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन शशांक चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना सहित समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि के साथ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली के साथ, खुदरा दुकानों के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुओं और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की खपत में वृद्धि हुई है। इन्हें कागज, प्लास्टिक, कांच, धातु और अन्य कंटेनरों में पैक किया जाता है और फेंकी गई पैकिंग सामग्री अक्सर कचरे के रूप में समाप्त हो जाती है और भूमि, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनती है। जबकि, उनमें से अधिकांश को पुनः उपयोग के लिए रीसाइकिल किया जा सकता है और वे मूल्यवान कच्चे माल में पुनः प्रयोग में लाया जा सकता है। वर्तमान कचरा संग्रह, हैंडलिंग और निपटान प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ साथ मजबूत बनाने पर जोर दिया जाए। मुख्य रूप से पैकेजिंग सामग्री के व्यवस्थित, पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग के सामाजिक-आर्थिक लाभों के साथ-साथ कमियों और परिणामों पर प्रकाश डाला गया है। साथ ही, व्यक्तियों, समुदायों और अधिकारियों की भागीदारी से समस्या का संभावित समाधान विस्तृत रूप से बताया गया है। कुशल और प्रभावी प्रणाली के उदाहरण के रूप में जर्मनी में अपशिष्ट प्रबंधन का विवरण दिया गया है। कानूनगो ने नगर आयुक्त से कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन की रिसाइक्लिंग हेतु किसी एजेंसी को नामित किया जाए और बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाए। छोटी छोटी दुकानों से लेकर बड़े बड़े शोरूमों से कचरा लिया जाए। मथुरा जनपद के सभी मंदिर के आस पास से कूड़े को रिसाइक्लिंग किया जाए। पानी को बोतल, नाई की दुकान से कटे हुए बाल, पॉलिथिन, चाय के कप, पानी के गिलास आदि को लिया जाए।

# चिश्तिया नूरानी मस्जिद मे 28 वीं तरावीह में मुकम्मल

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** 28 वीं शब में मुकम्मल हुई मुक़द्दस किताब माहे रमजान में मुक़द्दस किताब की अजीम फजीलत है। इस महीने की इबादत और मुक़द्दस किताब की तिलावत का अलग ही फेज़ है। हाफिज साहेबान को भी नमाजे तरावीह मे मुक़द्दस किताब मुकम्मल करने पर गुल पोशी के साथ नजराने पेश किए जाते हैं। चन्दौसी मार्ग नूरियो सराय चिश्ती कालौनी स्थित चिश्तिया नूरानी मस्जिद में नमाजे तरावीह में मुकद्दर किताब मुकम्मल हुई। इस मौके पर मस्जिद में रमजान के पहले रोजे से 27 वें रोजे तक मुक़द्दस किताब को पूरा करने की परम्परा चली आ रही है। हाफिज जाकिर हुसैन, द्वारा नमाजे तरावीह में मुक़द्दस किताब सुनाया गया। पूरा होने पर नाते पाक व सलातो सलाम पढ़ा। हाफिज जाकिर हुसैन, ने कहा कि मुक़द्दस किताब दुनिया की वो वाहिद किताब है जिसकी हिफाजत का ज़िम्मा खुद अल्लाह ने लिया है। उन्होंने कहा कि मुक़द्दस किताब कयामत तक आने वाली नस्लों के लिए हिदायत और निजात का जरिया है। रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहले 10 दिन रहमत के, दूसरे 10 दिन बरकत के और आखिरी 10 दिन मगफिरत के होते हैं। उन्होंने कहा कि अशरे में परवरदिगार अपने बंदों पर विशेष रहमत बरसाता है। हाफिज ने स्पष्ट किया कि एक मुक़द्दस किताब पूरा होने को तरावीह का समापन न समझा जाए। उन्होंने कहा कि रमजान की पहली रात से लेकर ईद-उल-फितर के चांद का दिदार होने तक तरावीह जारी रखनी चाहिए। मुक़द्दस किताब को सुनना और सुनाना दोनों सुन्नत हैं। इस अवसर पर, हाफिज शाबान रजा संभली, सिराज अहमद चिश्ती राजा, नवाब हाफिज, मोहम्मद आमिर, भूरा , रशीद, मोहम्मद नबी, फरमान,नाजिम अली,बाहरए आलम, इमरान, शारिक, बब्बू प्रधान, अम्बार, तारिक, इलियास, इख्तियार, रानू, आदिल आदि मौजूद रहे।

## अभाविप ने सपा सांसद का पुतला दहन कर किया विरोध

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा के प्रति की गई घोर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मथुरा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार की दोपहर में बीएसए महाविद्यालय पर सांसद का पुतला दहन कर और नारेबाजी कर विरोध जताया।

महानगर सहमंत्री अमन पांडे ने कहा कि राणा सांगा भारतीय इतिहास के वीर योद्धाओं में से एक थे। उन्हें देशद्रोही कहना न केवल इतिहास का अपमान है, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता पर भी आघात है। अभाविप ऐसी मानसिकता वाले व्यक्ति एवं इन्हें समर्थन देने वाली राजनैतिक पार्टियों का पूर्ण विरोध करता है।

जिला एसएफएस प्रमुख अमन शर्मा ने कहा कि सपा सांसद ने भारत माता के लिए प्राण न्योछावर करने वाले राणा सांगा के प्रति ओछी मानसिकता दिखाई है। जिन लोगों ने भारत के गौरवपूर्ण इतिहास को कभी नहीं जाना उन्हें भारत के इतिहास पर टिप्पणी करने की कोई आवश्यकता नहीं।

# आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया में धांधली और भ्रष्टाचार बोल बाला

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही कितना ही दाबा करें उनकी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त अपराध मुक्त सुशासन की रीति नीति पर प्रशासनिक अमला कार्य कर रहा है यह बात मंच से कहने में और भले ही लोगों को अच्छी लगती हो लेकिन वास्तविकता में देखा जाए तो अधिकारियों को सरकार का किंचित मात्र को भय नहीं है । वह अपनी कार्य प्रणाली में अपनी मनमानी करने में लगे हैं विगत दिनों जनपद में आंगनबाड़ियों की नियुक्ति की गई है जिसमें पारदर्शिता के नाम चयन समिति बनाई गई थी जिसका कार्य केवल कागजों तक ही सीमित रहा बताया जाता है। जानकारी के अनुसार जिले भर से 10 हजार 500 आवेदन प्राप्त हुए थे आंगनबाड़ी के पद के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट बताई जाती है इस पद के लिए अधिकांश आवेदन करने वाली महिलाएं ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट ने आवेदन किए थे जिनमें से 213 आंगनबाड़ियों को नियुक्ति प्रदान की गई है इस नीति प्रक्रिया पर अनेको लोगों के द्वारा चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता नीति पर प्रश्न चिन्ह लगाए गए हैं गोवर्धन क्षेत्र की एक आवेदिका मडोरा निवासी कृष्णा ने उप जिला अधिकारी गोवर्धन को लिखित शिकायती पत्र देकर चयन प्रक्रिया की जांच का आग्रह किया गया था मजे की बात यह है उक्त प्रार्थना पत्र को एसडीएम गोवर्धन ने जिस बाल विकास परियोजना अधिकारी पर गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था उसी के पास जांच के लिए भेज दिया गया ऐसे में क्या निष्पक्ष जांच होना संभव है गोवर्धन का ही एक और मामला प्रकाश में आया है जिसमें ओबीसी समाज के लिए आरक्षित तीन पदों पर एक ही परिवार की रिश्ते की सास बहू को चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया है जो आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया में हुए भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी से जानकारी की गई तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया हमारे यहां चयन समिति के द्वारा आंगनबाड़ियों को किया गया है जबकि सत्यता यह है की चयन समिति के जो सदस्य हैं वह तो कागज तक ही सीमित रहे हैं सब कुछ विभागीय बाल विकास परियोजना अधिकारियों के द्वारा किया गया है।

# हाफिजो और इंसानियत के अलमदारों को किया सम्मानित

■ सभी मसलकों के मानने वाले धर्मगुरू आए एक ही मंच पर नजर

■ कुरानी एक्सीलेंस एंड मोटिवेशन 2025 प्रोग्राम हातिम सराय संभल में संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** रमजान के आखिरी जुमा तू ल विदा के मौके पर शाह हातिम हलीम मस्जिद मैं इस साल तरावी में कुरान सुनने वाले हुफ़्फाज इकराम का सम्मान समारोह किया गया। साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को चैंपियन ऑफ सोसाइटी एंड ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मगुरु मौलाना मुनव्वर साहब ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना अब्दुल मोईद संभाली , मौलाना बिलाल कासमी साहब मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कारी मोहम्मद नूरानी इमाम जामा मस्जिद सिरसी और मौलाना सादिक कासमी इमामे ईदगाह सिरसी मौजूद रहे। हाफिज वा कारी अयाज़ वारसी, और कारी फुरकान ने तिलावत ए कुरान से प्रोग्राम शुरू किया। जबकि कारी नोमन ने नात शरीफ पड़ी सभी मसलको के मानने वाले लोग आए एक ही मंच पर नजर कारी मोहम्मद नूरानी ने कहा हमारे ख्याल अलग हो सकते हैं ।लेकिन हम सब एक है और दुरुद शरीफ की फजीलत बताइए। एकता पर बल दिया। मौलाना सादिक कासमी इमामे ईदगाह सिरसी ने कहा हाफिज ए कुरान दुनिया का सबसे अमीर आदमी है। अपने आप को कम तर ना समझे। हाफिज 10 ऐसे लोगों की मग़ फिरत कराएगा जिन पर जहन्नम वाजिब हो गई हो। कुरान की तालीम इंसानियत सिखाती है। लखनऊ से तशरीफ़ लाए मुफ्ती जुनैद कासमी उस्ताद मदरसा नदवातुल उलमा ने कहा । हाफिज को अपने मर्तबे को समझना चाहिए। आप उम्मत का बेहतरीन फरमाया हो आपको मोहब्बत की निगाह से देखा जाता है। आप लोगों से कोई ऐसी गलती ना हो जिससे लोगों को उंगली उठाने का मौका मिले। इस मौके पर लगभग 50 हुफ्फा जे इकराम को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ समाज में अमन और शांति न्याय के क्षेत्र में काम करने वाले 10 लोगों को भी सर्टिफिकेट ट्रॉफी से सम्मानित किया। सरसी के वरिष्ठ समाजसेवी को मुद्दों पर आधारित काम करने के लिए। चैंपियन ऑफ सोसाइटी एंड ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कारी मुस्तफा हसन अशरफी एडवोकेट शोएब वास्ती मास्टर इस्माइल हाफिज नईम हाफिज हबीब हकीम सुभान सभासद्पति मोहम्मद आसिफ कारी रिजवान अमीरी मास्टर अकरम नासिर अंसारी अबूजर कुरैशी मौलाना मोहम्मद मियां के साहबजादे मौलाना हमजा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना रिहान फलाही साहब ने किया। डॉक्टर इफ्तिखार अहमद ने कुरान के पारो आएतो और रुकू अल्फाजों पर रोशनी डाली मौलाना बिलाल कासमी साहब ने मुल्क में अमन चैन और सुकून के लिए दुआ कराई। सभी आए हुए मेहमानों हफीजो औरउलमा इकराम का शाह हातिम एजुकेशनल सोसाइटी ने शुक्रिया अदा किया। और आखिर में मिठाई बांटी गई। लोगों ने इस नूरानी महफिल की बहुत तारीफ की और कहा कि इस तरह के प्रोग्राम होते रहना चाहिए। सभी मसलकों के एक ही मंच पर आने से न सिर्फ एकता को बल मिलेगा बल्कि समाज में एक अच्छा पैगाम पहुंचेगा।

# बी.एस.ए. कॉलेज में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष कंप्यूटर साइंस की छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो डॉ. ललित मोहन शर्मा,कंप्यूटर साइंस विभाग की कोऑर्डिनेटर प्रो. डॉ. उमा रानी, डॉ. सतीश गौतम, प्रो डॉ. एस. के. राय,भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. रुद्राक्ष तिवारी, डॉ. काशदेव शर्मा, एवं डॉ. तरुण पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें मनमोहक नृत्य, सुमधुर गायन, और वाद्य यंत्रों की मनभावन धुनें प्रमुख आकर्षण रहीं। इसके अलावा, म्यूजिकल चेयर, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य रोमांचक गतिविधियों ने भी पूरे माहौल को और भी जीवंत बना दिया। मिस्टर और मिस फेयरवेल के लिए रोमांचक चयन प्रक्रिया

समारोह का सबसे प्रतीक्षित क्षण तब आया जब मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल के खिताब के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों से विभिन्न बुद्धिमत्तापूर्ण और तर्कसंगत प्रश्न पूछे गए, जिनके उत्तरों ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। अंततः लावण्या गौतम को %मिस्टर फेयरवेल% और मोनिका को %मिस फेयरवेल% के खिताब से नवाजा गया।

निर्णायक मंडल में शामिल सभी प्रोफेसरगणों ने छात्रों की वाकपटुता, आत्मविश्वास, ज्ञान और व्यवहारिकता का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों ने भी बेहतरीन उत्तर दिए, जिससे विजेता का चयन करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के इस विशेष पल में पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा कि विदाई केवल एक अवसर नहीं, बल्कि जीवन के अगले चरण की ओर बढ़ने की शुरुआत है। यह कॉलेज आपके व्यक्तित्व निर्माण की नींव रहा है, जहां आपने शिक्षा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की सीख ली। भविष्य में जब आप अपने सपनों को साकार करेंगे, तब यह संस्थान गर्व करेगा कि आपने यहां से अपनी यात्रा शुरू की थी। चुनौतियों का सामना निडर होकर करें, अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाते रहें, और समाज के उत्थान में योगदान दें। सफलता केवल डिग्रियों से नहीं, बल्कि आपके प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास से तय होती है। हमें विश्वास है कि आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर, अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।

# फैमिली पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए स्टाइल करें ये सिल्क साड़ी, आप पर टिक जाएगी हर नजर

ऐसे में आप भी फैमिली फंक्शन में सिल्क साड़ी वियर कर सकती हैं। इसलिए आप इस आर्टिकल के



जरिए हम आपको सिल्क साड़ियों के बारे में बताने जा रही हैं। इन साड़ी को वियर करने के बाद हर किसी की नजर आप पर टिकी रह जाएगी। महिलाएं खूबसूरत नजर आने के लिए साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आपको कई सारे साड़ी के ऑप्शन मिल जाएंगे। वहीं फैमिली फंक्शन में भी महिलाएं रॉयल और स्टाइलिश लुक पाने के लिए साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप भी फैमिली फंक्शन में सिल्क साड़ी वियर कर सकती हैं। साथ ही इसमें आपको लुक भी बेहद खूबसूरत नजर आएगा। वहीं आप सस्ते दाम में इस तरह की साड़ी पहन सकती हैं। इसलिए आप इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिल्क साड़ियों के बारे में बताने जा रही हैं। इन साड़ी को वियर करने के बाद हर किसी की नजर आप पर टिकी रह जाएगी।

**वोवन सिल्क साड़ी**

अगर आप भी फैमिली पार्टी में सबसे हटकर नजर आना चाहती हैं, तो आपको सिल्क साड़ी पहननी चाहिए। यह साड़ी वोवन सिल्क में हैं और इसको पहनकर आपको बेहद खूबसूरत और रॉयल लुक मिलेगा। फैमिली पार्टी के अलावा आप शादी जैसे खास मौकों पर भी इस तरह की साड़ी वियर कर सकती हैं। मार्केट में आप 3,000 रुपए तक यह साड़ी पहन सकती हैं। आप इस साड़ी के साथ हाफ स्लीव्स वाले कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज कैरी करें। वहीं ज्वेलरी में आप चोकर सेट वियर कर सकती हैं।

**जरी वर्क साड़ी**

पार्टी या फंक्शन में जाने के लिए आप जरी वर्क साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इसको पहनकर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं ये साड़ी इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। महिलाएं कई खास मौकों पर इस तरह की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। इस साड़ी में आपको कई डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आप 2,000 से 4,000 रुपए तक की कीमत में ले सकती हैं। जरी वर्क वाली साड़ी को आप हाफ स्लीव्स वाले ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं।

**कांजीवरम साड़ी**

फैमिली पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप कांजीवरम साड़ी का भी चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी देखने में जितनी अधिक खूबसूरत लगती है, उतनी ही पहनने के बाद लगती है। आप बैकलेस या स्लीवलेस ब्लाउज के साथ इस तरह की साड़ी को वियर कर सकती हैं। इस साड़ी को पहनकर आपका लुक भीड़ से अलग नजर आएगा। आप कांजीवरम साड़ी के साथ स्टोन वर्क ज्वेलरी भी वियर कर सकती हैं।

# ईद पर शरारा-गरारा नहीं, इस तरह के यूनिक आउटफिट पहनें, माशाल्लाह खूबसूरत दिखेंगी



ईद का त्योहार नजदीक आ चुका है। इस खास दिन के लिए आप भी यूनिक आउटफिट की तलाश में जरुर होगी। अब शरारा-गरारा तो सभी पहनते हैं। अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहते हैं, तो आप इस तरह के आउटफिट जरुर पहन सकते हैं। आज हम आपको इस लेख में यूनिक आउटफिट बताने जा रहे हैं। ईद खुशी, जश्न और एकजुटता से परिपूर्ण त्योहार है। ईद पर बेहतरीन आउटफिट पहनने के लिए बेहद खास त्योहार। चाहे आप किसी पारिवारिक समारोह में शामिल हो रहे हों, प्रियजनों से मिलने जा रहे हों या किसी उत्सव के लिए बाहर जा रहे हों, सही आउटफिट चुनना उत्सव की भावना में चार चांद लगा देता है। आप इस ईद पर पारंपरिक पहनावे से लेकर आधुनिक फ्यूजन वियर तक, हर पसंद के हिसाब से कई तरह के स्टाइल वियर कर सकते हैं।

**शोल्डर स्ट्रैप्स टॉप पलाजो और श्रग**

ईद के अवसर पर एकदम हटके दिखने के लिए आप फ्लोरल प्रिंटेड शोल्डर स्ट्रैप्स टॉप पलाजो और श्रग वाली ड्रेस पहन सकते हैं। इसे पहनकर आप ईद के त्योहार को यादगार बना सकते हैं।

**वी-नेक क्रॉप टॉप विद ड्रेप्ड स्कर्ट और केप**

ईद के खास मौके पर इस वी-नेक क्रॉप टॉप विद ड्रेप्ड स्कर्ट और केप वाले स्टाइलिश आउटफिट को भी ट्राई कर सकती है। इस आउटफिट में आप बेहद खूबसूरत दिखेंगी। इसको आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी खरीद सकती है।

# ईद पर चाहिए चांद जैसा ग्लो, तो घर पर ही कर लें फेशियल



अगर आप भी ईद पर चांद जैसा ग्लो चाहती है, तो सैलून जाकर पैसे खर्च करने की कोई जरुरत नहीं है। ईद से पहले ही घर पर करें फेशियल चेहरे पर दिखेगा जबरदस्त ग्लो। ईद का त्योहार खुशी, पारिवारिक मेलजोल और जश्न का समय होता है। इसके साथ ही इस अवसर पर चांद जैसा चेहरा दिखना भी काफी जरुरी होता है। घर पर छ्ढ्ढ्ङ्ख फेशियल खुद को लाड़-प्यार करने और सैलून जाए बिना प्राकृतिक चमक पाने का एक शानदार तरीका है। यह रूटीन आपकी त्वचा को साफ, एक्सफोलिएट और हाइड्रेट करने में मदद करेगा, जिससे आपकी स्किन ईद के लिए यह मुलायम और जवां हो जाएगी। अगर आप घर पर ही ईद के लिए फेशियल करना चाहते हैं, तो आप एक आसानी से स्किनकेयर रूटीन बना सकते हैं। ईद से पहले घर पर ही फेशियल करने से आपको त्यौहार के समय ही चमकती हुई और तरोताज़ा त्वचा मिलेगी। इस लेख में हम आपको प्राकृतिक रुप से अपने चेहरे पर फेशियल कैसे करें आपको बताने जा रहे हैं। घर पर ईद के लिए फेशियल करने का स्टेप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। फेशियल करने के लिए सबसे पहले आप अपने चेहरे को क्लीन करें। इसके लिए आप अपनी स्किन अनुसार क्लींजर का प्रयोग करें और चेहरे की डीप क्लींजिंग करें। अगर आप गंदे चेहरे पर ही फेशियल करेंगे तो इससे त्वचा साफ नहीं होगी।

**स्क्रब करें**

चेहरे को क्लीन करने के बाद स्क्रब करना जरुरी होता है। इसलिए आप घरेलू स्क्रब या फिर बाजार में मिलने वाला स्क्रब का इस्तेमाल करके अपना चेहरा चमका सकते हैं। अपने चेहरे पर स्क्रब लगाएं और अब हल्के हाथों से मसाल करें। 5-7 मिनट के बाद चेहरे को आप धो सकते हैं।

**भाप जरुर लें**

स्क्रब के बाद चेहरे पर भाप लेना चाहिए इससे त्वचा के पोर्स पूरी तरह से खुल जाते हैं। अगर आप भाप लेती हैं तो आपके चेहरे की डीप क्लींजिंग हो जाएगी। इससे आपका चेहरा अंदरुनी तौर पर साफ हो जाएगा और यह ग्लो भी करेगा।

**मास्क लगाएं**

स्टीम लेने के बाद चेहरे पर मास्क लगाना काफी जरुरी है। बाजार में कई सारे स्किन केयर के लिए मास्क मिलते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियां देता है। ऐसे में आप भी अपनी त्वचा के हिसाब से मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। 5-10 मिनट के लिए चेहरे पर मास्क जरुर लगाएं और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**टोनर का इस्तेमाल करें**

चेहरे पर मास्क लगाने के बाद फेस पर टोनर जरुर लगाएं। यह आपकी त्वचा को नमी पहुंचाता है। इस मौसम में टोनर का प्रयोग जरुर करना चाहिए।

**सबसे आखिरी में मॉइस्चराइजर लगाएं**

जब फेशियल हो जाए इसके बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए अपने स्किन टाइप को ध्यान में रखते हुए चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाएं।

# बिना केमिकल पाएं ग्लोइंग स्किन, बस ऐसे लगाएं टमाटर का जूस

टमाटर का रस डलनेस से लेकर टैनिंग या पिगमेंटेशन को दूर करके स्किन को ब्राइटन करने में मददगार है। टमाटर के रस को आप कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं और अपनी स्किन को ब्राइटन बना सकते हैं।

हम सभी अपनी स्किन को ब्राइटन करना चाहते हैं और इसके लिए कई अलग-अलग ब्यूटी प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करते हैं। लेकिन अगर आप अपनी स्किन को निखारने के लिए नेचुरल, आसान और बजट-फ्रेंडली तरीके की तलाश में हैं, तो ऐसे में टमाटर का जूस आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। दरअसल, टमाटर के रस में विटामिन सी, एंटी-ऑक्सीडेंट और नेचुरल एसिड पाए जाते हैं, तो डार्क स्पॉट्स को कम करने, त्वचा की रंगत को एक समान करने और उसे एक निखार देने में मदद करता है।

टमाटर का रस डलनेस से लेकर टैनिंग या पिगमेंटेशन को दूर करके स्किन को ब्राइटन करने में मददगार है। टमाटर के रस को आप कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल



कर सकते हैं और अपनी स्किन को ब्राइटन बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको टमाटर के रस को इस्तेमाल करने के ऐसे ही कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिसकी मदद से आप ब्राइटन स्किन पा सकते हैं-

**टोनर की तरह करें इस्तेमाल**

यह टमाटर को इस्तेमाल करने का एक आसान तरीका है। टोनर के रूप में टमाटर को इस्तेमाल करने से पोर्स टाइटन होता है, अतिरिक्त ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। साथ ही साथ, समय के साथ स्किन में ग्लो आता है।

**कैसे उपयोग करें-**

ताजा टमाटर का रस निकालें।

तैयार रस में एक कॉटन बॉल डुबोएं और इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं।

इसे लगभग 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें।

बेहतरीन परिणामों के लिए इसे रोज़ाना इस्तेमाल करें।

**टमाटर और शहद का फेस मास्क**

अगर आपको अपनी स्किन रूखी लगती है, तो यह मास्क स्किन को ब्राइटन करने के साथ-साथ उसे हाइड्रेट करेगा। जहां टमाटर का रस स्किन को चमकदार बनाता है, वहीं शहद नमी प्रदान करता है।

**कैसे उपयोग करें-**

1 चम्मच टमाटर के रस में 1 चम्मच शहद मिलाएं।

इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक लगा रहने दें।

अंत में, गुनगुने पानी से धो लें।

टमाटर और एलोवेरा जेल

यह एक सूदिंग और ब्राइटन फेस पैक है। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव या इरिटेटिड है, तो यह सबसे अच्छा विकल्प है। जहां, टमाटर स्किन को चमकदार बनाता है, वहीं एलोवेरा रेडनेस और जलन को शांत करता है।

**कैसे इस्तेमाल करें-**

1 बड़ा चम्मच टमाटर के रस में 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।

अंत में, चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

# डीपलाइन नेक आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकते हैं ये ज्वेलरी, इन नेकपीस में दिखेंगी आप बला की खूबसूरत



आजकल डीपलाइन आउटफिट में काफी ट्रेंट में है। अगर आप भी अपने आउटफिट में जान डालना चाहते हैं, तो आप ट्रेंडी ज्वेलरी को वियर कर सकते हैं। आप यूनिक ज्वेलरी वियर करेंगी तो लुक और भी खिल के आएगा। फैशन के दौर में खुद को स्टाइलिश दिखाने के लिए हम सभी कई प्रयास करते हैं। अगर आपके पास डीप नेकलाइ ड्रेस है और आप इस लुक को बेहतरीन बनाना चाहते हैं, तो आप ट्रेंडी ज्वेलरी को जरुर ट्राई करें। डीप नेकलाइन ड्रेस के लिए ज्वेलरी स्टाइल करते समय, संतुलन बनाए रखते हुए नेकलाइन की सुंदरता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। अगर आप डीप नेकलाइन ड्रेसेज पहनना पसंद करती हैं, तो इसके साछ ज्वेलरी का डिजाइन और स्टाइल का खास ध्यान रखता है।

**पर्ल डिजाइन नेकलेस सेट**

यदि आप डीप नेकलाइन ड्रेसेज पहनना पसंद करती हैं, तो आप वेस्टर्न आउटफिट के साछ स्लीक डिजाइन वाले पर्ल नेकलेस सेट पहन सकती है। इसमें आपको छोटे से लेकर बड़े मोती का डिजाइन मिलेगा। इस लुक को आप भी कैरी कर सकते हैं।

**लेयर वाले लॉन्ग नेकलेस सेट**

अगर आप अपनी आउटफिट को बेहतरीन लुक देना चाहते है, तो आप लॉन्ग नेकलेस सेट वियर कर सकते हैं। इससे लुक भी अट्रैक्टिव दिखेगा और सब लोग आपकी तारीफ करेंगे। मार्केट में इस तरह के सेट 400 से 800 रुपये में आपको मिल जाएंगे।

**सिंपल ज्वेलरी**

यदि आप अपने आउटफिट के लिए सिंपल डिजाइन वाले नेकलेस पहन सकते हैं। इसे आप बाजार या ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं। आपको सिंपल फ्लावर पैटर्न डिजाइन वाली ज्वेलरी वियर कर सकते हैं।

# चेहरे की झुर्रियों को हटाने के लिए कहीं आप नहीं कर रहे इस्ट्रोजन क्रीम का इस्तेमाल, रिसर्च जानकार आप हो जाएंगे हैरान

वैसे तो महिलाओं के शरीर में नेचुरल रुप से एक हार्मोन होता है, जो उम्र के बढ़ने के साथ ही कम होने लगता है। जिससे आपकी त्वचा शुष्क और बेजान होने लगची है। वहीं, इस्ट्रोजन क्रीम लगाने से त्वचा में कोलेजन उत्पादन को बढाकर आपकी स्किन को स्वस्थ और जवां बनाए रखता है। लेकिन इस क्रीम के प्रयोग करने से नुकसान हो सकते हैं।

उम्र के साथ-साथ त्वचा पर झुर्रियों को बढ़ना एक आम चिंता है, जिसके कारण कई लोग युवा दिखने के लिए अलग-अलग उपचारों की तलाश करते हैं। विभिन्न त्वचा देखभाल समाधानों में से एक एस्ट्रोजन क्रीम, जो अपने संभावित एंटी-एजिंग लाभों के लिए ध्यान आकर्षित किया है। चूंकि एस्ट्रोजन त्वचा की सॉफ्ट, नमी और कोलेजन उत्पादन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए कुछ लोगों का मानना ??है कि एस्ट्रोजन क्रीम को त्वचा पर लगाने से झुर्रियां

**चिंता**

> **उम्र के साथ-साथ त्वचा पर झुर्रियों को बढ़ना एक आम चिंता है, जिसके कारण कई लोग युवा दिखने के लिए अलग-अलग उपचारों की तलाश करते हैं।**

कम करने और त्वचा की बनावट में सुधार करने में मदद मिल सकती है। लेकिन क्या यह वास्तव में काम करता है? इस लेख में हम आपको एस्ट्रोजन क्रीम के यूज करने से क्या नकुसान होते हैं, आइए आपको बताते हैं।

**एस्ट्रोजन क्रीम से जुड़ी खास बातें**



शोध में पाया गया है कि इस्ट्रोजन क्रीम का नियमित उपयोग त्वचा की लोच बढ़ाने, झुर्रियां कम करने और नमी बनाए रखने में मदद कर सकता है। जिन लोगों ने इस क्रीम का इस्तेमाल किया, उनकी त्वचा अधिक मुलायम और स्वस्थ दिखी। लेकिन हर किसी को यह क्रीम सूट नहीं करती। एक्सपर्ट के मुताबिक उन लोगों को यह क्रीम नहीं लगानी चाहिए, जिनका जिनका इस्ट्रोजन स्तर उम्र या किसी अन्य कारण से कम हो गया हो, जैसे कि मेनोपॉज या एंड्रोजन असंतुलन।

**क्या इस्ट्रोजन क्रीम पुरुषों और महिलाओं के लिए सेफ है**

इस क्रीम के उपयोग से फायदे तो खूब मिलते हैं लेकिन इसके नुकसान भी कई है। एक्सपर्ट के मुताबिक, इस क्रीम से लगाने से महिलाओं को शरीर में हार्मोनल असंतुलन हो सकता है, जिससे मूड स्विंग, सिरदर्द, त्वचा पर रैशेज या एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त पुरुषों में इस क्रीम का इस्तेमाल करने से टेस्टोस्टेरोन लेवल को प्रभावित कर सकता है, जिससे थकान, मसल लॉस और अन्य हार्मोनल बदलाव हो सकते हैं। इसलिए यह क्रीम महिला और पुरुष दोनों के लिए नुकसानदायक है।

**नेचुरल रुप से स्किन को जवां रखें**

इसके अलावा आप संतुलित आहार का सेवन करें। हाइड्रेशन जरुरी है, दिनभर खूब पानी पिएं। स्किन केयर रुटीन को फॉलो करें। सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। रोजाना एक्सरसाइज करें।

# हीटिंग टूल्स के इस्तेमाल से गायब हुई बालों की शाइन आएगी वापस, अपनाएं ये सिंपल ट्रिक्स

हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करने से बालों में बाउंस आ जाता है। लेकिन हीटिंग मशीन के ज्यादा इस्तेमाल से बालों की स्कैल्प कमजोर हो जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप हीटिंग मशीन से बालों को होने वाले नुकसान से कैसे बचा सकते हैं। शादी या पार्टी में जाने के लिए जिस तरह से हम अपने आउटफिट के साथ-साथ अपने हेयर स्टाइल को भी खास बनाते हैं। हम ऐसा लुक और हेयर स्टाइल क्रिएट करते हैं, जिससे कि हमारा लुक अच्छा नजर आएगा। ऐसे में हेयर स्टाइल बनाने के लिए हीटिंग टूल्स का भी इस्तेमाल करते हैं। हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करने से बालों में बाउंस आ जाता है। लेकिन हीटिंग मशीन के ज्यादा इस्तेमाल से बालों की स्कैल्प कमजोर हो जाती है। ऐसे में बाल रफ, ड्राई और कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के

**स्टाइल**

> **शादी या पार्टी में जाने के लिए जिस तरह से हम अपने आउटफिट के साथ-साथ अपने हेयर स्टाइल को भी खास बनाते हैं।**

जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप हीटिंग मशीन से बालों को होने वाले नुकसान से कैसे बचा सकते हैं।

**पहले से बालों को करें तैयार**

हीटिंग मशीन के इस्तेमाल से बाल ज्यादा खराब होते हैं। इसलिए बालों को पहले अच्छा पोषण दें।



इससे बालों में लगने वाली हीट स्कैल्प को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। साथ ही हीटिंग मशीन का इस्तेमाल करने के बाद आपको पार्लर जाकर हेयर स्पा या अन्य ट्रीटमेंट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप चाहें तो हीटिंग से बचने वाले शैंपू या कंडीशनर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कुछ समय बाद बालों को वॉश करें**

अक्सर हम बाहर से आने के बाद बालों को वैसा ही छोड़ देते हैं। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे बाल ज्यादा खराब हो सकते हैं। इससे अच्छा है कि आप बालों को समय रहते वॉश कर लें। फिर बालों पर सीरम अप्लाई करें। इससे बालों को पोषण मिलता है और बाल डैमेज नहीं लगेंगे। आप बालों के टेक्सचर के हिसाब से सीरम का इस्तेमाल करें।

**मेंटेन रखें हीटिंग लेवल**

बता दें कि जब हमको अच्छा हेयर स्टाइल बनाना होता है, तो इसको रोकने के लिए हम ज्यादा लेवल के साथ हीटिंग मशीन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। हीटिंग लेवल उतना ही रखें, जितना में आपके बालों में कम हीट लगे। इससे आपके बाल कम डैमेज होंगे और दोबारा बालों को सामान्य करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी।

# चेहरे की खूबसूरती कहीं बिगड़ ना दे मुल्तानी मिट्टी

स्किन केयर का देखभाल करना भी काफी जरुरी होता है। आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल जरुर करते होंगे, लेकिन इसमें कुछ चीजों को मिलाकर आपकी त्वचा खराब हो सकती है। इससे आपको नुकसान भी हो सकता है, आइए आपको बताते हैं किन चीजों को नहीं मिलाना चाहिए।

मुल्तानी मिट्टी जिसे फुलर अर्थ के नाम से भी जाना जाता है, यह एक प्राकृतिक मिट्टी है जिसका इस्तेमाल त्वचा की देखभाल में व्यापक रूप से किया जाता है क्योंकि इसमें तेल सोखने, सफाई करने और ठंडक देने के बेहतरीन गुण होते हैं। मैग्नीशियम, सिलिका और कैल्शियम जैसे खनिजों से भरपूर होते हैं, जो सदियों से आयुर्वेदिक और पारंपरिक सौंदर्य उपचारों में एक मुख्य तत्व बन गया है। आज भी घरों में लोग मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक जरुर लगाते हैं। मुल्तानी मिट्टी से प्रयोग हम सभी करते हैं, लेकिन कई बार मुल्तानी मिट्टी में ऐसे इंग्रीडिएंट्स मिला देते



हैं, जिससे स्किन खराब हो जाती है।

**बेकिंग सोडा**

कभी भी मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक बनाने के लिए उसमें बेकिंग सोडा मिक्स नहीं करना चाहिए। क्योंकि बेकिंग सोडा का पीएच 9 होता है, जो स्किन के लिए अल्कलाइन होता है। इसके प्रयोग से आपकी स्किन बहुत अधिक रूखी व इरिटेड स्किन कर देता है।

**नींबू का रस**

मुल्तानी मिट्टी फेस पैक बनाते समय नींबू का रस नहीं मिलाना चाहिए। क्योंकि नींबू के रस में पीएच काफी मात्रा में पाया जाता है। जिस कारण से एसिडिक होता है। वहीं, मुल्तानी मिट्टी अल्कलाइन होता है। इसलिए इन दोनों को आपस में ना मिलाएं। वरना आपके चेहरे पर रेडनेस की शिकायत हो सकती है।

**चीनी या नमक**

जब भी आप घर पर मुल्तानी मिट्टी का स्क्रब बना रहे हैं, तो उसमें चीनी या नमक मिक्स ना करें। यह आपकी स्किन को खराब कर सकती है। आपको रेडनेस और जलन के साथ-साथ प्री-मैच्योर एजिंग की शिकायत हो सकती है।

## बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ये अस्वीकार्य

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के जज सख्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन - 2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि ऐसे समाधान तलाशने की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बता दें कि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं।



इस मौके पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, भारत की राजधानी में नियमित रूप से उच्च स्तर का प्रदूषण होता है। मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से सहमत हो सकते हैं कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना स्वीकार्य नहीं है, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए मास्क की आवश्यकता हो या कम उम्र में श्वसन संबंधी बीमारियों की चिंता हो। उन्होंने कहा, यह कार्रवाई के लिए एक तत्काल आह्वान है, एक संकेत है कि हमें उत्सर्जन को विनियमित करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और टिकाऊ परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो हमारे द्वारा सांस लेने वाली हवा से समझौता किए बिना आर्थिक प्रगति की अनुमति देता है।

उन्होंने जल प्रदूषण को एक अन्य प्रमुख चिंता के रूप में चिन्हित किया, उन्होंने कहा कि कई पवित्र और प्राचीन नदियां अनुपचारित अपशिष्ट से भरी हुई हैं। जब मैं इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी यादों और चिंता का मिश्रण महसूस होता है... पुरानी यादों के लिए कि ये जल कितने जीवंत और शुद्ध थे और हमारी असमर्थता के लिए चिंता कि हम उन्हें उनके प्राकृतिक गौरव में संरक्षित कर सकें। औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार करना, सीवेज अवसंरचना को बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को नदी के किनारों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक कदम हैं।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण की भूमिका की सराहना करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि हरित निकाय 2010 में अपनी स्थापना के बाद से आशा की किरण के रूप में उभरा है और पर्यावरण विवादों के समाधान को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रदूषणकर्ता भुगतान करें और एहतियाती सिद्धांतों की वकालत करके, न्यायाधिकरण ने उद्योगों, सरकारी निकायों और नागरिकों को प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

## पीयू में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा की स्टार नाइट में छात्र की हत्या, विवाद के बाद मारा था चाकू

एजेंसी



**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय में एबीवीपी की ओर से स्क्रिट्रोन कार्यक्रम में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा की स्टार नाइट के दौरान एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। घायल युवक को पीजीआई में दाखिल करवाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, वारदात मुख्य स्टेज के पीछे ही हुई थी। म्यूजिक के शोर की वजह से पता नहीं चल पाया। हालांकि मौके पर कई स्टूडेंट्स ने शोर मचाया था लेकिन म्यूजिक की आवाज की वजह से पुलिस को भी काफी लेट पता चला। घायल छात्र की पहचान आदित्य ठाकुर के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था। वह यूआईईटी में सेकंड ईयर का स्टूडेंट था।

पंजाबी गायक गुरदास मान की स्टार नाइट रद्द होने के विरोध में स्टूडेंट काउंसिल की भूख हड़ताल चल रही थी। चौथे दिन उप प्रधान अर्चित गर्ग ने अपने साथियों के साथ अपनी हड़ताल जूस पीने के साथ खत्म की। मीटिंग के दौरान प्रधान अनुराग दलाल के सामने पीयू अधिकारियों ने माना कि उनकी ओर से गलती हुई। आगे से उन्होंने फंड को स्टूडेंट्स काउंसिल के सभी सदस्यों में समान रूप से बांटने, फंड को लेकर स्टूडेंट काउंसिल का अकाउंट खोलने और एक कमेटी गठित करने का लेटर जारी किया। ताकि फंड की पारदर्शिता रहे। उन्होंने अर्चित गर्ग को साढ़े 7 लाख रुपए देने का एलान भी किया, जोकि उनके स्टार नाइट को लेकर खर्च हुए थे। बीते कल भूख हड़ताल पर बैठे एनएसयूआई के सदस्यों ने फंड में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे, जिसको लेकर शुक्रवार को डीएसडब्ल्यू के साथ प्रधान की मीटिंग हुई। इसमें फंड के बिल पेश किए गए।

## क्विक न्यूज

### इस राज्य के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली।** 2026 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, पश्चिम बंगाल पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य का अंतिम पूर्ण बजट पेश कर दिया है। इस बजट में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (ष्ठ) में 4त्न की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। राज्य वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में किए बयान में बताया कि यह बढ़ोतरी लाखों सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के बढ़ते प्रभार से राहत दिलाने का महत्वपूर्ण कदम है। कई महीनों से महंगाई भत्ते में सुधार की मांग करने वाले कर्मचारियों ने इस घोषणा का स्वागत किया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। बजट में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी के अलावा अन्य प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। हालांकि, लक्ष्मी भंडार योजना के लिए आवंटित राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई, वहीं घाटल मास्टर प्लान के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अगले दो वर्षों में पूरी होने की संभावना है, जिससे राज्य के विकास में योगदान मिलेगा।

### स्कूल बना मसाज पार्लर! क्लास रुम में छात्राओं से पैर दबवाती दिखी महिला टीचर

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका पर छात्राओं से अपने पैर दबवाने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में शिक्षिका को छात्राओं से पैर दबवाते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद से उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में तीन अलग-अलग क्लिप्स हैं। दो वीडियो में शिक्षिका छात्राओं से पैर दबवाती हुई स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं। पहले वीडियो में, शिक्षिका बेंच पर बैठी हैं और कुछ छोटी छात्राएं नीचे बैठकर उनके पैरों की मालिश कर रही हैं। दूसरे वीडियो में, शिक्षिका दरी पर बैठी हैं, उनके पैरों पर एक किताब रखी है और छात्राएं उनके पैर दबा रही हैं।

## राजस्थान की विभिन्न कृषि उपज मण्डी समितियों में होंगे विकास कार्य

**जयपुर।** किसानों एवं व्यापारियों के लिए कृषि उपज मण्डी समितियों में अधिकाधिक सुविधाएं विकसित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 24 करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कृषि उपज मण्डी समिति लालसोट, भवानीमण्डी, देवली एवं कोटपूतली में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए 7 करोड़ 27 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। साथ ही, कृषि उपज मण्डी समिति लूणकरणसर, श्रीकरणपुर, बीकानेर (अनाज), पूगल रोड (अनाज), बीकानेर, खाजूवाला, श्रीमाधोपुर, नोखा, श्रीडूंगरगढ़ एवं पदमपुर में सम्पर्क सड़कों के निर्माण कार्य के लिए 16 करोड़ 73 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। शर्मा द्वारा उक्त कार्यों पर स्वीकृत लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि से कृषि उपज मण्डी समितियों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा।

## गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिली माफी, 2009 के नरसंहार के लिए काट रहे थे 20 साल की सजा

एजेंसी

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा दादिस कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था। इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के %अनियंत्रित% तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। नरसंहार से जिंदा बचे लोगों ने बताया कि कैमारा के राष्ट्रपति गार्ड ने स्टेडियम को घेर लिया और निकास द्वार को बंद कर दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की गई, जिससे वह बच नहीं पाए। पीड़ितों के परिवारों को शव लेने आने में कई दिन लगे। इतना ही नहीं, कई लोगों को उनके संबंधी कभी नहीं मिले। नरसंहार के कुछ महीनों बाद, कैमारा निर्वासन में चले गए, लेकिन एक दशक बाद वह गिनी लौट आए। मामाडी डौंबौया के नेतृत्व वाली मौजूदा जुंटा ने सितंबर 2021 में सत्ता पर कब्जा कर लिया।

# म्यांमार में राहत-बचाव कार्यों के लिए भारत ने भेजे 80 एनडीआरएफ कर्मी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए आगे आया है। देश ने राहत और बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 80 कर्मियों का दल म्यांमार भेजा है। इसमें खोजी कुत्ते भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत उठाया गया है। इससे पहले भी भारत ने दो मौकों पर विदेश में एनडीआरएफ को तैनात किया है, इनमें 2015 में नेपाल भूकंप और 2023 में तुर्किये में आया भूकंप शामिल है।




एनडीआरएफ कर्मियों को म्यांमार में सहायता प्रदान करने के लिए मजबूत कंक्रीट कटर, ड्रिल मशीन, हथौड़े आदि जैसे भूकंप बचाव उपकरणों के साथ तैनात किया जा रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई के हवाले से एक अधिकारी ने बताया, %80 एनडीआरएफ कर्मियों की एक टीम गाजियाबाद के हिंडन से भारतीय वायुसेना के दो विमानों में म्यांमार के लिए रवाना की गई है। टीम के शनिवार शाम तक म्यांमार पहुंचने की उम्मीद है।

अधिकारी के अनुसार, गाजियाबाद में स्थित 8वीं एनडीआरएफ बटालियन के कमांडेंट पीके तिवारी शहरी खोज और बचाव (यूएसएआर) टीम का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ टीम अंतरराष्ट्रीय खोज एवं बचाव सलाहकार समूह के मानदंडों के अनुसार म्यांमार में ढही संरचना की खोज एवं बचाव अभियान का काम करेगी। इसके लिए वह अपने साथ बचाव कुत्तों को भी साथ ले गई है।

इससे पहले, भारत ने शनिवार को भारतीय वायु सेना के सी130जे सैन्य परिवहन विमान पर म्यांमार के यांगून शहर में लगभग 15 टन राहत सामग्री भेजी। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विनाशकारी भूकंप पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार और थाईलैंड को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। बता दें कि म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई। भूकंप के तेज झटकों से इमारतें, पुल और अन्य संरचनाएं नष्ट हो गईं। अकेले म्यांमार में कम से कम 1,002 लोगों के मारे जाने की खबर है और सैकड़ों लोग लापता हैं। वहीं, भूकंप में अभी तक 1500 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं।

## रक्षा मंत्री महिलाओं के युद्धक्षेत्र में जाने के खिलाफ, फिटनेस और सैन्य नियमों में समीक्षा की पहल

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना में लड़ाई के लिए जरूरी फिटनेस और शारीरिक बनावट के नियमों की समीक्षा करने का फैसला किया है। इससे अलग-अलग सेनाओं (थल, जल, वायु) के नियमों में अंतर को लेकर बहस शुरू हो सकती है। सवाल यह है कि क्या सभी के लिए एक जैसे नियम होने चाहिए या फिर भर्ती और समाज के बदलते नियमों के हिसाब से बदलाव होने चाहिए?

बता दें कि पूर्व सैन्य अधिकारी पीट हेगसेथ महिलाओं के युद्ध क्षेत्र में जाने के खिलाफ रहे हैं। उनका मानना है कि महिलाओं को शामिल करने के लिए सेना के फिटनेस मानकों को आसान बनाया गया। वह चाहते हैं कि पुरुष और महिलाएं दोनों के लिए एक ही तरह के सख्त नियम लागू किए जाएं। रक्षा विभाग इस पर समीक्षा कर रहा है और आगे बदलाव किए जा सकते हैं। बीते 12 मार्च को भेजे गए एक ज्ञापन में हेगसेथ ने इस मामले में इरादे पूरी तरह से साफ कर दिए। उन्होंने कहा कि सेना के शारीरिक फिटनेस, शरीर की संरचना से जुड़े सभी मानकों पर जानकारी इकट्ठा की जाए, जिसमें दाढ़ी भी शामिल हो, लेकिन केवल दाढ़ी तक ही सीमित नहीं। उनका कहना था कि हमें ऐसे मानक बनाए रखने चाहिए जो हमारी सेना को मजबूत बनाए रखें, ताकि सेना दुनिया की सबसे प्रभावी लड़ाकू सेना बनी रहे।

देखा जाए तो हेगसेथ की ये समीक्षा खासकर उन महिलाओं के लिए चिंता का कारण है जो फ्रंटलाइन पर वर्षों से काम कर रही हैं। ज्ञापन में 2015 के बाद हुए मानक परिवर्तनों की समीक्षा की गई है, जब महिलाओं के लिए सेना के सभी विभाग में नौकरियां खोल दी गई थी। हालांकि रक्षा मंत्री हेगसेथ के सेना का समीक्षा करने के इस फैसले के बाद सवाल ये खड़ा हो रहा है कि क्या सभी सैन्य परीक्षणों को समान बनाया जाएगा या फिर लिंग और उम्र के आधार पर अलग-अलग मानक बनाए जाएंगे।

# लोगों के विरोध के बाद ऑस्कर अकादमी को मांगनी पड़ी माफी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यहूदियों द्वारा ऑस्कार विजेता हमदान बल्लाल पर हिंसक हमला किया गया था और उन्हें इजरायली सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले पर अकादमी द्वारा मामले का समर्थन ना करने और उनका नाम ना लेने के लिए सैकड़ों सदस्यों द्वारा विरोध किया गया था। विवाद बढ़ता देख अकादमी ने माफी मांग ली है। आइए जानते हैं पूरी खबर।

एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने बीते बुधवार को इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, लेकिन उन्होंने हमदान बल्लाल का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया। इस वजह से इसपर जांच शुरू हो गई थी। इस बयान के बाद अकादमी के लगभग 600 सदस्यों ने इसकी कड़ी निंदा की। पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में मार्क रफालो, जेवियर बार्डेम, ओलिविया कोलमैन, जोआक्विन फीनिक्स, एम्मा थॉम्पसन, पेनेलोप क्रूज और रिचर्ड गेरे शामिल रहे। इसके अलावा पत्रकार और 'नो अदर लैंड' के सह-निर्देशक युवल अब्राहम ने भी अकादमी की इस प्रतिक्रिया की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह हमदान के हमले पर चुप्पी है। सदस्यों द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया कि बल्लाल को निशाना बनाना सिर्फ उनके ऊपर हमला नहीं है, बल्कि उन सभी पर हमला है, जो सच बताने की कोशिश करता है।



अकादमी ने बीते शुक्रवार को बयान दिया कि उन्हें खेद है कि वह बल्लाल और फिल्म का नाम नहीं ले पाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह बल्लाल और सभी कलाकारों से माफी मांगते हैं, जिन्हें उनके पिछल बयानों से समर्थन नहीं मिला।

## चीन में अच्छा दोस्त देखना हमारे लिए अहम, मोहम्मद यूनुस बोले- रिश्ते और बेहतर होने की आस

एजेंसी

**बीजिंग।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि, हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है। हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है।

इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है।

मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें।

## वक्फ बिल पर ओवैसी ने केंद्र को घेरा, कहा- भाजपा के पास बहुमत नहीं, नीतीश और नायडू पर निर्भर हैं मोदी

एजेंसी

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि विधेयक को पारित कराने के लिए भाजपा के पास लोकसभा में बहुमत नहीं है। अगर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार इसका विरोध करते हैं, तो बिल पारित नहीं होगा।



ओवैसी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की बैसाखी पर निर्भर हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वक्फ बिल को लेकर देश में झूठ फैला रहे हैं। अमित शाह भारत सरकार के गृह मंत्री हैं और उनका बयान इस बात का सबूत है कि आप एक असांविधानिक कानून बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिसे अदालत में चुनौती दी जा सकती है। यह संविधान के अनुच्छेदों का उल्लंघन है और इससे पूरे देश के वक्फ को नुकसान होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ संपत्ति का खंड हटा रही है, इसका लाभ किसे मिलेगा? आप लाखों रुपये के राजस्व को छोड़ रहे हैं। अमित शाह देश से झूठ बोल रहे हैं कि वक्फ ट्रिब्यूनल को अदालत में चुनौती दी सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की बैसाखी पर निर्भर हैं और अगर वे इस असांविधानिक विधेयक का समर्थन नहीं करते हैं, तो यह कानून नहीं बनेगा। शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज के दौरान ओवैसी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा था कि वक्फ संशोधन विधेयक को संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रस्तावित कानून से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार संविधान के दायरे में वक्फ अधिनियम में संशोधन कर रही है। विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है। मुसलमानों के किसी भी अधिकार पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा।

# वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति से छेड़छाड़ पर जयपुर में बवाल

## सड़क जाम-बाजार बंद, पुलिस बल तैनात...............................

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर में प्रताप नगर के वीर तेजाजी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद विहिप और बजरंग दल समेत श्रद्धालुओं ने टोंक रोड पर जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

राजधानी के सांगानेर इलाके में शुक्रवार देर रात एक बड़ी घटना सामने आई, जब प्रताप नगर स्थित वीर तेजाजी मंदिर की मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। देखते ही देखते टोंक रोड पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।



आज सुबह से ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी इस प्रदर्शन में भाग लिया। आक्रोशित लोगों ने जयपुर-टोंक रोड को जाम कर दिया और प्रशासन से मांग की कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश के तहत धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए की गई है, इसलिए इस पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर के कई प्रमुख नेता घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने कहा कि यह केवल धार्मिक स्थल पर हमला नहीं है, बल्कि समाज में अशांति फैलाने की एक सोची-समझी चाल है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले की न्यायिक जांच करवाने और दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने की मांग की।

सांसद हनुमान बेनीवाल ने चेतावनी देते हुए एक्स पर पोस्ट डाली है। उन्होंने कहा कि जयपुर में प्रताप नगर के सेक्टर 3 में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ने को लेकर मैंने जयपुर पुलिस कमिश्नर से मूर्ति को तोड़ने वालों का जल्दी पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के संदर्भ में बात की है। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जयपुर में प्रताप नगर के सेक्टर 3 में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ने की जानकारी संज्ञान में आई,मैने जयपुर पुलिस कमिश्नर से मूर्ति को तोड़ने वाले बदमाशों का शीघ्रता से पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के संदर्भ में बात की घटना के विरोध में सांगानेर और प्रताप नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और माहौल गंभीर बना रहा। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। इस बीच जयपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को सामान्य करने की अपील की। बहरहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध गतिविधियों का पता चला है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। जयपुर पुलिस और प्रशासन ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

# जिलाधिकारी ने जनपद की 298 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 29 मार्च को जनपद की कुल 1,734 ग्राम पंचायतों में से 298 ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने टीबी मुक्त घोषित किया। इनमें रामपुर ब्लाक से 25, बरसठी से 32, बक्शा से 14, धर्मापुर से 13, डोभी से 10, जलालपुर से 20, करंजाकला से 27, केराकत से 17, मछलीशहर से 16, महराजगंज से 15, मड़ियाहूं से 16, मुफ्तीगंज से चार, रामनगर से 20, सिकरारा से 12, सिरकोनी से 20, सोंधी से 12, सुइथाकला से 10 और सुजानगंज से 15 ग्राम पंचायतें वर्ष 2024 में टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कराने के लिए सीएमओ डॉ0 लक्ष्मी सिंह तथा उनकी टीम को बधाई दी। साथ ही 298 ग्राम पंचायतों के प्रधानों की भी प्रशंसा की और उनसे 2025 में भी अपने गांव को टीबी मुक्त बनाए रखने की अपेक्षा की। उन्होंने सभी ब्लाकों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक सीएचओ को भी सम्मानित किया। इस दौरान बताया गया कि जनपद की कुल 10 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जो वर्ष 2023 तथा 2024 दोनों में ही टीबी मुक्त पाई गई हैं। यह ग्राम पंचायतें रामपुर ब्लाक से आकोपुर सपही, सुजानगंज से शेखनगर, बेलवार, जलालपुर से मझगवां खुर्द, कोहारी, आशापुर, कोरीं, बरसठी से राघोपुर, महराजगंज से डालूपुर, ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों को इस वर्ष जिलाधिकारी ने सिल्वर कलर की महात्मा गांधीजी की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शेष 288 ग्राम पंचायतों को वर्ष 2024 में प्रथम बार टीबी मुक्त घोषित होने पर कांस्य रंग की महात्मा गांधीजी की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने जनपद के सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि उनके आयुष्मान आरोग्य केंद्र के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों को इस वर्ष टीबी मुक्त करने के लिए अधिक से अधिक लोगों की जांचें कराई जाएं। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने जनपद के छह निक्षयमित्रों को भी टीबी मरीजों को पोषण पोटली देने के लिए सम्मानित किया गया जो निक्षयमित्र क्रमशः ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति जौनपुर, अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट जौनपुर, लायंस क्लब जौनपुर, रोटरी क्लब जौनपुर, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जौनपुर एवं सरजू प्रसाद शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ विशाल सिंह यादव के साथ ही सभी ब्लाकों के चिकित्सा अधीक्षक, सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान उपस्थित रहे। संचालन डीपीसी सलिल यादव तथा डॉ सुशील अग्रहरी ने किया। राजीव श्रीवास्तव, संजीव सिंह, नंदलाल यादव, रमेश यादव आदि एनटीईपी स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## परिचालक कर रहा था संचालन, चालक मौके से था नदारत

**आजमगढ़।** जनपद के परिवहन निगम परिक्षेत्र के परिसर में बसों का संचालन ड्राइवर के बजाय परिचालक कर रहे हैं जिससे हर समय बड़े हादसे की संभावना बनी रह रही है। इसकी एक बानगी शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे देखने को मिली जब ग्रामीण डिपो वाराणसी की अनुबन्धित बस परिचालक द्वारा चलाये जाने के दौरान परिसर में खड़ी एक दूसरी बस से टकरा गई और बस का शीशा टूटकर परिसर में बिखर गया। खड़ी बस में सवारी न होने की वजह से किसी प्रकार की जनहानि तो नहीं हुई लेकिन इस तरह के मनमाने कार्य से कभी भी परिसर में बड़ा हादसा हो सकता है। इस विषय में जब परिचालक से बात की गयी तो उसने कहा कि ड्राइवर न होने की वजह से बस को दूसरी जगह ले जा रहे थे और दुर्घटना हो गयी। अब चालक परिचालक और परिचालक चालक के कार्य को अंजाम देने की कोशिश करेंगे तो कहीं न कहीं हादसे तो होंगे ही। इस विषय में आरएम मनोज कुमार बाजपेयी ने कहा कि मामले की जानकारी अभी हुई है और जांच कर जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक के सम्मान में किया गया विदाई समारोह

- कुलसचिव, शिक्षक, कर्मचारियों ने कार्यशैली की प्रशंसा की

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक के अवकाश ग्रहण सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट योगदान को सराहा और भावभीनी विदाई दी। कर्मचारियों और शिक्षकों और प्रबंधकों ने अपने अपने ढंग से भेंट देकर उन्हें शुभकामनाएं दिए। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा, डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक ने अपनी कार्यशैली और निष्ठा से विश्वविद्यालय स्टोर के प्रशासन को सुचारु रूप से संचालित किया। उनकी कार्यकुशलता और समर्पण की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है।÷परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा, ÷डॉ. कौशिक न केवल एक योग्य प्रशासनिक अधिकारी थे बल्कि उनके व्यवहार में भी विनम्रता और सहयोग की भावना थी। हम उनकी कमी महसूस करेंगे।

समारोह में प्रो. मानस पांडेय ने उनके कार्यशैली की प्रशंसा की। कहा कि कौशिक ने हमेशा लोगों का सम्मान के साथ काम किया है। प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने भी उनसे ड्रेस सेंस के बारे में सीखा है। संचालन डॉ. राजेश सिंह ने किया।समारोह में डॉ. विजय सिंह, डॉ. राहुल सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. राकेश यादव, डॉ. राजबहादुर यादव, उप कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, स्वतंत्र कुमार, श्यामजी त्रिपाठी, राजनारायण सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, राधेश्याम सिंह मुन्ना, आनंद सिंह, रजनीश सिंह, सुशील प्रजापति, दिग्विजय सिंह, नीना गुप्ता, श्याम श्रीवास्तव, अरूण सिंह, ऋषि सिंह, सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. कौशिक के कार्यकाल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नीमा सेंट्रल कॉउन्सिल के सदस्य बनाए गए डॉ. डी.डी. सिंह

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अतुल प्रताप सिंह और महासचिव डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने नीमा आजमगढ़ के डॉ. डी.डी. सिंह और डॉ. विनोद कश्यप को नीमा सेंट्रल कॉउन्सिल का सदस्य मनोनीत किया है। कल शाम हुई इस घोषणा से नीमा आजमगढ़ के सभी सदस्यों में हर्ष का माहौल है। सभी सदस्य डॉ. डी.डी. सिंह और डॉ. विनोद कश्यप को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। नीमा अध्यक्ष डॉ. मनीष राय ने कहा कि आजमगढ़ नीमा के लिए बड़े हर्ष की बात है कि नीमा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. डी.डी. सिंह और नीमा सचिव डॉ. विनोद कुमार कश्यप को नीमा उत्तर प्रदेश की ओर से नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के सेंट्रल काउंसिल मेम्बर के रूप में नामित किया गया है। इससे आजमगढ़ नीमा की ताकत का पता चलता है। विदित हो कि नीमा आजमगढ़ में इस समय कुल 450 सदस्य हैं। नीमा आजमगढ़ का नीमा उत्तर प्रदेश और नीमा सेंट्रल के साथ बहुत ही मजबूत रिश्ता है। उसी का परिणाम है कि आजमगढ़ से दो लोगों को सेंट्रल कॉउन्सिल के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इससे हमारी ताकत और मजबूत होगी। और सेंट्रल तक अपनी बात पहुँचाना आसान होगा। मनोनयन के पश्चात डॉ. डी.डी. सिंह ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और आजमगढ़ नीमा के प्रत्येक सदस्य को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. डी.डी. सिंह ने कहा कि नीमा एक राष्ट्र व्यापी संगठन है, जिसमें आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सक सदस्य होते हैं। यदि किसी आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सक को कोई भी परेशानी होती है तो उसके लिए संगठन जिले स्तर से लेकर प्रदेश और देश स्तर तक साथ देता है।

# डा. सन्दीप पाण्डेय तीसरी बार बने भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



- अवधेश गिरि सचिव, जनार्दन पाण्डेय कोषाध्यक्ष, जयशंकर सिंह संगठन सचिव एवं प्रियंका पाण्डेय महिला संयोजिका मनोनीत

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के 2025–26 कार्यकाल के लिये चुनाव प्रक्रिया का संचालन नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया। इस प्रक्रिया को संचालित करने के उद्देश्य से चुनाव अधिकारी के रूप में प्रान्तीय वित्त सचिव रमेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात वन्दे मातरम गीत गाया गया। संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में शौर्य परिवार द्वारा किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। चुनाव अधिकारी ने चुनाव के संवैधानिक नियमों को बताकर चुनाव प्रारम्भ करने की घोषणा की। जिसमें सर्वप्रथम में डा. गिरीश कुमार सिंह ने कोषाध्यक्ष पद के लिये जनार्दन पाण्डेय का नाम प्रस्तावित किया और डा. राजेश एवं अतुल मिश्र ने इसका अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वारा कोषाध्यक्ष पद के लिये जनार्दन पाण्डेय के नाम की घोषणा की गई। संगठन सचिव पंकज सिंह ने सचिव पद के लिये अवधेश गिरि के नाम को प्रस्तावित किया तथा राहुल पाण्डेय एवं डा. आशुतोष सिंह ने इसका अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वारा सचिव पद के लिये अवधेश गिरि के नाम की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद के लिये दया निगम ने पुन÷ तीसरी बार डा. सन्दीप पाण्डेय के नाम को प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन सुजीत यादव एवं सुनील सिंह द्वारा किया गया तथा चुनाव अधिकारी द्वारा तीसरी बार डा. सन्दीप पाण्डेय को संस्था का अध्यक्ष बनाया गया। इनके नाम की घोषणा होते ही संस्था के सभी सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास के साथ खड़े होकर जोरदार तालियों से स्वागत किया गया और अध्यक्ष समेत नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल मालाओं से भर दिया गया। अध्यक्ष बनने के बाद डा. सन्दीप पाण्डेय ने सर्वप्रथम संगठन सचिव के रूप में जयशंकर सिंह का और महिला संयोजिका के पद के लिये प्रियंका पाण्डेय का चयन किया। उन्होंने कहा कि शौर्य परिवार इस बार और नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, अमित निगम, डा. राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, नित्यानन्द पाण्डेय, सन्दीप चौधरी, सुधा पाण्डेय, अंजू सिंह, रश्मिता सिंह, नेहा मिश्रा, जया सिंह, राजीव श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, अविनाश गिरि, आशुतोष राय, शमशेर बहादुर पाल आदि उपस्थित रहे।

## शीतल पवन के साथ अदभुत रोशनी दे गया नाटक खिड़की

**प्रयागराज।** विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान प्रयागराज द्वारा आयोजित ÷रंग विनोद नाट्य महोत्सव 2025÷ की दूसरी शाम दर्शकों को एक खुली खिड़की से आती बयार का एहसास करा गई और अत्यंत मनोरंजक ढंग से एक गंभीर संदेश दे गई। एकलव्य थिएटर देहरादून की प्रस्तुति खिड़की के लेखक थे विकास बाहरी, तथा इसकाए निर्देशन अखिलेश नारायण ने किया था, जो मुख्य भूमिका में भी थे। खिड़की के इस पार अगर एक खस्ताहाल लेखक हो और उधर एक चांद का टुकड़ा तो कहानी तो बनेगी ही, और यही हुआ इस दो पात्रीय नाटक में। खिड़की एक किरदार के रूप में सामने आती है और लेखक की कल्पना उड़ान भरती चली जाती है। मज़े की बात ये कि कल्पना सच होती दिखती है। खिड़की नाटक एक बेहतर विकल्प दे गया कल्पना, रोमांच और समानांतर समय को समझने का। मंच पर दर्शकों से रूबरू थे ङ्क अखिलेश नारायण एवं जागृति सम्पूर्ण तथा मंच परे हेमलता पाण्डेय, नितिन वर्मा, ऋतिक सिमल्ती, प्रियांशु बिष्ट एवं अधिराज पाल। कल, यानी रविवार को समारोह की अंतिम नाट्य प्रस्तुति होगी ÷संध्या छाया÷ जिसके लेखक हैं जयवंत दलवी और निर्देशित किया है प्रख्यात नाट्यकर्मी सुदेश शर्मा ने। प्रस्तुति थिएटर फॉर थिएटर, चंडीगढ़ की है।

## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**जौनपुर (खुटहन)** शनिवार को इमामपुर गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत डॉ इंद्रसेन मौर्य के घर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में समाजिक कार्यकर्ता सहित तमाम लोगों ने भाग लिया एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिष्ठान खिलाकर गीले शिकवे भुलाकर गले लगाते हुए हर्षोल्लास के साथ होली मनाया गया इस अवसर पर सुमन मौर्य अर्चना मौर्य शिखा मौर्य आशा सुनीता आदि उपस्थित रहीं।

### भाजपा सरकार की सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक ने मुख्यमंत्री से लिया आशीर्वाद



**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा के विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने मुख्यमंत्री आवास 5 कालीदास मार्ग लखनऊ पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात करके सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित प्रदेश भाजपा सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने की शुभकामनाएं प्रदान करके आशीर्वाद प्राप्त किया और बदलापुर विधानसभा में चल रही परियोजनाओं को जल्द पूर्ण किए जाने और महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। वही मुख्यमंत्री ने बदलापुर विधानसभा के समग्र विकास हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को जल्द पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया। विधायक के साथ पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महराजगंज यादवेंद्र प्रताप सिंह लव कुश मौजूद रहे।

# आपसी मिलीभगत से फल-फूल रहा अवैध खनन

अवधनामा संवाददाता




**बाँदा।** जनपद बाँदा की जीवनरेखा कही जाने वाली केन नदी में अवैध खनन और अवैध परिवहन का खेल लगातार जारी है। खासतौर पर सिलपाही खदान में यह गतिविधियाँ खुलेआम हो रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार को खनिज विभाग का पूरा संरक्षण प्राप्त है, जिससे खदान संचालक बेखौफ होकर नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं।

**सिलपाही खदान पर मेहेरबानी क्यो है अधिकारी–** सूत्रो की माने तो सिलपाही खदान संचालन से जुडे एक वकील साहब जो स्थानीय निवासी है उनके द्वारा खनिज विभाग पर शिकंजा इतना मजबूत कस दिया गया है कि खनिज अधिकारी लाचार है उनके अनुसार खनिज विभाग अवैध खनन करने वाली खदानो पर भारी भरकम जुर्माना लगाता है परंतु वकील साहब अपने अंदाज मे माननीय न्यायालय को भ्रमित कर जुर्माना लगभग नाममात्र का जमा करवाकर विभाग के राजस्व को घाटा करवा रहै है जिससे विभाग ने भी अब वकील साहब के सामने नतमस्तक होने मे ही भलाई समझ ली है।

**खनिज अधिकारी और खदान संचालकों की दोस्ती पर उठ रहे सवाल–**सूत्रों के मुताबिक, सिलपाही खदान के संचालकों और खनिज अधिकारियों के बीच गहरी सांठगांठ है। यही वजह है कि यहाँ बिना किसी रोक-टोक के अवैध खनन और ओवरलोडिंग का खेल चल रहा है। खनिज विभाग की ओर से कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई दिखाने के लिए चालान काटे जाते हैं, लेकिन यह सिर्फ दिखावा होता है।

**अवैध खनन और परिवहन से पर्यावरण को नुकसान–** केन नदी से अवैध खनन के कारण नदी की प्राकृतिक संरचना प्रभावित हो रही है। अंधाधुंध बालू खनन से जलस्तर गिर रहा है और आसपास के गाँवों में जल संकट गहराने की आशंका बढ़ रही है। इसके अलावा, ओवरलोडिंग से सड़कों की हालत भी बदतर हो रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**रात में चलता है अवैध कारोबार–** स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन का काम रात के अंधेरे में तेजी से किया जाता है। बड़े-बड़े डंपर और ट्रक बिना किसी अनुमति के बालू भरकर निकलते हैं, और इन्हें रोकने वाला कोई नहीं होता। पुलिस और प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे यह साफ हो जाता है कि इस खेल में कई बड़े अधिकारी भी शामिल हैं।

**प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव–** सिलपाही खदान में हो रहे अवैध खनन को लेकर आम जनता और पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो केन नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। विभाग कार्यवाही करता है परंतु एक वकील साहब की मेहेरबानी के कारण उनके राजस्व को हानि लगातार हो रही है ।

## बच्चों के काम अंक आने पर बच्चों की प्रतिभा को कम में ना आके अभिभावक

**आजमगढ़।** दिन शनिवार को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल समेंदा आजमगढ़ में वार्षिक रिजल्ट वितरण एंव अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। एक कार्यक्रम में विद्यालय के आवासीय प्रबंध निदेशक अनिरूद्ध जायसवाल, प्रबंधक की पत्नी स्नेहा जायसवाल और विद्यालय के प्रधानाचार्य बिनन्जय शर्मा, कोर्डिनेटर संगीता राय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल छात्रों की प्रगति को दर्शाता है, बल्कि अभिभावकों को विद्यालय की नई पहल, शिक्षण प्रणाली और बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी देने में सहायक सिद्ध होता है। उन्होने इस अवसर पर अभिभावाकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शैक्षणिक यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल हों। इस सत्र में बच्चे शत-प्रतिशत अंको से कक्षा में उत्तीर्ण हुए।

# टीवी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त करने वाली ग्राम पंचायतों को बधाई दी एवं कहा कि इसी तरह अपने ग्राम को टीबी मुक्त बनाये रखें, जिससे आस-पास के ग्राम पंचायतें भी जागरूक होंगी। निक्षय मित्र एवं अन्य संस्थाओं द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनको टीबी मुक्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, वे बधाई के पात्र हैं। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य के अनुसार ही हमारा भी लक्ष्य होना चाहिए कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाया जाय। उन्होने कहा कि जब हम सभी इसके लिए जागरूक रहेंगे, तभी टीबी मुक्त जनपद बनाने की दिशा में कार्य कर पायेंगे। उन्होने कहा कि लोगों को भी टीबी के प्रति जागरूक करें। उन्होने कहा कि जनभागीदारी गतिविधियों को स्कूलों, पंचायती राज संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, आंगनवाड़ियों, स्थानीय गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज संगठनों की भागीदारी से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जो लोग टीकाकरण नही कराते हैं, उनको टीकाकरण कराने के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों से अपील किया कि स्वास्थ्य कर्मी जब आपके ग्राम में टीकाकरण या अन्य अभियानों के लिए जायें तो आप सभी उनका सहयोग करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार ने बताया कि जनपद आजमगढ़ में कुल 1811 ग्राम पंचायतें हैं। वर्ष 2023 में 43 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित हो चुके हैं। वर्ष 2024 में 225 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुके हैं, जिसमें से 15 ग्राम पंचायतें वर्ष 2023 में भी टीबी मुक्त घोषित हुई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर्ष 2023 की 15 टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कोठिया ब्लाक रानी की सराय, ग्राम पंचायत अमुड़ी व रानीपुर ब्लाक सठियांव, ग्राम पंचायत टुंडवाल ब्लाक मिर्जापुर, ग्राम पंचायत डेहरी ब्लाक पवई, ग्राम पंचायत कोइलारी ब्लाक जहानागंज, ग्राम बालपुर चकिया एवं उसारी खुर्रमपुर मल्टीपुर ब्लाक ठेकमा, ग्राम बहार कोठी ब्लाक अहिरौला, इमलीपुर वि0ख0 अजमतगढ़, ग्राम पंचायत सेवटा, पटहुंवा, परासी वि0ख0 जहानागंज, ग्राम पंचायत मातनपुर, चकदीना खान, हासापुर, हेंगापुर, टेउखर, कटघर जमुर, खोजापुर माधोपट्टी, भागमलपुर वि0ख0 पल्हनी एवं ग्राम पंचायत श्रीनगर (सियरहा) व कंधरापुर वि0ख0 बिलरियागंज को प्रशस्ति पत्र एवं महात्मा गांधीजी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल स्थगित

- रिपोर्ट आने के बाद तय होगी अगली रणनीति
- चेतावनी के बावजूद न्यायिक कार्य करने पर करीब 40 अधिवक्ताओं की सदस्यता निलंबित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं की हड़ताल फिलहाल स्थगित हो गई है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में भारी मात्रा में कैश मिलने के बाद कथित भ्रष्टाचार और कदाचार का आरोप लगाते हुए बार एसोसिएशन ने मंगलवार से हड़ताल की घोषणा कर दी थी। हाईकोर्ट के फोटो वेरिफिकेशन का कार्य भी बंद हो गया था। शुक्रवार को अनिल तिवारी और एल्डर्स कमेटी की अध्यक्ष टीपी सिंह की मौजूदगी में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। इसके बाद सर्व सम्मति से हड़ताल को स्थगित करने और मंगलवार से हाईकोर्ट का कामकाज शुरू करने पर सहमति बनी। कहा कि वादकारियों को हो रही दिक्कत को देखते हुए फैसला लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

हाईकोर्ट के बाहर आकर अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बैठक में हुए निर्णय की जानकारी दी और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा कैश कांड मामले में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद अगली रणनीति तय की जाएगी। वादकारियों को हो रही दिक्कत को देखते हुए बार एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार का अपना निर्णय वापस लिया है। अधिवक्ता जस्टिस वर्मा के शपथ ग्रहण का बहिष्कार करेंगे। जस्टिस यशवंत वर्मा के प्रयागराज स्थानांतरण के विरोध समेत कई मांगों को लेकर चौथे दिन भी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की अगुवाई में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। आमसभा में प्रस्ताव पारित कर बार के प्रस्ताव और चेतावनी को न मान न्यायालय में जाकर न्यायिक कार्य करने वाले करीब 40 अधिवक्ताओं की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई। साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी गया है। इस पर दो दिन में जवाब नहीं देने पर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। वकीलों ने भाई-भतीजावाद, लिस्टिंग की बदहाल व्यवस्था व फ्रेश मुकदमों की लंबे समय तक सुनवाई न होने पर चिंता जताई। मांग की कि जस्टिस यशवंत वर्मा के स्थानांतरण व इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत जजों के परिजनों की यहां प्रैक्टिस पर रोक लगाई जाए।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष के इफ्तार में सभी कौम के लोगों ने की शिरकत

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी द्वारा बमरौली स्थित चड्ढा गार्डेन में आयोजित इफ्तार में सभी कौम के लोगों ने भारी संख्या में शिरकत की। कहा कि मुकद्दस माहे रमज़ान के दौरान ऐसे आयोजन से आपसी मोहब्बत, सौहार्द और अमन कायम होता है। हज़ारों की तादात में इकट्ठा रोज़ेदारों ने नमाज़ अदा कर मुल्क की खुशहाली, भाईचारे, तरक्की के साथ-साथ बेहतरी की दुआ की। कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री राजेश तिवारी, पूर्व विधायक द्वय हाज़ी परवेज़ व विजय प्रकाश, जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद, गौरव पांडेय, किशोर वार्ष्णेय, सुधाकर तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, मुकुंद तिवारी, तलत अज़ीम, जिया उबैद , विवेकानंद पाठक, परवेज़ सिद्दीकी, शरद उपाध्याय, अरशद अली, वज़ीर खां, नाज़ खान, प्रधान कमाल हाशमी सहित हजारों मौजूद थे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सौंपे ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट भवन तक पैदल मार्च करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जिलाधिकारी-आजमगढ़ के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया। भा.ज.पा.के नेतागण धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ना चाह रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण व मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने की साजिश गरीबों को और गरीब बनाने व पूंजीपतियों को और अमीर बनने की केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए मजहबी धार्मिक जातीय मुद्दों को खड़ा कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी जी समाज में नफरत पैदा करने वाले भाषण देकर देश को धर्म व जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं। 26 मार्च 2025 को दलित नेता समाजवादी पार्टी के सांसद- माननीय रामजीलाल सुमन के घर पर प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित करणी सेना बुलडोजर लेकर हजारों के तादाद में हमला कर मकान, खड़ी गाड़ियों व अन्य सामानों को लाठी, डंडे व अन्य हथियारों से तोड़ दिया उनके परिवार पर हमला किया गया और चमार जाति कहकर मां-बहन को अपशब्द कहते हुए अपमानित किया गया पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बना रहा इससे प्रतीत होता है की करणी सेना को सरकारी संरक्षण प्राप्त है इस बात को और अधिक बल इस कारण मिल जाता है कि उसे दिन आगरा जिले में माननीय योगी जी भी मौजूद थे इससे स्पष्ट होता है कि माननीय योगी जी मनुस्मृति के विधान पर विश्वास करते हैं उनका संविधान में विश्वास नहीं है। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने अभिव्यक्ति की आजादी का सबको अधिकार दिया है सांसद ने इतिहास में लिखी बातों को ही उद्धृत किया। मुख्यमंत्री जी व भाजपा के नेतागण रोजाना धर्म व जाति के नाम पर अपमानित कर रहे हैं समाज में शोषित, पीड़ित,दलित व अक्लियत के लोगों में करणी सेना द्वारा किए जा रहे इस संविधान विरोधी कृत्य से आघात पहुंचा है।

# भारत के मध्यम वर्ग में बदल रहा खर्च करने का तरीका

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आम लोगों की ओर से किए गए उपभोग से संचालित होता है। देश की अर्थव्यवस्था में निजी उपभोग का लगभग 60त्न का योगदान है। निजी उपभोग के इस 60त्न हिस्से का एक तिहाई वैसे खर्चे हैं, जिसे गैर जरूरी खर्च माना जा सकता है। इन खर्चों में मनोरंजन, बाहर खाने और छुट्टियों पर किया गया खर्च शामिल होता है। जाहिर तौर पर इस खर्च में देश के धनवान वर्ग का बड़ा हिस्सा है पर आम आदमी या मध्यम वर्ग भी पीछे नहीं। कुल गैर जरूरी खर्च का एक तिहाई मध्यम वर्ग की ओर से ही किया जा रहा है।



एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत के मध्यम वर्ग में खर्च करने का तरीका बदल रहा है। वह अब खर्च करने से पहले अपने पूर्वजों की तरह नहीं सोचता। उदाहरण के लिए, एक परिवार जो किराने के सामान लेने पर मोलभाव करता रहा है, वह अब कार खरीदते समय आसानी से पैसे खर्च कर देता है। इसी तरह, भारतीय समाज का एक वेतनभोगी पेशेवर घरेलू सेवाओं के लिए मोलभाव करता रहा है वह शानदार छुट्टियों की योजना बिना किसी हिचकिचाहट के बना लेता है। हालांकि, इस बदलाव का कारण लोगों की बचत बढ़ना कतई नहीं है। तो फिर कारण क्या है, आइए जानते हैं। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि उभरते बाजारों में मध्यम वर्ग अगले दशक में दोगुना हो जाएगा। मध्यम वर्ग के घरों की संख्या 2024 के 35.4 करोड़ से बढ़कर 2034 तक 68.7 करोड़ हो जाएगी। 2029 तक, हर तीन में से दो मध्यम वर्ग के उपभोक्ता एशिया के होने की उम्मीद है। इनमें सबसे बड़ी वृद्धि चीन, भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम से होगी। वहीं दूसरी ओर, आमदनी की बात करें तो आयकर के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों से मध्यम वर्ग की आय लगभग साढ़े 10 लाख प्रति वर्ष के दायरे में ही स्थिर है, लेकिन वे अपना खर्चा लगातार बढ़ा रहे है। रिपोर्ट के अनुसार मध्यम वर्ग के बीच गैर-जरूरी खर्च बढ़ने का कारण कर्ज लेने की प्रवृत्ति का लगातार बढ़ना हो सकता है। लोग बचत कम कर रहे हैं, उधार ज्यादा ले रहे हैं। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 7.2त्न की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो अपने प्रमुख समकक्षों की तुलना में सबसे तेज है। देश के मध्यम वर्ग में बचत घट रही है, लेकिन ऋण लेने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी घरेलू ऋण स्तरों पर चिंता व्यक्त की है। इस तरह का ऋण की मांग जीडीपी के 41त्न तक पहुंच चुकी है और वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में इसके 43.5त्न तक जाने का अनुमान है। यह आंकड़ा संकेत देता है कि लोग अपनी वर्तमान आय से अधिक खर्च कर रहे हैं, जिससे उनका वित्तीय बोझ बढ़ रहा है।

देश के आम लोगों में विलासिता पूर्ण जीवन के प्रति झुकाव बढ़ा है। अब लग्जरी केवल अभिजात्य वर्ग तक सीमित नहीं रही है। सोशल मीडिया, आसानी से मिलने वाले ऋण और बढ़ती डिस्पोजेबल आय ने मध्यम वर्ग को प्रीमियम जीवनशैली अपनाने की राह दिखाई है भारतीय उपभोक्ता अब हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजाइनर फैशन और कॉम्पैक्ट लग्जरी कारों पर खर्च करने को तरजीह दे रहे हैं। मिलेनियल्स और जेन जेड बुटीक, जिम और एक्सक्लूसिव लाइफस्टाइल ब्रांड्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं। नेविगेटिंग होराइजन्स नामक रिपोर्ट के अनुसार, 2034 तक भारतीयों की ओर से घूमने के लिए देश से बाहर जाने का खर्च 55.39 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। लोग बुटीक होटलों और लक्जरी ट्रिप को प्राथमिकता दे रहे हैं। मिस्र, अजरबैजान और जॉर्जिया जैसे किफायती लेकिन आकर्षक गंतव्य भारतीय यात्रियों को तेजी से आकर्षित कर रहे हैं। देश में कम आमदनी के बावजूद मध्यम वर्ग की प्राथमिकताओं में बदलाव का असर रीयल एस्टेट सेक्टर पर भी पड़ रहा है।

# दूरसंचार तकनीक बनाने में टॉप 5 देशों में भारत: ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत में उपग्रह संचार सेवाएं शुरू करने के लिए न सिर्फ एलन मस्क की स्टारलिंक ने आवेदन किया, बल्कि कई अन्य कंपनियों ने भी रुचि दिखाई?है।?उपग्रह सेवाएं मौजूदा संचार नेटवर्क की पूरक होंगी।

भारत दुनिया के शीर्ष-5 देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास अपनी दूरसंचार तकनीक है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत से पहले यह तकनीक सिर्फ चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के पास है। हमारा लक्ष्य भारत के वैश्विक 6जी मानकों में कम-से-कम 10 फीसदी योगदान देना है।

सिंधिया ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, दुनियाभर में दूरसंचार कंपनियों का विलय हो रहा है। लेकिन, हमारे यहां चार कंपनियां हैं। 2014 में देश में 90 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे। आज यह संख्या 1.2 अरब से ज्यादा हैं। तब 25 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े थे और



अब 97 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। 2014 में 6 करोड़ लोगों के पास ब्रॉडबैंड इंटरनेट था, जिनकी संख्या आज 94 करोड़ पहुंच गई है। यह अमेरिका की कुल आबादी से ज्यादा है। मंत्री ने कहा, भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) देशभर में ऐसे एक लाख स्वदेशी 4जी मोबाइल टावर लगा रही है, जिन्हें 5जी में बदला जाएगा। यह काम जून तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। यह आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किया जा रहा है। एजेंसी

सिंधिया ने बताया, सरकार की ओर से डायरेक्ट-टू-डिवाइस (डीटीडी) सैटेलाइट मैसेजिंग सेवाएं शुरू की गई हैं। इस तकनीक में स्मार्टफोन से तब भी मैसेज भेजे जा सकते हैं, जब वह नेटवर्क से कनेक्ट न हो। तब कनेक्टिविटी सीधे सैटेलाइट से मिलने लगती है, न कि मोबाइल टावर से। हमारे पास 100 5जी टेस्ट बेड, 6जी टेस्ट बेड और भारत 6जी अलायंस है, जो अमेरिका, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ सहयोग कर रहा है।

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत में उपग्रह संचार सेवाएं शुरू करने के लिए न सिर्फ एलन मस्क की स्टारलिंक ने आवेदन किया, बल्कि कई अन्य कंपनियों ने भी रुचि दिखाई है। उपग्रह सेवाएं मौजूदा संचार नेटवर्क की पूरक होंगी।?ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों को कवर करने में मदद करेंगी।

## भंडारण सीमा का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों पर होगी कड़ी कार्रवाई, नहीं मिलेगा योजनाओं का फायदा

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने मिलों के लिए निर्देश जारी किए हैं। इनमें कहा गया है कि भंडारण सीमा का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों पर होगी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सरकार मासिक भंडारण सीमा से जुड़े आदेशों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जमाखोरी रोकने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सफेद/रिफाइंड चीनी के लिए मासिक भंडारण सीमा निर्धारित की है। अप्रैल के लिए यह 23.5 लाख टन है।

मंत्रालय ने मिलों को जारी निर्देश में कहा, कुछ समूह और व्यक्तिगत चीनी मिलें पूर्व में दी गई चेतावनियों के बावजूद बार-बार भंडारण नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। इस कारण नए और सख्त निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगे। नए निर्देशों के तहत, चीनी सत्र में कई बार उल्लंघन करने पर मिलों को अतिरिक्त चीनी जारी करने और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। डीएफपीडी और डीएसवीओ की योजना का भी लाभ नहीं मिलेगा।

**कार्रवाई** भविष्य में चीनी आवंटन पर लग सकता है प्रतिबंध

नियमों के पहली बार उल्लंघन करने पर बेची गई अतिरिक्त चीनी का 100 फीसदी अगले माह जारी होने वाली खेप से दंड स्वरूप काट लिया जाएगा।

दूसरी बार उल्लंघन करने पर 115 फीसदी, तीसरे बार में 130 फीसदी और चौथी बार में 150 फीसदी की कटौती की जाएगी।

बिना सूचना के कुल भंडार के 90 फीसदी से कम चीनी भेजने वाली मिलों को भविष्य में आवंटन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

एथेनॉल खरीद आवंटन में भी कटौती की जा सकती है।

# पूंजी बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी: रुपये की जोरदार वापसी, डॉलर के मुकाबले 6 साल की सबसे बड़ी तेजी

**मुम्बई।** मार्च के पहले और दूसरे सप्ताह तक शेयर बाजार में भारी बिकवाली करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अब निकासी बंद कर दी है। इस वजह से इस महीने में घरेलू बाजार से सिर्फ 3,973 करोड़ रुपये निकाले गए हैं।

विदेशी निवेशकों की वापसी के बाद रुपये ने गिरावट को पीछे छोड़ते हुए जोरदार वापसी की है।?मार्च में भारतीय रुपये में डॉलर की तुलना में छह साल की सबसे बड़ी मासिक तेजी देखने को मिली।इस दौरान यह 2.17 फीसदी बढ़कर 85.50 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले नवंबर, 2018 में रुपये में पांच फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी रही थी। भारतीय मुद्रा शुक्रवार को 24 पैसे बढ़त में बंद हुई।

आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में रुपया दो फीसदी से अधिक टूट गया है। 2 अप्रैल, 2024 को यह डॉलर की तुलना में 83.42 पर था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया, पूंजी बाजार में विदेशी निवेशकों की मार्च में वापसी हुई है।



इससे घरेलू मुद्रा में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। पिछले छह लगातार कारोबारी सत्रों में विदेशी निवेशकों ने 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। शुक्रवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में भारतीय मुद्रा 85.64 के स्तर पर खुली। दिन के कारोबार के दौरान इसने 85.40 का उच्चतम स्तर और 85.70 का निम्नतम स्तर छुआ। मार्च के पहले और दूसरे सप्ताह तक शेयर बाजार में भारी बिकवाली करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अब निकासी बंद कर दी है। इस वजह से इस महीने में घरेलू बाजार से सिर्फ 3,973 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। इससे पहले जनवरी में 78,027 करोड़ व फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये निकाले थे। इस तरह, चालू कैलेंडर वर्ष में जनवरी से अब तक 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई है। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में तेजी के बीच घरेलू बाजार में सोना पहली बार 92,000 के पार पहुंच गया।?लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए सोना शुक्रवार को दिल्ली सराफा बाजार में 1,100 रुपये महंगा होकर 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए?शिखर पर पहुंच गया। चांदी 1,300 रुपये महंगी होकर 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई। चांदी की कीमत 19 मार्च, 2025 को 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। सोना चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 23,730 रुपये या 35 फीसदी महंगा हुआ है।?एक अप्रैल, 2024 को यह 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था। कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप के वाहन आयात शुल्क और यूरोपीय संघ-कनाडा के खिलाफ टैरिफ को लेकर चेतावनी ने सुरक्षित निवेश की मांग को तेज कर दिया।

# देश का चालू खाता घाटा बढ़कर 11.5 अरब डॉलर हुआ



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि अक्तूबर से दिसंबर तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा बढ़ गया है। इसका मुख्य कारण व्यापार घाटे में इजाफा है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में चालू खाता घाटा 11.5 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.1% रहा, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 10.4 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.1% था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि अक्तूबर से दिसंबर तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा बढ़ गया है। इसका मुख्य कारण व्यापार घाटे में इजाफा है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में चालू खाता घाटा 11.5 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.1% रहा, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 10.4 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.1% था। आरबीआई ने कहा कि इस वर्ष जुलाई-सितंबर में घाटा संशोधित 16.7 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.8% था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि एक साल पहले इसी माह में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

मासिक आधार पर, इन क्षेत्रों के उत्पादन में वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले विकास दर 2.4 प्रतिशत सितंबर में दर्ज की गई थी। फरवरी माह में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष फरवरी में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी।

एक मई, 2025 से हर अतिरिक्त निकासी पर देना होगा 23 रुपये शुल्क

ग्राहकों को एटीएम से निशुल्क निकासी सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर एक मई, 2025 से प्रति लेनदेन 23 रुपये का शुल्क देना होगा। आरबीआई ने बैंकों को एक मई से एटीएम से पैसा निकालने पर शुल्क दो रुपये बढ़ाने की अनुमति दे दी। वर्तमान में निशुल्क निकासी सीमा के बाद एटीएम से पैसे निकालने पर 21 रुपये शुल्क लगता है। ग्राहक अपने बैंक की एटीएम से हर महीने पांच निशुल्क लेनदेन (वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन) कर सकते हैं। वे अन्य बैंकों के एटीएम से भी मुफ्त लेनदेन (वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन) के लिए पात्र हैं। मेट्रो शहरों में ग्राहक तीन और अन्य स्थानों पर पांच निशुल्क लेनदेन कर सकते हैं। आरबीआई ने कहा, ये निर्देश कैश रिसाइक्लर मशीन (नकद जमा लेनदेन के अलावा) पर किए गए लेनदेन पर भी लागू होंगे।

**राजकोषीय घाटा तय लक्ष्य का 85.8 फीसदी**

केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी, 2025 अंत तक पूरे वित्त वर्ष के लिए तय लक्ष्य का 85.8 फीसदी पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 2023-24 के संशोधित अनुमान का 86.5 फीसदी था। शुक्रवार को जारी महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्र का शुद्ध कर राजस्व 20 लाख करोड़ या 2024-25 के संशोधित अनुमान का 78.8 फीसदी रहा। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में केंद्र का कुल खर्च 38.93 लाख करोड़ या संशोधित अनुमान का 82.5 फीसदी था। केंद्र का राजकोषीय घाटा 2024-25 के लिए जीडीपी का 4.8 फीसदी और 2025-26 के लिए 4.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है।

# मुंबई का पहले एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे की रविवार से होगी शुरुआत, जानें कितने का है टिकट

**मुम्बई।** मुंबई का पहला एलिवेटेड नेचर ट्रल वॉकवे पर्यटकों और मुंबईवासियों के लिए खुलने जा रहा है। इसका प्रवेश द्वारा दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क से होगा इसके बाद यह मालाबार हिल के जंगलों से होता हुआ अंत में गिरगांव चौपाटी से सटे अरब सागर के दृश्यो को देखने का अवसर भी प्रदान करेगा। आम लोगों के लिए टिकट की कीमत 25 रुपये और विदेशी पर्यटकों के लिए 100 रुपये होगी।

मुंबई में अपनी तरह का पहला एलिवेटेड नेचर ट्रेल वॉकवे रविवार 30 मार्च 2025 को पर्यटकों और मुंबईवासियों के लिए खुलने जा रहा है। यह वॉकवे जंगल से होकर गुजरेगा। इसका प्रवेश द्वार दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क से होगा इसके बाद यह मालाबार हिल के जंगलों से होता हुआ अंत में गिरगांव चौपाटी से सटे अरब सागर के दृश्यो को देखने का अवसर भी प्रदान करेगा।



यह नेचर ट्रेल वॉकवे दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क और फिर फिरोजशाह मेहता पार्क के पेड़ों की भी सैर करवाएगा। इसका उद्घाटन रविवार 30 मार्च 2025 किया जाएगा। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी ने इसकी जानकारी दी। इस परियोजना का निर्माण बीएमसी ने किया है। यह सिंगापुर में विकसित ट्री टॉप वॉक जैसा मार्ग मुंबई में पहली बार विकसित किया गया है, जो मुंबईकरों और यहां आनेवाले पर्यटकों को एक अलग अनुभव प्रदान करेगा।

इसका निर्माण लकड़ी से किया गया है, इसमें मशीनों का उपयोग कम करते हुए जंगलों को सुरक्षित रखा गया है। इसमें सबसे अधिक काम मैन्युअली हुआ है और हाइड्रोलिक का इस्तेमाल किया गया है। इसकी कुल लागत 26 करोड़ रुपये आई है। इस 470 मिटर लंबाई है और 2.4 मीटर चौड़ाई में फैले इस वॉकवे में एक ऊंचा लकड़ी का डेक, रेलिंग, दो तरफ से सहायक खंभे और लकड़ी के जोड़ का उपोग किया गया है। सुंदरता को बढ़ाने के लिए लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। बीमएमसी का कहना है कि पर्यटकों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया गया है। साथ ही पर्यटकों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए एक्सेस कंट्रोल सिस्टम को विकसित किया गया है। इससे पूरे वॉकवे की निगरानी करना और नियंत्रण रखने में आसानी होगी। इतना ही नहीं आपातकालीन मार्गों की भी व्यवस्था की गई है। बीएमसी के अनुसार इस वॉकवे के जरिए मुंबई की समृद्ध प्राकृतिक सौदर्य और जैव विविधा को देखा का अवसर मिलेगा। जिसमें अनेक प्रकार के 100 से अधिक पौधे होंगे साथ ही अनोख पक्षियों को भी देखने का मौका यहां मिलेगा।

# केनरा बैंक सेवानिवृत अधिकारियों की हुई बैठक



केनरा बैंक सेवानिवृत्त अधिकारियों की अंचल कार्यालय लखनऊ में अहम बैठक हुई। जिसमें बंगलुरु से पधारे सेवानिवृत अधिकारी एसोसिएशन के महासचिव जगदीश जे एस, डी जी एस विधु मोहन, क्षेत्रीय सचिव कांची लाल उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर उपेन्द्र नारायण सेवक पाण्डे ने किया। केनरा बैंक अधिकारी एसोसिएशन के वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट धनंजय कुमार को इस सभा में विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था। सभा की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी एम सी शर्मा को भी सम्मानित किया गया। शंकर लाल वर्मा, अजय स्वरूप, विधु मोहन, जगदीश,डॉक्टर उपेन्द्र नारायण सेवक पाण्डे तथा शम्मी साहनी ने दीप प्रज्वलित किया। महासचिव जगदीश ने पेंशन अपडेशन, रेस्टोरेशन ऑफ कम्युटेंशन और आई बी ए की ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस के मुद्दों पर चर्चा की। स्वागत भाषण सर्व मित्र भट्ट ने तथा धन्यवाद प्रस्ताव अजय स्वरूप ने किया।

# द बॉडी शॉप के प्रोडक्ट्स उपहार में देकर मनाएं ईद



**लखनऊ।** ईद खुशियां बांटने, साथ रहने और पुरानी परंपराओं को संजोने का समय है। यह जश्न मनाने के साथ ही अपनी देखभाल करने व सोच-समझकर उपहार देने का एक बिल्कुल सही मौका है। अगर आप अपने स्किनकेयर रूटीन को नया करना चाहते हैं, त्योहार के समय अपने चेहरे की चमक बढ़ाना चाहते हैं, या ईदी के लिए अच्छा उपहार चुनना चाहते हैं, तो द बॉडी शॉप के पास स्किनकेयर, मेकअप और फ्रैगरेंस के शानदार प्रोडक्ट्स हैं। ये तोहफे आपके त्योहार को और खास बना देंगे।

ईदी पर दें ये खूबसूरत उपहार

बॉडी मिस्ट सेट से अपनी इन्द्रियों को तरोताजा करें

भारत से प्रेरित चार खास बॉडी मिस्ट्स के इस शानदार कलेक्शन को बॉटैनिकल एक्सट्रैक्ट्स पौधों के अर्क से तैयार किया गया है। यह हर मूड और मौके के लिए परफेक्ट है। चाहे आपको फ्लोरल, फ्रूटी या एक्वाटिक नोट्स पसंद हों, यह क्यूरेटेड सेट आपको अपनी खुशबू को आसानी से बदलने का मौका देता है। अपनों के लिए एक शानदार गिफ्ट चुनना हो या खुद को देने के लिए एक लक्ज़री ट्रीट - यह सेट हर स्प्रे के साथ एक खास अहसास जगाता है।

हिबिस्कस - यह एक ताज़ा और मन को प्रफुल्लित करने वाली फूलों की खुशबू है, जिसमें क्रैनबेरी की हल्की हल्की सुगंध भी शामिल है। यह ताजगी और नयापन का अहसास कराती है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करेंगे।

ब्लैक ग्रेप - यह एक रसीली और ऊर्जा देने वाली खुशबू है।इसमें मीठी और फल जैसी सुगंध है। इसकी सुगंध तुरंत इंद्रियों को जाग्रत कर देती है, जिससे आप तरोताजा और उत्साहित महसूस करते हैं।

पॉमेग्रेनट - यह एक मीठी और ताजगी भरी खुशबू है, जिसमें फलों की नैचुरल फ्रेशनेस समाई हुई है। इसकी सुगंध उत्साह और स्फूर्ति का एहसास कराती है, जिससे आप हर पल तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

लोटस - यह एक नाजुक और सुकून देने वाली खुशबू है। इसमें पानी जैसी हल्की फूलों की सुगंध है। यह शांति और सुकून भरे पलों के लिए एकदम परफेक्ट है।

यह खूबसूरती से पैक किया गया सेट उपहार देने की परंपरा को दर्शाता है, जिससे यह दोस्तों और परिवार के लिए ईद का एक बेहतरीन तोहफा बन सकता है।

कीमतः 1,145

त्योहारों में दमकती त्वचा के लिये स्किनकेयर प्रोडक्ट्स

विटामिन सी डेली ग्लो क्लींजिंग पॉलिश

विटामिन सी डेली ग्लो क्लींजिंग पॉलिश एक जेंटल एक्सफोलिएटिंग क्लींजर है जो आपकी त्वचा को त्योहारों के लिए तैयार करने में मदद करता है। यह स्किन को धीरे-धीरे एक्सफोलिएट करता है और उसे चमकदार बनाता है। इसमें कैमू कैमू बेरी का अर्क और जोजोबा माइक्रोबीड्स है, जो डेड स्किन सेल को हटाते हैं और आपकी त्वचा को मुलायम, कोमल और त्योहारों के लिए तैयार बनाते हैं। इसके 100एमएल ट्यूब की कीमत 1395 रुपये है।

विटामिन ई मॉइश्चर क्रीम

विटामिन ई मॉइश्चर क्रीम एक लाइटवेट नरिशिंग क्रीम है जो आपकी त्वचा को पोषित करती है और भरपूर नमी देती है। इसमें विटामिन ई और रैस्पबेरी सीड ऑयल है, जो त्वचा को 48 घंटे तक हाइड्रेटेड रखता है। 100 एमएल की कीमत 2395 रुपये है।

टी ट्री स्किन क्लियरिंग डेली स्क्रब

त्योहारों के बाद स्किन को साफ करने के लिए टी ट्री क्लियरिंग डेली स्क्रब का इस्तेमाल करें। यह स्किन से गंदगी और डेड सेल्स हटाता है। इसमें सीएफटी टी ट्री ऑयल है, जो दाग-धब्बों को हटाता है और स्किन को कोमल व चमकदार बनाता है। 125 एमएल की ट्यूब 1095 रुपये की है।

यहां खरीदें

खूबसूरत फेस्टिव लुक के लिए जरूरी मेकअप प्रोडक्ट्स

फ्रीस्टाइल मल्टी-टास्किंग कलर

फ्रीस्टाइल मल्टी-टास्किंग कलर एक खास क्रीम है जो होंठ, गालों और आंखों पर असरदार ढंग से काम करती है और त्योहारों के मेकअप के लिए बहुत अच्छी है।

## वाणी टाइमलेस अयोध्या कथेतर सम्मान एक नये पुरस्कार की घोषणा

**अयोध्या।** वाणी प्रकाशन ग्रुप और टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल के संयुक्त तत्त्वावधान में एक नये साहित्यिक पुरस्कार की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार शब्द-जगत् में एक नयी पहल के रूप में उन विशेष पाण्डुलिपियों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाएगा, जो ज्ञान, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रही हैं। इसे 'वाणी-टाइमलेस अयोध्या कथेतर सम्मान' (हिन्दी) और 'Vani-Timeless Ayodhya Non-Fiction Award' (अंग्रेज़ी) के नाम से जाना जाएगा। इस पुरस्कार के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है। चयन समिति द्वारा हर वर्ष अधिकतम तीन पाण्डुलिपियों का चयन किया जाएगा। इस वर्ष के पुरस्कार के लिए जूरी की घोषणा अप्रैल 2025 में की जाएगी।

इस प्रतिष्ठित सम्मान के तहत, चयनित प्रत्येक पाण्डुलिपि को 51,000/- की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। यह सम्मान वाणी प्रकाशन ग्रुप और टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल द्वारा संयुक्त रूप से दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पुरस्कृत पुस्तकों को वाणी प्रकाशन ग्रुप द्वारा प्रकाशित किया जाएगा और उनका औपचारिक लोकार्पण टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल के वार्षिक मंच पर किया जाएगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत भारतीय ज्ञान-परम्परा, कला-साहित्य, संस्कृति, समाज-विज्ञान, इतिहास, दर्शन, यात्रा-वृत्तांत और अध्यात्म जैसे विषयों पर लिखी गई तीन सर्वश्रेष्ठ पाण्डुलिपियों को हर वर्ष चुना जाएगा। अरुण माहेश्वरी (प्रबंध निदेशक, वाणी प्रकाशन ग्रुप) ने कहा, अयोध्या भक्ति और शक्ति की नगरी है, और यहाँ से एक नए पुरस्कार की घोषणा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सम्मान का उद्देश्य उन उत्कृष्ट शोधपरक कथेतर कृतियों को पहचानना और पुरस्कृत करना है, जो ज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रही हैं। वाणी प्रकाशन ग्रुप और टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल के संयुक्त प्रयासों से यह पहल सफल होगी। हमें गर्व है कि यह पुरस्कार यतीन्द्र मिश्र जी के मार्गदर्शन में शुरू किया जा रहा है, जिन्होंने हिंदी कथेतर साहित्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।÷

यतीन्द्र मिश्र (फेस्टिवल सह-निदेशक, प्रतिष्ठित कवि एवं लेखक) ने कहा,÷वाणी प्रकाशन ग्रुप पहले से ही जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल में अनुवाद के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा पुरस्कार प्रदान करता है।

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि अब इसी भावना के साथ वाणी प्रकाशन ने टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल के लिए एक कथेतर पुरस्कार शुरू किया है। यह सम्मान सीनियर और नए लेखकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा और उनकी रचनाओं को नई पहचान दिलाएगा। चयन हेतु पाण्डुलिपि कम से कम 45,000 शब्दों की होनी चाहिए तथा इसमें एकीकृत भारत और उसकी विविधता में एकता की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## भारतीय संस्कृति में लोक गीतों का महत्वपूर्ण स्थान है : मदन गोविंद राव



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक मदन राव

**अवधनामा संवाददाता**

**रामकोला, कुशीनगर।** क्षेत्र के पुरैनी कुटी पर भव्य भंडारा व लोक गीत का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि रामकोला के पूर्व विधायक मदन गोविंद राव व वशिष्ट अतिथि मथौली नगर पंचायत के अध्यक्ष नवरंग सिंह तथा रामकोला के नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चौधरी रहे। कार्यक्रम में को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मदन गोविंद राव ने कहा की लोक संगीत ने हजारों साल के भारतीय संस्कृति को लोकमानस में बनाए रख कर लोक संस्कृति को संरक्षित रखा है। इसलिए लोक जनमानस को कलाकारों को समय-समय से प्रोत्साहित रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रंजीत सिंह गोलू ने किया। उक्त अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद मद्धेशिया, पारस कुशवाहा, आनंद सिंह, बृजेश यादव, छोटे कुशवाहा, घूरा यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कपड़े के बने झोले वितरित

## रोटरी मंडलाध्यक्ष ने किया रोटरी क्लब के कार्यो का मूल्यांकन

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी मंडल 3120 के मंडलाध्यक्ष पारितोष बजाज का भव्य स्वागत शुक्रवार को कुशीनगर इन रेस्टोरेंट में किया गया। इस दौरान रोटरी कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली व सचिव अजय सिंह द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस आधिकारिक यात्रा के दौरान मंडलाध्यक्ष ने रोटरी कुशीनगर के वार्षिक सत्र 2024-25 में किए गए सामाजिक कार्यों का विस्तृत विवरण सुना एवं उनकी सराहना की। उन्होंने समाज सेवा को और प्रभावी बनाने हेतु कई दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने बताया कि हर वर्ष रोटरी के विभिन्न प्रकल्पों एवं गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्य करता रहेगा। इसके अलावा, रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों ने मंडलाध्यक्ष के साथ ÷प्लास्टिक मुक्त भारत÷ अभियान के अंतर्गत कुशीनगर मुख्य द्वार पर कपड़े के बने झोले लोगों के बीच वितरित किए। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि रोटरी क्लब कुशीनगर समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है और हम विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा रहे हैं। मंडलाध्यक्ष का कुशीनगर आगमन हमारे लिए प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम में सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, सह कोषाध्यक्ष सदरे आलम, राजीव तिवारी, आदिल खान सहित रोटरी क्लब कुशीनगर के कई सदस्य उपस्थित रहे।



## गर्म पानी से जले सात वर्षीय बालक की इलाज के दौरान मौत

**अवधनामा संवाददाता**



मृतक बालक की फाइल फोटो

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम खोठा निवासी एक किशोर की गर्म पानी से जले किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक अनिल निषाद के 7 वर्षीय पुत्र अभिजित निषाद की बीते शुक्रवार की प्रात साढ़े आठ बजे गरम पानी से जल गया। परिजन आनन फानन में उसके इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले गए। जहां इलाज के दौरान आज मौत हो गई। 7 वर्षीय अभिजित निषाद पुत्र अनिल निषाद घर के बाहर शुक्रवार को खेल रहा था और खेलते खेलते घर में आया जहां एक बड़े बाल्टी में गर्म पानी रखा हुआ था और वह इस पर गिर गया इसी दौरान गर्म पानी से वह बुरी तरह जल गया तथा चीखने चिल्लाने लगा। यह देखकर परिजन आवाक रह गए तथा उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले गए जहां इलाज के दौरान आज भोर में उसकी मौत हो गई। 7 वर्षीय किशोर की मौत के बाद परिवार में मातम सा छा गया और परिजनों का रो रोकर बूरा हाल था।

## पुरस्कार पाकर मेधावियों के खिल उठे चेहरे

**अवधनामा संवाददाता**



वार्षिक परीक्षा फल वितरण करते मुख्य अतिथि

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर में समारोह आयोजित कर शनिवार को विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष गोलू मिश्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा भाजपा नेता चन्दन कसौधन तथा बैजनाथ गुप्त विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे है।

विद्यालय के घोषित वार्षिक परीक्षाफल में शिवा चौरसिया ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान संजना तिवारी ने 93.3 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान तथा कुमारी सादिया ईरम ने 93.1 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वर्गवार विद्यालय टाप करने वाले मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि गोलू मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि चन्दन कसौधन तथा बैजनाथ गुप्त के हाथों संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाते ही मेधावियों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने इस शिक्षा सत्र में पुरस्कार से वंचित रह गए छात्रों को सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों से नसीहत लेकर और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

## संपत्ति विवाद में मां की हत्या करने वाले बेटे को पुलिस ने भेजा जेल



**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी एक पुत्र ने संपत्ति को लेकर अपने मां का धारीदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। जिसे शनिवार को अहिरौली बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त सूचना के मुताबिक बीते गुरुवार की शाम 5 बजे बृजभूषण दूबे पुत्र स्व॰ सुरेन्द्र दूबे निवासी बसंतपुर थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर संपत्ति को लेकर अपनी बुजुर्ग माता इसरावती देवी 65 वर्षीय का गला काट कर मौत के घाट उतार दिया था और घटना के बाद स्वयं आरोपी ने पुलिस को घटना का सूचना दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी गई थी। आरोपी बृजभूषण दूबे के छोटे भाई के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले के छानबीन में जुट हुई थीं। हत्या के दिन से वांछित चल रहे अभियुक्त ब्रजभूषण दूबे उर्फ पप्पू पुत्र स्व॰सुरेन्द्र दूबे निवासी बसन्तपुर थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा में अवस्थित बगहा बीर बाबा मन्दिर के समीप से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।तथा अभियुक्त के निशानदेही पर विशुनपुरा सूखी नहर से एक अदद आला कत्ल चाकू की बरामदगी की गई जिसके फलस्वरूप मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार उपनिरीक्षक जुगेश कुमार आनन्द, कांस्टेबल अनिल यादव, विजय यादव शामिल रहे।

## पांच को मनाया जाएगा वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस

**अमेठी।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना झलकारी बाई कोरी का बलिदान दिवस पांच अप्रैल को मनाया जाएगा। बलिदान दिवस कार्यक्रम की तैयारी के क्रम में आज कबीर आश्रम मुंशीगंज में तैयारी बैठक बुलाई गई है। बैठक 11 बजे से दो बजे तक होगी। यह जानकारी आयोजन समिति के संयोजक राम सजीवन कोरी और सहसंयोजक संजय कुमार ने दी है। बैठक में कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## रामशंकर जायसवाल बनाए गए अमेठी के भाजपा मंडल अध्यक्ष

**अमेठी।** प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति के बाद जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने शनिवार को जामों और अमेठी के मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि घोषित किए हैं।

अमेठी का मंडल अध्यक्ष राम शंकर जायसवाल को घोषित किया गया है। ज्ञानेन्द्र प्रजापति को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।जामों का मंडल अध्यक्ष मनोज पासी और जिला प्रतिनिधि अजय द्विवेदी को घोषित किया गया है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता चन्द्र मौलि सिंह ने दी है।

## चैत्र नवरात्रि के सुअवसर पर देवरही माता मंदिर में होगा विशेष आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने शनिवार को देवरही मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था, एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। चैत्र नवरात्रि के आगामी शुभारंभ को लेकर जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष मंदिर परिसर में मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। श्रद्धालु यहां मां के दिव्य एवं भव्य दर्शन कर सकेंगे और उनके विभिन्न स्वरूपों की जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा विशेष प्रयास है कि नई पीढ़ी को माता के अलौकिक स्वरूप का दर्शन और उनकी महिमा का बोध हो। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक मंदिर परिसर में श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन होगा, जिसके उपरांत मां दुर्गा की भव्य आरती संपन्न होगी। 3 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में जागरण का आयोजन किया जाएगा, जबकि अष्टमी के दिन आतिशबाजी भी होगी। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष जोर देते हुए नगर पालिका को नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, मंदिर में बिजली आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने और सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के निर्देश दिए।

# जनसहभागिता से ही होगा टीबी का उन्मूलन

## 52 ग्राम पंचायतों को मिला टीबी मुक्त पंचायत का अवार्ड

**अवधनामा ब्यूरो**



टीबी मुक्त गांव के प्रधान को प्रशस्ति पत्र देते डीएम

**कुशीनगर।** विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले निक्षय मित्रों का सम्मान तथा पांच टीबी रोगियों में पोटली की पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि जनसहभागिता से ही होगा टीबी का उन्मूलन। उन्होंने ने कहा कि आज जितने भी ग्राम पंचायतों के प्रधानगण टीबी मुक्त पंचायत के लिए सम्मानित किए जा रहे है उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है क्योंकि अब उन्हें इस बात का ध्यान रखना है कि कोई भी व्यक्ति बीमार होता है तो उसे तत्काल विभाग को सुचित करें ताकि कोई नया मरीज न बन पाए। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के जन जागरूकता की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अल्पना रानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में 52 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## टूक गांव के जंगल में अज्ञात कारणों से लगी आग

**महराजगंज,रायबरेली।** अज्ञात कारणों से जंगल में अचानक आग लग गई। आसपास के रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत करने के बाद, आग पर काबू नहीं पाया जा सका, फायर ब्रिगेड कर्मियों की सक्रियता के चलते आग पर काबू पाया गया। 29 मार्च शनिवार सुबह 7 बजे के आसपास टूक गांव के बगल में स्थित एक जंगल जिसमें अचानक धू धू कर आग जलने लगी। जंगल के आसपास करीब आधा दर्जन से अधिक मकान मौजूद हैं, जिसमें ग्रामीण निवास करते हैं। आग का विकराल रूप देखकर आसपास के लगे हुए चार समरसेबल से पानी निकालने के बाद भी काबू नहीं पाया जा सका। तब जाकर ग्रामीणों ने सूचना फायर ब्रिगेड को दी। पहुंची फायर ब्रिगेड गांव के अंदर का सकरा रास्ता होने के चलते वहां जाने में असमर्थ दिखाई पड़ा। परंतु फायर कर्मियों ने कडी मशक्कत करने के बाद मौके पर पहुंचे और आनन फ़ानन आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा।

# बंदी की कगार पर पहुंची मनरेगा चार महीने से नहीं हुआ लेबर पेमेंट

## रोजी रोटी के लाले पड़े, पलायन को मजबूर हुए मनरेगा मजदूर

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार आठ साल की उपलब्धियों को लेकर विकास उत्सव मना रही है। मनरेगा



मजदूरों के हाथ पिछले चार महीने से खाली है। लेबर और मैटेरियल पेमेंट न होने के कारण मनरेगा बंदी के कगार पर पहुंच गई है। भुगतान न होने के कारण जिले की 357 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम बंद है। आधा दर्जन विकास खंडों में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की संख्या 500 से कम है। गांवों में रोजगार न मिलने से मजदूर रोजी रोटी के लिए पलायन को मजबूर हैं।

### नये कार्यो को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति देने का काम ठप

**अमेठी।** मनरेगा में भुगतान की समस्या दूर न होने के कारण अधिकांश विकास खंडों में नये कार्यों के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति देने का काम बंद है। कच्चे और पक्के काम एक भी नहीं हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास आवंटन के लाभार्थियों की 90दिन की मजदूरी के भुगतान के मास्टर रोल और पुराने कार्यों के मास्टर रोल फ़ीड कर जैसे तैसे मनरेगा की गाड़ी चलाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि जिले में लगभग बीस करोड़ रुपए के भुगतान लम्बित हैं। भारत सरकार पैसा नहीं दे रही है।

मनरेगा योजना में विलम्बित भुगतान एक आम समस्या है।समय से कोई भी भुगतान नहीं होता है। 6दिसम्बर के बाद कोई लेबर पेमेंट नहीं हुआ है। अधिकांश ग्राम प्रधानों ने काम कराना बंद कर दिया है। बुधवार को जिले की 357ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम बंद रहे।325ग्राम पंचायतों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या 6835 रही। सबसे खराब स्थिति अमेठी विकास खंड की है, यहां बुधवार को काम करने वाले मजदूरों की संख्या 134रही। भादर में 195, भेंटुआ में 458और संग्रामपुर में 287लोंगों ने दिहाड़ी की है। शाहगढ़ में संख्या 238 रही। कई ग्राम प्रधानों ने बताया कि मनरेगा में काम करने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। लोगों को दिहाड़ी देना मुश्किल हो रहा है।

## स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल हुआ वितरित

**महराजगंज, रायबरेली।** स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर महराजगंज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया तो वही उपस्थित अतिथियों ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की कुल विभिन्न कक्षाओं के 309 बच्चों को उनका वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय मां सरस्वती की वंदना से हुई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता पश्चिम बंगाल के पूर्व प्रभारी दिनेश सिंह राठौर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व अभिवावकों को संबोधित करते हुए कहा कि महराजगंज कस्बे में स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षारत छात्र व छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा गुणवत्ता परक शिक्षा दी जा रही है, जिसके चलते विद्यालय सदैव ऊंचाइयों की ओर अग्रसर रहा है।

## सामुदायिक केंद्र रतापुर में आयोजित विश्व क्षय रोग दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**रायबरेली।** विश्व क्षय रोग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा एवं जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद के चयनित 98 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा गांधी प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 एवं 2024 हेतु चयनित 3 ग्राम पंचायत ( विनायकपुर बछरावां, दरियापुर बेला भेला , रामचंद्र ऊंचाहार ) को रजत कलर की गांधी प्रतिमा एवं वर्ष 2024 हेतु चयनित 95 ग्राम पंचायत को कांस्य कलर की गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 7 निक्षय मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड एवं विकास संस्थान रायबरेली के सौजन्य से 10 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

# विकसित देवरिया का आगाज है पूर्वांचल क्रांति दिवसः कलराज

## देवरिया के विकास में जनपदवासियों का सहयोग अपेक्षित : शशांक मणि

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** शनिवार, सदर सांसद शशांक मणि के प्रयास से जनपद में प्रोजेक्ट अमृत प्रयास के तत्वाधान में पूर्वांचल क्रांति दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान शहीद रामचंद्र विद्यार्थी चौक से मशाल जुलूस निकाला गया जिसमे मंगल पांडे और लक्ष्मीबाई के परिधान में बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुति दी गाजे बाजे के साथ जुलूस शहीद चौक से निकलकर जी आई सी मैदान में पहुंचा जिसका नेतृत्व स्वयं सदर सांसद शशांक मणि कर रहे थे।

इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ने मशाल जलाकर किया । मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम चिंगारी जलाने वाले बलिया के अमर शहीद मंगल पांडे ने 29 मार्च को ही अंग्रेजों के खिलाफ गोली चलाकर स्वतंत्रता का बिगुल फूंका था और ये बता दिया कि पूर्वांचल की धरती वीरों की जननी है । उन्होंने कहा कि आज के इस ऐतिहासिक दिन से प्रेरणा लेकर यहां के कर्मयोगी सांसद ने देवरिया के विकास की नई आधारशिला रखी है जिसमें आप सभी देवरियावासियों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है । उन्होंने कहा कि देवरिया से मेरा पुराना नाता रहा है यहां की उर्वरा भूमि ने रामचंद्र विद्यार्थी, सोना सोनार, और अंशुमान सिंह जैसे अनेकों योद्धाओं को जन्म दिया है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल क्रांति दिवस का उद्देश्य अपने क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास पर केंद्रित है, जनपद और जनपदवासियों का उत्तरोत्तर विकास हो यही मेरी शुभकामना है । विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद के लक्ष्मण ने कहा कि ये देवरिया का सौभाग्य है कि यहां की जनता को शशांक मणि जैसा कर्मठ, ईमानदार और मजबूत इच्छाशक्ति वाले सांसद मिले हैं जो दिन रात अपने क्षेत्र के विकास के लिए नित नवाचार करते रहते हैं, इनके नेतृत्व में निश्चित ही देवरिया विकास की नई इबारत लिखेगा । सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मै प्रतिबद्ध हूं।

यहां के युवाओं, किसानों, महिलाओं और व्यापारी बंधुओं को तकनीकी के माध्यम से जोड़कर यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मै हमेशा प्रयास करता रहूंगा और इसमें आप सभी की भागीदारी होना भी अत्यंत आवश्यक है, आप सभी के प्रयास और सहयोग से ही हम सब मिलकर विकसित देवरिया का निर्माण कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में देश और प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। जात पात और धर्म से ऊपर उठ कर हम सभी को मिलकर एक नए देवरिया का निर्माण करना है । इस दौरान भोजपुरीट बैंड के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। शैलेन्द्र द्विवेदी, सुरभि कश्यप, मोहिनी द्विवेदी, अंशुमान शुक्ला ने भोजपुरी गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्कृत विद्यालय के बच्चों द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया। इस दौरान रामपुर विधायक सुरेंद्र चौरसिया, सुरेंद्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, दुर्गेश राय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण सिंह कुशवाहा, संजय तिवारी, पवन मिश्रा, ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, प्रभाकर राय, राजेश मिश्रा, गंगा सिंग कुशवाहा, अजय कुमार दुबे, राधेश्याम शुक्ल, अजय उपाध्याय, प्रभाकर तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी, निर्मला गौतम, भारती शर्मा, सहित अन्य वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक खलीक अहमद के सम्मान में हुआ विदाई समारोह

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** कम्पोजिट विद्यालय सांगापुर में शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह और शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे प्रधानाध्यापक खलीक अहमद का सम्मान करते हुए उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने उन्हें माला पहनाई, अंगवस्त्र और पवित्र क़ुरआन शरीफ़ भेंटकर सम्मानित किया।

ब्लाक संसाधन केंद्र की ओर से जामवंत मौर्य ने खलीक अहमद को अडेनियम फूल एवं बोनसाई का पौधा भेंट किया। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच और आशावादी दृष्टिकोण के साथ जीवन जीना चाहिए। अनुभव का हमेशा सम्मान होना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जीवन में निरंतर परिवर्तन होते रहते हैं, भूमिकाएं और चुनौतियां भी बदलती रहती हैं। शिक्षक का सबसे बड़ा गुण शिक्षण है। चुनौतियों के बीच शिक्षक अपने को सक्षम बनाए रखने के लिए शिक्षक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। खंड शिक्षा अधिकारी ने सेवानिवृत्त शिक्षक खलील अहमद को शेष जीवन में सुखद जीवन, उज्जवल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और सेवानिवृत्ति के बाद भी समुदाय और समाज को अपनी सेवाएं देते रहने की अपील की। विद्यालय की ओर से वरिष्ठ शिक्षक सुभाष सिंह ने अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत किया। जूनियर हॉकी शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज का नेता होता है,वह कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। सेवा से अवकाश प्राप्त करने के बाद शिक्षक अपने अनुभव और ज्ञान के साथ नई भूमिका में समाज को जीवन पर्यन्त अपनी सेवाएं देता है। खलीक अहमद ने शिक्षक के साथ लेखा कार्यालय के सहायक के रूप में भी शिक्षकों को अपनी सेवाएं दीं हैं,यह बड़ी बात है।

# मेडिकल कालेज सभागार में आयोजित हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम

■ टीबी मुक्त हुई जनपद की 87 ग्राम पंचायतें, ग्राम मुखिया हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रधानमंत्री 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत बहराइच जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों, ग्रामीणों की जागरूकता और ग्राम प्रधानों के सहयोग से वर्ष 2025 में जिले की 87 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बलार्क चिकित्सालय के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी पदमसेन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी और मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा0 संजय खत्री ने इन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया।

सम्मान समारोह में हुजूरपुर ब्लॉक के कारीडीहा गांव की प्रधान अनीता देवी को दूसरी बार अपने गांव को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग के लिए गांधी की रजत प्रतिमा देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शेष ग्राम प्रधानों को कांस्य प्रतिमा से सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बताया कि यदि कोई ग्राम पंचायत दूसरी बार टीबी मुक्त घोषित होती है, तो संबंधित ग्राम प्रधान को गांधी की सिल्वर प्रतिमा से व तीसरी बार टीबी मुक्त घोषित होने पर गोल्ड प्लेटेड गांधी प्रतिमा से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 5 मरीजों और डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने 5 मरीजों को गोद लिया। इन मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई, जिससे उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में 31 दिसंबर 2024 से 100 दिवसीय विशेष टीबी रोगी खोजो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 6,69,038 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 82,570 व्यक्तियों के बलगम और एक्स-रे की जांच की गई। इसमें 2,693 लोग टीबी पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा, 2,322 निक्षय मित्र टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान कर रहे हैं और उनकी स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में बहराइच हमेशा प्रदेश के शीर्ष 20 जिलों में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि पोषण किट वितरण में बहराइच जिले को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि टीबी मरीजों को गोद लेने में बहराइच ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में उल्लेखनीय प्रदर्शन हुआ है। इस वर्ष टीबी मुक्त घोषित 87 ग्राम पंचायतों में से 19 ग्राम पंचायतें हुजूरपुर ब्लॉक से,13 ग्राम पंचायतें फ़ खरपुर ब्लॉक से, 10-10 ग्राम पंचायतें कैसरगंज और पयागपुर ब्लॉक से शेष अन्य ब्लाकों से टीबी मुक्त हुई। इसमें सीएचसी अधीक्षक और आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सीएचओ की विशेष भूमिका रही।

# पूर्व सीएम अखिलेश का फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ एवं विश्व हिन्दू परिषद द्वारा सम्मलित होकर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा गौमाता एवं गौशाला में दुर्गन्ध आने के बयान से नाराज होकर भारत माता चौक पर उनका पुतला फूंका और अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने कहा कि सपा मुखिया द्वारा गौमाता में दुर्गन्ध आने का जो बयान दिया है, वह बहुत ही निंदनीय है। इससे उनकी ओछी मानसिकता समूचे देश में उजागर हुई है। एक तरफ अखिलेश यादव अपने आप को यदुवंशी बताते हैं ओर दूसरी ओर गौमाता के प्रति गलत विचारधारा भी रखते हैं। सपा मुखिया की तुच्छ मानसिकता से प्रतीत होता है कि पूर्व में उत्तर प्रदेश में रही सपा सरकार में गौ हत्या बहुत बड़ी तादात में होती थी और उन गौ हत्यारों को सपा सरकार का सरंक्षण प्राप्त था। अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ महामहिम राष्ट्रपति महोदया से उक्त सपा मुखिया की संसद से सदस्यता रदद करने की मांग करता है। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री नंदलाल गौतम, शशिकांत शर्मा, राजीव मल्होत्रा, महेन्द्र झा, विष्णु तिवारी, भवानी सिंह, जितेन्द्र पचौरी, विजय प्रजापति, जितेन्द्र पंजवानी, सुनील गुप्ता, शिवम् गौतम आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच

कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच

पत्रांक : 1377/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा(18)/2024-25 दिनांक : 24.03.2025

### ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच द्वारा .महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से स्वीकृति की प्रत्याशा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. कार्य का विवरणः- पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश)

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू. में (GST छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बहराइच | ग्रामसभा गंगापुर में गंगापुर मण्डी में निर्मला फैन्सी शॉप से जे0एस0 एकेडमी स्कूल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-मिहींपुरवा | 33.05 | 0.661 | 2640.00 | 06 माह |
| 2. | बहराइच | ग्रामसभा करमोहना में काली रोड से अजीत के खेत के पास पुलिया तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-मिहींपुरवा | 28.51 | 0.571 | 2640.00 | 06 माह |
| 3. | बहराइच | ग्रामसभा करमोहना में अवध बिहारी के खेत से सरोज के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-मिहींपुरवा | 29.24 | 0.585 | 2640.00 | 06 माह |
| 4. | बहराइच | ग्रामसभा पड़रिया के पुल से राम कुंवारे के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-मिहींपुरवा | 25.22 | 0.505 | 2640.00 | 06 माह |
| 5. | बहराइच | ग्रामसभा असवा मोहम्मदपुर में महेश के घर से बेचू लाल के घर होते हुए भागीरथ गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग एवं पी0वी0सी0 पाइप नाली एवं चैम्बर निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 2.80 | 0.056 | 692.00 | 06 माह |
| 6. | बहराइच | ग्रामसभा बरूही टेपरी में चौकसाहार सं0मा0 पर जमील की टंकी के पास काली डामर से ब्रह्मचारी बाबा स्थान की तरफ खड़न्जा एवं ह्यूम पाइप पुलिया निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 15.76 | 0.316 | 884.00 | 06 माह |
| 7. | बहराइच | ग्रामसभा चन्देला में छोटेलाल गिरि के दुकान से दिनेश पाण्डेय के घर होते हुए जगत नरायन भुर्जी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य-शिवपुर | 9.44 | 0.189 | 788.00 | 06 माह |
| 8. | बहराइच | ग्रामसभा असवा मोहम्मदपुर में नरेश विश्वकर्मा के घर से दिनेश मिश्रा के घर होते हुए गुल्लू महराज के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 3.01 | 0.061 | 692.00 | 06 माह |
| 9. | बहराइच | ग्रामसभा लालपुर के मजरा सरैंया में सहजू चौहान के घर से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 18.97 | 0.380 | 884.00 | 06 माह |
| 10. | बहराइच | ग्रामसभा चन्देला में सुरेश के घर से इण्टरलाकिंग रोड तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 10.07 | 0.202 | 788.00 | 06 माह |
| 11. | बहराइच | ग्रामसभा असवा मोहम्मदपुर में सी0सी0 रोड से ननकू के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 17.93 | 0.359 | 884.00 | 06 माह |
| 12. | बहराइच | ग्रामसभा सुमेरपुर के मजरा नरायनापुर में उमेश सिंह के घर से स्कूल मोड़ होते हुए दिग्विजय सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-नवाबगंज | 7.54 | 0.151 | 788.00 | 06 माह |
| 13. | बहराइच | ग्रामसभा असवा मोहम्मदपुर में जानकी के घर से रज्जू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य-शिवपुर | 5.28 | 0.106 | 788.00 | 06 माह |
| 14. | बहराइच | ग्रामसभा डल्लापुरवा के मजरा प्रधानपुरवा में काली रोड से बुधई के घर होते हुए कृष्ण कुमार के घर की तरफ सी0सी0 रोड निर्माण कार्य-शिवपुर | 15.00 | 0.300 | 788.00 | 06 माह |
| 15. | बहराइच | ग्रामसभा डल्लापुरवा के मजरा प्रधानपुरवा में रंगी यादव के घर से 2.00 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य, वि0ख0-शिवपुर | 10.22 | 0.205 | 788.00 | 06 माह |
| 16. | बहराइच | ग्रा0पं0 हुजूरपुर में मनोज सिंह के घर से प्रमोद सिंह के घर होते हुए बृजेश सिंह के घर के पास तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख-हुजूरपुर | 15.88 | 0.318 | 884.00 | 06 माह |
| 17. | बहराइच | ग्रा0पं0 सुल्तानामाफी के मजरा खत्रीपुरवा के ककरा बार्डर तक खड़न्जा निर्माण कार्य-विशेश्वरगंज | 12.96 | 0.260 | 788.00 | 06 माह |
| 18. | बहराइच | ग्राम पंचायत बरानिजाम में शेषराम पाण्डेय के घर से जिलेदार शुक्ला के घर के पास तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य, वि0ख0-विशेश्वरगंज | 7.61 | 0.153 | 788.00 | 06 माह |
| 19. | बहराइच | ग्राम पंचायत जिगिनिया छत्रपाल सिंह में पंचायत भवन से अरूण कुमार मिश्रा (एडवोकेट) के घर की तरफ सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-हुजूरपुर | 22.12 | 0.443 | 2640.00 | 06 माह |
| 20. | बहराइच | ग्राम पंचायत खानपुर मल्लोह में रनियापुर सम्पर्क मार्ग से महेश तिवारी के घर के पास तक खड़न्जा निर्माण कार्य, वि0ख0-विशेश्वरगंज | 6.22 | 0.125 | 788.00 | 06 माह |
| 21. | बहराइच | ग्राम पंचायत नकहरा अब्बोपुर में नरैनापुर मेन रोड से राज कपूर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-हुजूरपुर | 5.16 | 0.104 | 788.00 | 06 माह |
| 22. | बहराइच | ग्रा0पं0 कांधमारी के मजरा हंसरामपुरवा में पीडब्लूडी सम्पर्क मार्ग से श्री धनलाल पाण्डेय के घर के पास तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-विशेश्वरगंज | 5.99 | 0.120 | 788.00 | 06 माह |
| 23. | बहराइच | ग्राम पंचायत सिदरखा में सिदरखा इण्टरलाकिंग से श्री सुभाष सिंह के घर होते हुए खलिहान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 3.20 | 0.064 | 692.00 | 06 माह |
| 24. | बहराइच | ग्राम पंचायत लखाहीपुतली तारा से मुरावनपुरवा के बीच शिव मंगल सिंह के खेत के पास खड़न्जा तक खड़न्जा निर्माण कार्य, वि0ख0-पयागपुर | 4.15 | 0.083 | 692.00 | 06 माह |
| 25. | बहराइच | ग्रा0पं0 प्रतापपुर उपरहर में प्रतापपुर उपरहर सम्पर्क मार्ग से नन्द प्रसाद मिश्रा के घर की तरफ तकइण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-विशेश्वरगंज | 7.51 | 0.151 | 788.00 | 06 माह |
| 26. | बहराइच | ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरा पहुचकट्टा में ज्वाला प्रसाद के घर से कौशल किशोर पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य-विशेश्वरगंज | 15.04 | 0.301 | 884.00 | 06 माह |
| 27. | बहराइच | ग्राम पंचायत जलालपुर में गोली नाई के घर से राम धीरज पाण्डेय के घर की तरफ व पक्की रोड से उमेश चन्द्र दूबे के घर की तरफ सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, वि0ख0-विशेश्वरगंज | 10.18 | 0.204 | 788.00 | 06 माह |
| 28. | बहराइच | ग्रा0पं0 घासीपुर के मजरा मोहाई में अमीरू के घर से धनीराम के साहू के घर होते हुए अकबालू की चक्की तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य, वि0ख0-फखरपुर | 8.51 | 0.171 | 788.00 | 06 माह |
| 29. | बहराइच | ग्रा0पं0 घासीपुर के मजरा मोहाई में फिरोज के घर से ऐजाज के घर होते हुए हादिर के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य, वि0ख0-फखरपुर | 8.29 | 0.166 | 788.00 | 06 माह |
| 30. | बहराइच | ग्रा0पं0 कुड़ासपारा के मुड़की गाँव में मेनरोड कब्रिस्तान से राजेश मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य, वि0ख0-फखरपुर | 8.52 | 0.171 | 788.00 | 06 माह |
| 31. | बहराइच | ग्रा0पं0 कुड़ासपारा के मुड़की में बलीउर रहमान के घर के सामने से रियाज के घर होते हुए मस्जिद तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-फखरपुर | 10.92 | 0.219 | 788.00 | 06 माह |
| 32. | बहराइच | ग्रा0पं0 अटठैसा में बहराइच लखनऊ मार्ग से राम सागर के घर होते हुए सलीम के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य, वि0ख0-जरवल | 8.48 | 0.170 | 788.00 | 06 माह |
| 33. | बहराइच | ग्रा0पं0 पचम्भा कपूरपुर डामर रोड से अब्बास के बाग तक खड़न्जा निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 10.08 | 0.202 | 788.00 | 06 माह |
| 34. | बहराइच | ग्रा0पं0 पचम्भा के मजरा तौकलपुरवा में सग्गन खाँ के घर से इसरार के खेत तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 11.13 | 0.223 | 788.00 | 06 माह |
| 35. | बहराइच | ग्रा0पं0 गोड़हिया नं0-02 के मजरा लालापुरवा में डामर रोड से विजय कुमार के घर होते हुए ब्रह्मचारी देव स्थान तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 10.11 | 0.203 | 788.00 | 06 माह |
| 36. | बहराइच | ग्रा0पं0 गोड़हिया नं0-02 के मजरा मंगलमेला में प्रा0वि0 के पास से रामचन्द्र कश्यप के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 14.76 | 0.296 | 788.00 | 06 माह |
| 37. | बहराइच | कोडरी नेवाजिस अली में हनुमान प्रसाद के घर से लोटन के घर होते हुए प्रेम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 8.25 | 0.165 | 788.00 | 06 माह |
| 38. | बहराइच | ग्रा0पं0 धनसरी के मजरा मदारपुर में देवीदीन कश्यप के घर से स्व0 लाला सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-जरवल | 5.32 | 0.107 | 788.00 | 06 माह |
| 39. | बहराइच | ग्रा0पं0 धंवरिया में मोतीलाल के घर से राकेश के घर होते हुए निसार के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-जरवल | 7.78 | 0.156 | 788.00 | 06 माह |
| 40. | बहराइच | फिरोजपुर में सनेही के घर से छोटेलाल के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0ख0-कैसरगंज | 3.87 | 0.078 | 692.00 | 06 माह |
| 41. | बहराइच | कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच में विडियो कान्फ्रेंसिंग हाल का निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र | 18.36 | 0.368 | 884.00 | 06 माह |

1. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि-15.04.2025
2. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 24.04.2025 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई-निविदा खोलने की तिथि 25.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्विपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई-निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोले ं तथा बिड् डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-बहराइच
महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

UPID-231817 Dated-28-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


## अवैध तमंचे के एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना एका पुलिस टीम द्वारा दौराने चैकिंग मुखबिर खास की सूचना पर 01 अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र गोरीशंकर निवासी नगला कृपी थाना एका जनपद फिरोजाबाद को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गदनपुर से पसी रोड पर बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर थाना एका पर मु0अ0स0 57/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# 15वें वित्तीय आयोग के अनटाइड फंड के कार्यों की समीक्षा बैठक

■ श्मशान घाट के जीर्णोद्धार एवं अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य को डीएम ने दी स्वीकृति

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की टाइड एवं अनटाइड फंड एवं दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क एवं अंत्येष्टि स्थल में प्राप्त अवशेष धनराशि से कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई, जिलाधिकारी ने नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद में इस ग्रांट से कराई जाने वाले कार्यों को स्वीकृति प्रदान की, जिलाधिकारी ने कहा इन फंड से जो भी कार्य हैं इनमें गुणवत्ता हो इन कार्यों को अधिशासी अधिकारी अपने देखरेख में कराये नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद में 15 वित्त आयोग की अनटाइड फंड की प्रथम और द्वितीय क़िस्त में 6 कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने 4 कार्यों की स्वीकृति जबकि दो कार्यों की स्वीकृति नहीं दी, उन्होंने कहा कि अस्वीकृत कार्य को परीक्षणोंपरान्त स्वीकृति दी जाएगी, इसी तरह नगर पंचायत एका में अनटाइड फंड में तीन कार्य को देखा गया जिनमें दो कार्य को स्वीकृति दी, जबकि एक कार्य को स्वीकृति नहीं दी, इसी तरह नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा 15वें वित्त आयोग की टाइड फंड की प्रथम व द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि व अवशेष धनराशि से अवशेष जहां प्रबंधन हेतु वार्ड 22, वार्ड 1, 20 व 23 में कार्यों को जिलाधिकारी ने स्वीकृति प्रदान की, वहीं पेय जल आपूर्ति कार्यों के लिए वार्ड नंबर एक, वार्ड दो, वार्ड 6, वार्ड 9, 11, 12, 18, 22, 23, 24, 25 में कार्य को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत श्रमिकों हेतु सेफ्टी वर्दी किट प्रदान किया गया, इसी तरह नगर पालिका परिषद में टाइट फंड से तीन कार्यों का प्रस्ताव आया, जिसे जिलाधिकारी ने तुरंत स्वीकृत प्रदान की, इसी तरह जसराना में टाइड फंड से दो कार्यों का प्रस्ताव आया जिसे जिलाधिकारी ने स्वीकृत स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह एका में टाइट फंड से कुल 19 कार्य आए जिसमें तीन को छोड़कर बाकी को स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह नगर पालिका शिकोहाबाद द्वारा शहरी क्षेत्र में अंत्येष्टि विकास योजना में प्राप्त धनराशि से वार्ड नंबर 5 मोहल्ला खेड़ा से घोड़ाघाट रोड सिरसा नदी के पास श्मशान घाट के जीर्णोद्धार एवं अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य का प्रस्ताव आया, जिसे जिलाधिकारी ने स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह नगर पंचायत फरिहा द्वारा शहरी क्षेत्र में गाटा संख्या 130 व गाटा संख्या 10148 पर अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य का प्रस्ताव आया, जिसे जिलाधिकारी ने स्वीकृति प्रदान की, साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिशासी अधिकारियों से कहा कि इन कार्यों की समय अनुसार करें, जिसे आमजनों को लाभ मिल सके, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 विशु राजा एवं साथ ही साथ नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह एवं बालश्रम के विरूद्ध चलाया जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** नव भारतीय नारी विकास समिति जनपद फिरोजाबाद द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम सर्व धर्म गुरुओं के साथ सर्व धर्म सम्मेलन का आयोजन केला देवी मंदिर की बगीची में आयोजित किया गया! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद प्रधान वजीरपुर जहलपुर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ यू एस पांडे पूर्व सदस्य बाल कल्याण समिति एवं लोकपाल ने कहा कि आज आवश्यकता है हमें सर्व धर्म को साथ लेकर चलने की हमारे देश में बड़ी संख्या में बाल श्रम हो रहा है और साथ ही बाल विवाह हो रहे हैं जिससे बच्चों का जीवन बर्बाद हो जाता है और हमें इस अभियान में शामिल होना चाहिए संस्था द्वारा समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं खुशी है इस बात की के संस्था लगातार बलहित में जनपद फिरोजाबाद में कार्य कर रही है। धर्म गुरुओं के साथ और समाज के बुद्ध जीबियों के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और बच्चों के संरक्षण पर बात हो रही है। हमें ऐसे अभियानों को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की आवश्यकता है जब तक इस अभियान में समाज का प्रत्येक वर्ग नहीं जुड़ेगा हम सामाजिक बुराइयों को समाप्त नहीं कर सकते। हरिओम वर्मा पूर्व पार्षद एवं ब्रांड एंबेसडर नगर निगम फिरोजाबाद में समाज में फैली इस बुराई को समाप्त करने के लिए संस्थाओं को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह और बाल श्रम हमारे देश के लिए अभिशाप है और इसे मिटाना हर नागरिक की आवश्यकता है। धर्म प्रचारक श्रीमती शांति देवी ने कहा कि आज भी ग्रामीण अंचलों में बाल विवाह हो रहे हैं हमें मिलकर बाल विवाह का विरोध करना चाहिए बच्चों से मजदूर कराना यह मानवता के विरुद्ध है कोई भी धर्म नहीं सिखाता कि हम बच्चों से कम कारण या छोटी उम्र में उनका विवाह करें। श्रीमती रहनुमा बीएमसी यूनिसेफ फिरोजाबाद ने कहा कि आज और अशिक्षा बहुत बड़ा-बड़ा कारण है जो पढ़ गया है वह मुख्य धारा से जुड़ गया है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ जफ़र आलम ने कहा कि आज समाज में परिवर्तन आ रहा है लेकिन आज भी कुछ ऐसी भ्रांतियां हैं कि लोग बदलना नहीं चाहते बाल श्रम एक अभिशाप है और इसी तरह से बाल विवाह बड़े पैमाने पर हो रहे हैं इन वायु को रोकना हम सब का दायित्व है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी एवं वक्ता कु.नेहा पंचायत सहायका, बीनू शर्मा, रामदास मानव,जगजीवन राम निगम, बृजमोहन सविता मिथिलेश आरती समूह सखी, ज्ञान सिंह,मुकुल पार्षद, कल्पना उपाध्याय,पंडित डी के शर्मा, संगीता,सुरेश चंद सोनी, मोहम्मद परवेज, समरीन खान, मंजू शर्मा, मुख्तार आलम ने संचालन किया।

# आक्रोशित पत्रकार एस पी से मिले

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** तराबी की नमाज पढ़ने गांव की मस्जिद में गए पत्रकार के पुत्र को जरा सी बात को लेकर गांव के ही दबंगों ने पीट दिया।जिसे लेकर पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 अवधेश शुक्ला संगठन के साथियों के साथ एस पी से मिले।बताया कि संगठन के सदस्य /संपादक %सच पे काबू सादिक अली के पुत्र मो0 आशिक खाँ दुकान से घर वापस आ रहे थे तो गांव के ही सन्नान खाँ पुत्र मोबीन खाँ रोककर माँ-बहन की भद्दी गालियों देने लगे। आशिक खौं बचकर घर वापस आ गया। पुनः शाम 8 बजे जब वह गाँव की ही मस्जिद में ईशा की नमाज तराबी पढ़ने गया तो रिजवान खाँ सुत मोबीन खाँ व सन्नान खाँ सुत मोबीन खाँ के उकसाने पर सन्नान के लड़के तनवीर तथा उसके साथ रहे सुल्तान खाँ पुत्र रिजवान खाँ, आशिक खाँ को मस्जिद में खींचकर मारने लगे। लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले में तहरीर के आधार पर 7 मार्च को थाना कुड़वार पर मुकदमा सं0 0068/2025 अ0धारा 115/2. 126/2, 352, 351/2 तथा 351/3 में अभियोग पंजीकृत हुआ किन्तु आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई। बाद में 12 मार्च में आरोपी रिजवान की तहरीर पर पीड़ित आशिक खाँ व संपादक/पत्रकार सादिक अली के विरूद्ध क्रास केस अपराध सं0 0070/2025 घारा 115/2, 352, 351/2 तथा 351/3 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।आरोपीगण आज भी पीड़ित परिवार को जान से मार देने की धमकी देते रहते है। पुलिस अधीक्षक ने उक्त मामले में न्याय दिलवाए जाने की बात कही है।

# रीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शनिवार को सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुलतानपुर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि श्रीमान् हेमचन्द्र जी क्षेत्र संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती सम्पूर्ण विश्व में बिना सरकारी सहायता के चलने वाला सबसे बड़ा संगठन है। हम अपने विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा के साथ साथ भविष्य के संस्कारवान् नागरिक तैयार करते हैं। जो पढाई के साथ ही सामाजिक जीवन में भी अपना अमूल्य योगदान देते हैं। राष्ट्र के प्रति अपने नागरिक कर्त्तव्यों का बोध रखते हैं। हमारे विद्या मन्दिरों से निकलकर ऐसे अनेक भैया बहनें समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपना अद्वितीय योगदान प्रदान कर रहे हैं।तथा एकल विद्यालय व संस्कार केन्द्रों के माध्यम से वंचित व आदिवासी क्षेत्रों में भी शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुलतानपुर के विभाग प्रचारक श्री श्री प्रकाश जी ने उपस्थित छात्रों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि-अभी जीवन में कई परीक्षाओं का सामना करना है, जिनमें हमें कठिन परिश्रम के बल पर सफलतापूर्वक आगे बढते हुए अच्छे, संस्कारवान् नागरिक बनकर समाज व राष्ट्र की उन्नति में अपना सर्वोच्च योगदान देने का प्रयास करना है।अपनी कक्षा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने आमंत्रित अतिथियों का परिचय दिया। उन्हें अंगवस्त्र एवं श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य जी ने विद्यालय के वैशिष्ट्य, शैक्षणिक परिवेश, शैक्षिक गुणवत्ता एवं छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। तथा बताया कि कुल 97.53? छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, कुल2582 छात्रों में से 1882 छात्र सम्मानजनक अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं।

# फीता काटकर प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जनपद की ऐतिहासिक, सुप्रसिद्ध एव विख्यात श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी का शुभारम्भ पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने प्रदर्शनी के मुख्य द्वार पर फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, गुब्बारे आसमान में छोड़े गये, मेला प्रांगण मे स्थित शहीद स्तम्भों पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव ने बैण्ड बाजो की मधुर धुन के साथ प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी जनपद में ही नहीं बल्कि आस-पड़ोस के जनपदों में भी काफी प्रसिद्ध है, मेला अवधि में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो यथा देवी जागरण, संगीत संध्या, कवि सम्मेलन, लोकगीत एवं लोक नृत्य, पंच सम्मेलन, स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम, एक शाम राष्ट्र के नाम, विधि सम्मेलन, भजन संध्या, शाम-ए-गजल, कव्वाली, पत्रकार सम्मेलन, एक शाम शिव बाबा के नाम, मुशायरा, एक शाम कन्हैया के नाम, योग शिविर, लाकतंत्र सैनानी सीनियर सिटीजन सम्मेलन, आदि जैसे कार्यक्रमो के माध्यम से लोगो का स्वस्थ्य मनोरंजन होगा, उन्हें देश के नामचीन कलाकारों को सुनने, देखने के अवसर मिलेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय बच्चो के कार्यक्रम में जनपद के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। स्थानीय प्रतिभा दिवस, महिला एवं मातृ शिशु कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय कवियो ,शायरो एवं महिलाओ को कादम्बरी रंगमंच के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत करने के अवसर मिलेगें, विराट दंगल में पहलवानो को अपनी ताकत प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, सैनिक सम्मेलन में सैनिको को अपनी समस्याये रखने, पेंन्शनर सम्मेलन में पेंन्शनरो को अपनी बात रखने के अवसर प्राप्त होंगें, राष्ट्रीय एकता सम्मेलन में जनपद की एकता, अखण्डता की झलक देखने को मिलेगी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को बताया कि विकास प्रदर्शनी में स्वास्थ्य, पंचायत राज विभाग, नगरीय विकास अभिकरण डूडा, जल जीवन मिशन, वन, जिला बेसिक शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मत्स्य, कृषि, पशुधन विभाग, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, हस्तशिल्प एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनी में आने वाले व्यक्तियो को अपने-अपने विभाग की संचालित योजनाओ के बारें विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

# डीआईजी नें हमीरपुर का किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा राजेश एस0 द्वारा जनपद हमीरपुर का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पुलिस ऑफिस, जनपद हमीरपुर पहुंचकर गार्द की सलामी ली, तत्पश्चात उन्होंने नवनिर्मित पुलिस ऑफिस का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की आधुनिक सुविधाओं की सराहना की और इसे जनहित के लिए अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस ऑफिस का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की तथा संबंधित दस्तावेजों को अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पुलिस कर्मियों को सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस प्रशासन को आम जनता के प्रति अधिक संवेदनशील होने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने की हिदायत दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद हमीरपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है: आर पी सिंह

अवधनामा संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर के तत्वावधान में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज के खेल मैदान आयोजित फन ओलिम्पिक्स रेनुसागर में कर्मचारीयों, संविदा कर्मियों एवं परिजनों के भाग लेने वाले 300 से अधिक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में कर्मचारीयों, संविदा कर्मियों एवं परिजनों के 2200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह , दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह, हेड एचआर शैलेश विक्रम सिंह संचालन विभाग के हेड मनीष जैन एवं मेंटिनेंस विभाग के हेड जगदीश पात्रा ने फन ओलिम्पिक्स रेनुसागर में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत सम्मान किया। गौरतलब है कि आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज के खेल मैदान पर पहली बार बच्चो , महिलाओं, कर्मचारियों में काफी उत्साह उमंग जोश भरा जज्बा दिखा रेनुसागर के इतिहास में ऐतिहासिक रहा। फन ओलिम्पिक्स रेनुसागर में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे , महिलाएं एवं कर्मचारियों ने बेलन थ्रो, पीछे की दौड़, 100 मीटर रेस, लम्बी कूद, शॉट पुट थ्रो, टेनिस बॉल थ्रो , तीन पैर की दौड़, होपिंग रेस, गुब्बारा विस्फोट खेल, जैबलिन थ्रो, क्रिकेट बाल थ्रो सहित स्पून एवं मार्बल रेस का आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करते हुये 300 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल में जीतना या हारना बिल्कुल भी महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन खेल में भागीदारी से उत्पन्न होने वाली खुशी से समरसता की भावना का विकास होता है। खेल से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना होती है और यही खेल भावना खिलाड़ियों को आगे बढ़ाती है।खेल हमें जीवन की चुनौतियां से निपटना सीखाता है। इस असर पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह , रीना जैन , कविता श्रीमाली, दीपक पांडेय, नवींद्र पाठक, संजय श्रीमाली , मनु अरोरा , कुमार हर्षवर्धन, अरविंद सिंह, सुबोध दवे, मनीष सिंह, मृदुल भारद्वाज, संदीप यावले, आशुतोष सिंह, फोनिक्स क्लब के सचिव सुधाकर अन्नामलाई , क्रीडा सचिव राजीव मिश्रा , के आर सन्तोष, रोहित सक्सेना, सदानन्द पांडेय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा तूर एवं सलोनी पाल ने किया।

## सड़क हादसे में घायल कम्पनी कर्मचारी ने दर्ज कराया मुकदमा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की टक्कर से एक फैक्ट्री कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया था ,पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक और अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 24 मार्च 2025 की रात लगभग 9 बजे की है। अजय तिवारी, पुत्र सुरेंद्र तिवारी, निवासी ग्राम कुम्हेड़िया, थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर, भरुआ सुमेरपुर स्थित रिमझिम इस्पात कंपनी में मजदूरी करता है। ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल (P-35 BB 1672) से घर लौट रहा था। रास्ते में पेट्रोल भरवाने के बाद आगे बढ़ते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (P-78 HN 8081) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में अजय तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलवाकर उसे हमीरपुर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए हैलट, कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में परिजनों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# इंसानी भाईचारा समिति ने कराया रोज़ा इफ़्तार



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, जसवंतनगर।** ब्लॉक क्षेत्र जसवंतनगर के ग्राम सराय भूपत कटेखेड़ा में प्रेम सदभाव एवं इंसानी भाईचारा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद आमीन ने अपने निज निवास सराय भूपत कटेखड़ा में कराया सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन। रोज़ा इफ़्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए मगरिब की नमाज़ पक्का तालाब मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ व हाफिज़ मोहम्मद फैजान अहमद चिश्ती ने सामूहिक रूप से अदा की। इफ़्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। इसमें दोनों समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। नमाज में रोजदारों ने मुल्क में अमन शांति की प्रार्थना एवं दुआ की। इस मौके पर ग्राम प्रधानपति रमेश यादव, समाजसेवी विजेंद्र तिमोरी, मेघसिंह वर्मा, प्रेस क्लब जसवन्तनगर के अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य, पंकज राठौर मनोज कुमार, आशीष कुमार, पुष्पेंद्र सिंह कांस्टेबल, अनिल चक्र, शिवांग तिमारी, इदरीश फारूखी, इमरान खान, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रिजवान अहमद, क़ौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, इस्लाम पार्टी हिंद के जिलाध्यक्ष तस्लीम अंसारी, समाजसेवी मुन्ना खालिद , बन्ने मियां अंडे वाले, अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, असलम खान, मोहम्मद अजीम मोअज्जम, मोहम्मद अनस, शाहबाज खान, एहतमाम खान, मोहम्मद शानू आदि लोग मौजूद रहे।

## जस्टिस वर्मा का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मौदहा हमीरपुर।** सुप्रीम कोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा को विवादास्पद मामले और कथित भ्रष्टाचार में लिप्त होने की संभावना को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट से प्रयागराज हाईकोर्ट भेजने का अब खुलकर विरोध होने लगा है। जस्टिस यशवंत वर्मा का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग को लेकर मौदहा बार एसोसिएशन की ओर से भारत के कानून मंत्री को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जिसमें बताया गया है जस्टिस वर्मा जब प्रयागराज उच्च न्यायालय में थे तब भी कई मामलों को लेकर विवादों में रहे हैं और जब उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे तो सर्वोच्च न्यायालय से पुनः प्रयागराज उच्च न्यायालय भेजा गया जो न्यायालय की गरिमा गिराने का काम है और लोगों का न्याय पालिका से भरोसा उठ रहा है।इसलिए जस्टिस यशवंत वर्मा का प्रयागराज उच्च न्यायालय में हुआ स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। इस दौरान बार एसोसिएशन मौदहा के सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना में ट्रैक्टर मिला



**मौदहा हमीरपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को लाभ देने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के कूपनों का लकी ड्रा मुख्य विकास आयुक्त झांसी मण्डल की अगुवाई में किया गया जिसमें पाटनपुर के किसान दयाशंकर पुत्र कामता प्रसाद ने 35 अश्वशक्ति का सोनालिका ट्रैक्टर जीता।जिसे शनिवार को उपजिलाधिकारी मौदहा द्वारा ट्रैक्टर के कागजात और चाबी देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान किसान के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है उक्त जानकारी कृषि उत्पादन मण्डी समिति के सचिव ने एक प्रेसनोट जारी कर दी।

## नाजायज तमंचा लिए किशोर की फोटो वायरल



**सुमेरपुर हमीरपुर।** अवैध असलहा लेकर सोशल मीडिया में वायरल करने का शौक युवाओं में कम नहीं हो रहा है। इसका चलन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। तकरीबन प्रत्येक माह कोई न कोई युवा अवैध असलहा लहराता हुआ सोशल मीडिया में वायरल होने लगता है। कस्बे के एक युवक का फोटो तमंचे के साथ रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल फोटो की हिंदुस्तान पुष्टि नहीं करता है। युवक को पुलिस तलाश रही है। शनिवार को सुबह कस्बे के एक युवक का फोटो तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया में वायरल होते ही सुर्खियों में आ गया। युवक कस्बे की बड़ी पुलिया के नजदीक का बताया जा रहा है। तमंचे के साथ फोटो वायरल होते ही पुलिस इसकी खोज में जुट गई है। फिलहाल युवक भूमिगत हो गया है। युवक क्या करता है। इसकी भी किसी को जानकारी नहीं है। मार्च माह में अवैध असलहा के साथ सोशल मीडिया में वायरल होने की दूसरी घटना है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि युवक को तलाश किया जा रहा है।

## सरकार की उपलब्धि घर-घर तक पहुंचा रहे कार्यकर्ता : विनय श्रीवास्तव



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के द्वारा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर-घर संपर्क अभियान के तहत आज सोनभद्र नगर मंडल की टीम नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोनभद्र नगर के राजकीय कन्या प्रथम शक्ति केंद्र पर बूथ संख्या 32 के अध्यक्ष चंदन मोदनवाल के साथ सरकार की उपलब्धियां के बारे में घर-घर संपर्क कर सरकार की उपलब्धियां और योजना की जानकारी के बारे में बताया गया इस अभियान का प्रारंभ नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर आनंद गुप्ता अनुपम तिवारी धीरेंद्र पांडे अशोक भारती अजय श्रीवास्तव आलोक रावत अनुराग सिंह अभिषेक गुप्ता सभासद आनंद चौरसिया आशीष केसरी प्रकाश केसरी उपस्थित रहे।

## 100 से अधिक लोगों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम एंगुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा, ब्लॉक-बी परियोजना तथा डॉ. राजर्षी सरकार, केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी), के. डी. जैन एवं नोडल अधिकारी (सीएसआर) तथा परियोजना से अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चार कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 29.03.2025 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 04 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं :- बाल मुकुन्द मिश्रा, अभियंता/ एसएलपीएस(प्रचालन), राजेंद्र प्रसाद, अभियंता /एसएलपीएस (प्रचालन), विनय शंकर शुक्ला, अधिकारी/ एसएलपीएस(स्टोर) एवं सत्य प्रकाश साहू, अभियंता/ एसएलपीएस (बीएमडी)। नटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया।

# सेविन हिल्स इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



वहाज अली निहाल

**इटावा।** पक्का बाग स्थित सेवेन हिल्स इंटर कॉलेज में नर्सरी से लेकर नाइंथ व इलेवंथ के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उन्होंने शानदार सफलता हासिल की। इनमें भी छात्राओं ने एक बार फिर अपने को बेहतर साबित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने इस अवसर पर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष भर मेहनत करने के बाद जब परिणाम सामने आता है तो मिली सफलता संतुष्टि और प्रसन्नता प्रदान करती है। ये बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे विद्यालय के योग्य और लगनशील अध्यापकों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ विद्यार्थियों को पढ़ाया और मोटीवेट भी किया तथा बच्चों ने भी पूरी लगन के साथ पढ़ाई की, जिसका सुखद परिणाम आया और उन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट व ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत के द्वारा विशेष स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल, शील्ड एवं सभी को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परिणाम वितरण के अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बच्चों के अभिवावक भी मौजूद रहे।

# हिण्डाल्को रेणुकूट ने जीता प्रतिष्ठित सीआईआई एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड- 2025

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** सतत विकास और नवाचार के लिए प्रसिद्ध हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड रेणुकूट हमेशा से कर्मचारी सशक्तिकरण, प्रतिभा विकास और संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सीआईआई एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को डिस्टिंक्शन इन एचआर एक्सीलेंस कैटेगरी में प्रदान किया गया। गौरतलब है कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इस वर्ष केवल तीन भारतीय संगठनों को प्रदान किया गया जिसमें हिंडाल्को द्वारा इस पुरस्कार को प्राप्त करना गौरव की बात है।

मुम्बई के ताजमहल होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंडाल्को रेणुकूट को यह सम्मान उत्कृष्ट मानव संसाधन नीतियों, रणनीतिक नेतृत्व और सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन प्रथाओं को उत्कृष्ट रूप से लागू करने हेतु दिया गया।

यह पुरस्कार मानव संसाधन विभाग की टीम के निरंतर प्रयासों, समर्पण और नवाचार का प्रमाण है, जिन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया के हर चरण में प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हिण्डाल्को रेणुकूट एचआर टीम ने हिण्डाल्को ग्रुप सीएचआरओ समिक बसु और क्लस्टर हेड समीर नायक के समर्थन एवं प्रेरणा तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और मूल्यांकन कर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पुरस्कार के लिए हिण्डाल्को रेणुकूट एचआर टीम को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख श्री जसबीर सिंह ने कहा कि ÷यह पुरस्कार केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक जुनून और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है,÷÷ एक टीम के रूप में जीतना इसे और भी खास बना देता है।

वहीं क्लस्टर हेड समीर नायक ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ, हिण्डाल्को रेणुकूट ने एचआर उत्कृष्टता के नए मापदंड स्थापित करने और सतत सुधार, नवाचार और विकास की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया है। गौरतलब है कि यह पुरस्कार सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन टूरिडम एंड हॉस्पिटैलिटी एंड एमडी एंड सीआईओ ऑफ द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के चैयरमैन पुनीत चटवाल ने हिण्डाल्को प्रतिनिधि मंडल में शामिल जसबीर सिंह, अजय सिन्हा तथा आशुतोष परीदा को प्रदान किया।

## शराब पर आफर पर सरकार को घेरा, सौंपा ज्ञापन

**मौदहा हमीरपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शराब के बंपर ऑफर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश सरकार की शराब नीति के खिलाफ था, जिसमें एक बोतल के साथ एक फ्री की पेशकश की जा रही है। कार्यकर्ताओं ने इसका तीव्र विरोध करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मौदहा को सौंपा है। जिसमें जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार शराब को बढ़ावा देकर प्रदेश के युवाओं और समाज को नुकसान पहुँचा रही है। पार्टी ने सरकार से मांग की कि शराब की बिक्री को नियंत्रित किया जाए और इसके बुरे प्रभावों से बचने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। पार्टी के नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद ने कहा कि ऐसे बंपर ऑफर समाज के नशे की समस्या को और बढ़ावा देंगे, जो पहले से ही गंभीर है।

# तहसीलदार मौदहा ने की अनशनकारी युवक से बातचीत

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर दबंग भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर अनशन पर बैठा युवक की छठवें दिन तहसीलदार मौदहा अभिनव चंद्र ने अनशन स्थल गोल चबूतरे पर पहुंच कर काफी समय तक बातचीत की लेकिन अनशनकारी अभी भी दबंग भूमाफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ा हुआ है।जिससे अब दबंग भूमाफियाओं पर कार्यवाही होने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है।वहीं लोग दबी जुबान से भूमाफियाओं के रसूखदार होने के कारण कार्यवाही नहीं होने की बात कह रहे हैं। मौदहा कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी कमरुद्दीन ने कस्बे के हुसैनिया निवासी साबरा परवीन, सईद अहमद और दानिश इकबाल पर जबरन वसूली करने, उसे खड़ी फसल नहीं काटने देने सहित न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे के बाद धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने सहित अन्य मामलों को लेकर उनके सहयोगी डी-29कम्पनी के संचालक मुईनुद्दीन जुम्मू, आफताब सहित सिजनौडा निवासी वीरेंद्र कुमार के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहसील स्तर से लेकर मण्डल स्तर तक के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की थी लेकिन दबंग भूमाफियाओं के रसूख के चलते कार्यवाही नहीं होने से आहत संवाददाता सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित गोल चबूतरे पर अनशन पर बैठ गया।

लेकिन अनशन के छठवें दिन शनिवार को तहसीलदार मौदहा अभिनव चंद्र ने गोल चबूतरे पर पहुंच कर अनशनकारी युवक से बातचीत की जिसके बाद दबंग भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही शुरू होने की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। वहीं अनशनकारी युवक का कहना है कि उसने भूमाफिया के खिलाफ जो लड़ाई छेड़ी है वह उसे अंजाम तक पहुंचाने के बाद ही रुकेंगे और अगर यहां पर कार्यवाही नहीं होती है तो बहुत जल्द लखनऊ जाकर विधानसभा के बाहर अनशन शुरू करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## डॉ. कैलाश पुनःनिर्वाचित हुए तुलसी के अध्यक्ष



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** भारत विकास परिषद इटावा तुलसी की वार्षिक निर्वाचन की बैठक एवं शाखा का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। यह बैठक सदस्य मौसमी पाल के आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी वर्ष 2025-26 में डॉ कैलाश चन्द यादव, अध्यक्ष डॉ ध्रुवकुमार गुप्ता, सचिव मौसमी पाल कोषाध्यक्ष संगीता सिंह, महिला संयोजिका अंजू चौधरी, संगठन सचिव हेतु सर्वसम्मति से चुने गए। शाखा के दायित्व ग्रहण का आयोजन पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय महिला संयोजिका नीलिमा चौधरी, डॉ कैलाश चन्द्र यादव, डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ गीता श्रीवास्तव, अर्चना चौबे, शमीम बेगम, आशा अग्निहोत्री, शशि दीक्षित, संगीता सिंह, मौसमी पाल, मोहिनी मिश्रा, अत्रि पाण्डे, प्रेम किशन पाल, मंजू सिंह, अंजू चौधरी एवं पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य तुलसी सदस्यों की गरिमामई उपस्थिति रही। इस अवसर पर एक नवीन सदस्य सुनीता पाल ने स्वेच्छा से तुलसी की सदस्यता गृहण करने की अपनी सहमति जताई।

## औरैया के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष भाजपा सर्वेश कठेरिया के इटावा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी औरैया सर्वेश कठेरिया के शनिवार को जनपद में प्रथम आगमन के अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष छोटे भाई उपेन्द्र कुमार वर्मा के निज निवास टीचर्स कॉलोनी पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, कार्यकर्ताओं, प्रशंसको व आम जनता ने फूल मालाओं व ढोल नगाड़ों से उनका स्वागत किया। अपने निज निवास पर उपेन्द्र वर्मा व पत्नी नीतू सिंह ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने समस्त कार्यकर्ताओं, आत्मीय जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उनका वो पालन करेंगे। पार्टियों की नीतियों, कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचायेंगे। संगठन को मजबूत करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अकाल गंज के सभासद व भाजपा नेता शरद वाजपेयी, रघुराज सिंह यादव, भाजपा नगर महा मंत्री प्रशांत दीक्षित, आदेश कठेरिया, विनोद गौतम, विजयपाल, विश्वादीप सिंह, अरविंद कठेरिया, संजय कठेरिया, कुलदीप पाल, यशवीर शिकरवार, विशाल शुक्ला, शिवम दीक्षित, अनिल कठेरिया, चरन सिंह, मनीष कठेरिया, राम केदार कठेरिया, राम अवतार कुशवाह, सचिन यादव, सुषमा यादव, आशा देवी सहित मोहल्ला वासी उपस्थित रहे।

## आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में घोषित किया गया वार्षिक परीक्षा फल



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विशुन कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया तथा सभी मेधावी छात्र और छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा प्रगति का मानदंड है और उन्नति की मंजिल पर चढ़ने की सीढ़ी है। परीक्षाएं हमें सिखाती है कि हमारे प्रयास कितने सफल रहे और अभी कितनी लगन और मेहनत की आवश्यकता है छात्र और छात्राओं को समय के महत्व को समझाते हुए कहा हमें हमेशा समय का सदुपयोग करना चाहिए, समयनिष्ठ व्यक्ति बनना चाहिए और अपने हर काम को समय के अनुसार ही करना चाहिए। समय को बर्बाद करना जीवन को बर्बाद करने जैसा होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोहिनी यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्रीमती विभा यादव श्रीमती अचला वर्मा, राजकिशोर वर्मा, शिखा अग्रवाल, कंचन वर्मा, चेतन सिंह, अशोक नारायण, सुमित यादव, सुमित सिंह, शीला शर्मा, श्रोति यादव, अनुष्का सक्सेना, श्रीमती शुभ्रा, दिव्या यादव, प्रीति राही आदि उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री ने की बासंतिक नवरात्रि और श्रीरामनवमी की तैयारियों समीक्षा

**प्रमुख देवी मन्दिरों व शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की सम्भावना, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाएं : मुख्यमंत्री**

- चैत्र नवरात्रि में पूरे प्रदेश में समान रूप से निर्बाध 24 घण्टे बिजली आपूर्ति की जाए
- नगरों और गांवों में मन्दिरों/देवालयों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में स्वच्छ परिवेश सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए
- पुलिस को स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत भीड़ प्रबन्धन और फुट पेट्रोलिंग की बेहतर कार्ययोजना लागू करने के निर्देश
- चैत्र रामनवमी के उपलक्ष्य में सभी जनपदों में 24 घण्टे का श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ कराया जाए
- आगामी 05 अप्रैल दोपहर से प्रारम्भ अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति 06 अप्रैल को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होनी चाहिए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र रामनवमी के मंगलमयी उपलक्ष्य में सभी जनपदों में 24 घण्टे का श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आगामी 05 अप्रैल दोपहर से प्रारम्भ अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति 06 अप्रैल को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी के निर्देश के बाद सभी जनपदों में देवालयों/मन्दिरों में आवश्यक व्यवस्थाएं प्रारम्भ कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बासंतिक नवरात्रि और श्रीरामनवमी से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देवीपाटन मन्दिर बलरामपुर, शाकुम्भरी देवी मन्दिर सहारनपुर, विन्ध्यवासिनी देवी धाम मीरजापुर आदि प्रमुख देवी मन्दिरों व शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। सूर्य तिलक का दर्शन करने अयोध्या में पूरे देश से लोगों के आगमन की सम्भावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाने चाहिए। कतारबद्ध श्रद्धालुओं को तेज धूप में खड़े होने में समस्या न हो, इसके लिए जूट मैटिंग करायी जाए। सभी देवालयों में पेयजल के पुख्ता प्रबन्ध होने चाहिए। छाजन की व्यवस्था करायी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चैत्र नवरात्रि में पूरे प्रदेश में समान रूप से निर्बाध 24 घण्टे बिजली आपूर्ति की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मन्दिरों के आसपास अण्डा, मांस आदि की दुकानें नहीं होनी चाहिए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित कराएं कि कहीं भी अवैध स्लॉटरिंग न हो।मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के दृष्टिगत नगर विकास विभाग और ग्राम्य विकास विभाग को क्रमशः नगरों और गांवों में मन्दिरों/देवालयों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में स्वच्छ परिवेश सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सफाई कर्मी भी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने पुलिस को स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत भीड़ प्रबन्धन और फुट पेट्रोलिंग की बेहतर कार्ययोजना लागू करने के भी निर्देश दिए।

# कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग द्वारा शनिवार को उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सभागार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की राज्य स्तरीय स्थायी समिति (एस.एल.एस.सी.) की बैठक की अध्यक्षता की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 3 बैच-1 (वर्ष 2024-25) के अन्तर्गत जनपद लखनऊ, फतेहपुर, गोरखपुर एवं देवरिया के कुल 07 मार्ग, लम्बाई 46.845 किमी0, एवं जनपद लखीमपुर खीरी के 01 एल.एस.बी./सेतु के परियोजनाओं का अनुमोदन कृषि उत्पादन आयुक्त, उ.प्र. शासन द्वारा प्रदान की गयी। इस अनुमोदन के पश्चात् इन परियोजनाओं की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत होना प्रस्तावित है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति निर्गत होने के उपरान्त प्रदेश की जनता को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। समिति द्वारा लोक निर्माण विभाग को पोस्ट डी. एल.पी. मार्गों के अनुरक्षण का विवरण ई-मार्ग पोर्टल पर अंकित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सचिव एवं आयुक्त, ग्राम्य विकास जी.एस. प्रियदर्शी, अखण्ड प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, ईशम सिंह, निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के साथ राज्य स्तरीय स्थायी समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# कारीगरों को किया गया सम्मानित



- मंत्री राकेश सचान ने उत्कृष्ट शिल्पकारों और उद्यमियों को सम्मानित करते हुए माटीकला और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा
- प्रदेश सरकार की पहल से न केवल कारीगर आर्थिक रूप से हो रहे सशक्त, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और परंपरागत कला को भी संरक्षित करने में दे रहे योगदान: मंत्री राकेश सचान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड और खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन देने के लिए एक और कदम बढ़ाया। शनिवार को लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में ष्राज्य स्तरीय माटीकला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार वितरण समारोह-2025ष् का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। समारोह में उत्कृष्ट शिल्पकारों और उद्यमियों को सम्मानित करते हुए माटीकला और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया। योगी सरकार की यह पहल न केवल कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और परंपरागत कला को संरक्षित करने में भी योगदान दे रही है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस प्रयास की सराहना की और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में कहा कि योगी सरकार माटीकला और खादी उद्योग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार और रोजगार सृजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पॉलीथीन के विकल्प के रूप में माटीकला उत्पादों जैसे कुल्हड़, गिलास, थाली और बोतल के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माटीकला हमें अपनी मिट्टी से जोड़ती है और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करती है।

# 'डिवाइन कान्फ्रेन्स' में छात्रों ने बिखेरा सर्वधर्म समभाव का आलोक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत के माध्यम से सर्वधर्म समभाव का ऐसा आलोक बिखेरा कि दर्शकों की तालियों से ऑडिटोरियम गूँज उठा। छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष गीत, संगीत व नृत्य प्रस्तुतियों द्वारा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया, साथ ही विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही नैतिक, चारित्रिक व आध्यात्मिक शिक्षा से भी रूबरू कराया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा-3 से 11 तक के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ सी.एम.एस. की संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए डा. गाँधी ने माताओं का आह्वान किया कि बच्चों में प्रारम्भ से ही जीवन मूल्यों का विकास करें, क्योंकि मातायें ही छात्रों की प्रथम गुरू हैं। उन्होंने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करतें हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्रों ने अपनी प्रतिभा व ज्ञान से सदैव ही लखनऊ का नाम रोशन किया है। आज सी.एम.एस. के छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर आसीन होकर सामाजिक उत्थान में रचनात्मक भूमिका निभा रहे हैं, यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

डा. गाँधी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सी.एम.एस. के लगभग 90 छात्र आई.ए.एस. अधिकारी बनकर विद्यालय की 'जय जगत' की भावना को साकार रूप दे रहे हैं। सी.एम.एस. जॉपलिंग रोड कैम्पस की हेडमिस्ट्रेस सोनाली चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि समाज में सार्थक और स्थायी परिवर्तन उत्पन्न करना है तो शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़ना ही होगा।

## मुशायरा एवं सहरी का आयोजन

**लखनऊ।** हाजी अब्दुरऊफ खान फलाही ट्रस्ट के तहत बड़े ही शानदार अंदाज में नातिया मुशायरा और सहरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर शायरों ने रमज़ान की अहमियत को बयान करते हुए नमाज़, रोज़ा, तरावीह, तहज्जुद और दूसरी इबादतों का जिक्र किया।

# गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटा ग्राम्य विकास विभाग

अवधनामा ब्यूरो

- बीते 8 साल में 5 लाख से ज्यादा हुए ग्रामीण संयोजकता के कार्य
- मनरेगा योजना के अंतर्गत किये जा रहे ग्रामीण संयोजकता के कार्य
- नाली, चकरोड, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसीरोड,खड़ंजा निर्माण जारी

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (महात्मा गांधी नरेगा) से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका संवर्धन हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन ग्रामीण परिवारों को गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं। इसके साथ ही यह योजना से जल संरक्षण संरचनाओं, ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं जैसी उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी जोर दिया जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने एवं जलभराव जैसी की समस्या के निदान हेतु महात्मा गांधी नरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओ का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों की गलियां, ग्रामीणों का हाईवे की भांति हैं, इसलिए गांवों की गलियां दुरुस्त और साफ-सुथरी होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत किये गये विकास कार्य धरातल पर दिखने भी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे गांव स्वच्छ और सुंदर रहे और ग्रामीण स्वस्थ रहें। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017-18 से अब तक ग्रामीण संयोजकता के 5,18,021 पूर्ण कार्यों पर रुपये 1082518.79 लाख व्यय किये जा चुके हैं। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक ग्रामीण संयोजकता के 78,272 कार्य कराये जा चुके हैं।

# भाषा विवि के रोवर्स रेंजर्स को मिला तृतीय पुरस्कार



- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ को रोवर्स रेंजर्स के 31वें प्रादेशिक समागम में मिला तृतीय पुरस्कार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विदित है कि प्रदेश स्तर पर रोवर्स रेंजर्स की तीन दिनों तक चलने वाली 31वें प्रादेशिक समागम प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जूभैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज में संपन्न हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के कुल 9 विश्वविद्यालय से 36 टीमों ने हिस्सा लिया । इस बीच समागम में खेल, स्वास्थ और सामाजिक सेवा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स टीम ने पहली बार पूरे गर्म जोशी से प्रतिभाग किया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर 5000 की धनराशि हासिल की जिससे विश्वविद्यालय परिवार आह्लादित है। विजयी टीम को शुभकामनाएं देते हुए माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय ने कहा कि खेल और अन्य शारीरिक गतिविधियां हमें सशक्त राष्ट्र के निर्माण करने में सहायता प्रदान करती हैं। रोवर्स प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ सुदीप रेंजर्स प्रभारी डॉ जहां आरा ज़ैदी व रोवर्स रेंजर्स समन्वयक डॉ.मो.शरिक ने इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स टीम को बधाई दी और विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम के विजयी होने पर विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है।

## हरियाणा में ईद की छुट्टी रद्द, मौलाना यासूब अब्बास बोले ग़लत परंपरा की शुरुआत

**लखनऊ।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने हरियाणा सरकार द्वारा ईद-उल-फित्तर की छुट्टी रद्द किए जाने के फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब पर हमला करार देते हुए कहा कि यह एक खतरनाक परंपरा की शुरुआत है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि भारत में सभी धर्मों के त्योहारों को मिलकर मनाने की परंपरा रही है। ईद, होली, दीपावली जैसे पर्व सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का यह निर्णय न केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट है, बल्कि देश की सदियों पुरानी साझी संस्कृति के खिलाफ भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस फैसले को वापस लेने की मांग की, ताकि देश में साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे।

# ग्राम चौपालों में 04 लाख 87 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

- अब तक 01 लाख 32हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन
- शुक्रवार को 1043 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव-गरीब के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ किया जाय।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1043 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2494 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 2918 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 4471 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 51 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 32 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 88 लाख 37 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 04 लाख 87 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# सपा प्रवक्ता ने ताज होटल में कराया रोज़ा इफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अब्बास हैदर की ओर से आज लखनऊ ताज होटल में रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रहे। रोजा इफ्तार में शहर के बड़े मुस्लिम धर्म गुरू उलेमा वरिष्ठ समाजवादी नेता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। रोजा इफ्तार में मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना इरफान मिया फरंगी महली, मौलाना फजलुल मन्नान, मौलाना नईम फरंगी महली, मौलाना सिब्तैन नूरी, मौलाना सूफियान निज़ामी, वजाहत हबीबुल्लाह, डॉ. मंसूर हसन, अक्षिता दास, अनीस अंसारी, मौलाना सैफ अब्बास, अमीर हैदर के अतिरिक्त पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सांसद नीरज मौर्य, विधायक पंकज मलिक, महफूज क़िदवई साहब, विधायक हसन रूमी, विधायक रविदास मल्होत्रा, डॉ. मधु गुप्ता, मीरा वर्धन, सुरेन्द्र राजपूत, प्रोफेसर अली खान, जावेद आब्दी, डॉ. सैफ एन शा, राफेल ऑस्ट्रेलिया, मौलाना जहीर इफ्तेखारी, वंदना मिश्रा, प्रोफेसर रमेश दीक्षित, जूही सिंह, पूजा शुक्ला, यामीन खान, फखरुल हसन चांद, डॉ. कल्बे हुसैन, दीपक कबीर, प्रोफेसर नदीम अख्तर, हाफिज अयाज, राजेश यादव राजू, नदीम, प्रोफेसर सबीरा हबीब, डॉ. अस्मां परवीन, अरुण श्रीवास्तव, महफूज फ़रीद किदवई, वंदना मिश्रा, सौम्या राना, नाहिद लारी खान, प्रो0 सुधीर पंवार, दीपक रंजन, मोहम्मद एबाद, डॉ. मंसूर हसन अतहर हुसेन, मेराज हैदर आदि शामिल रहे।

## सर्वोदय विद्यालयः हजारों छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा, 30 मार्च को होगी परीक्षा

**लखनऊ।** प्रदेश के समाज कल्याण विभाग एवं जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन विद्यालयों में नवोदय पैटर्न पर पढ़ाई होती है और यह सीबीएसई तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र.से मान्यता प्राप्त हैं। इस बार प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 रविवार को आयोजित की जाएगी, जिसका आयोजन दो पालियों में होगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षा का आयोजन जिलाधिकारी के नियंत्रण में होगा, जबकि प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी डायट (डायट) को सौंपी गई है। परीक्षा परिणाम 31 मार्च 2025 को जारी किए जाएंगे।

इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया के तहत कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में चयन किया जाएगा। कक्षा 6 में कुल 70 सीटें उपलब्ध हैं, जिसमें प्रत्येक कक्षा के लिए दो सेक्शन होंगे और प्रत्येक सेक्शन में 35-35 छात्रों को प्रवेश मिलेगा।

# 11.77 करोड़ की लागत से चित्रकूट में ईकों टूरिज्म पार्क बनेगा

- पांच करोड़ रूपये की धनराशि जारी
- धार्मिक, आध्यात्मिक के साथ-साथ ईको पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनेगा चित्रकूट : जयवीर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रामायण सर्किट का महत्वपूर्ण स्थल चित्रकूट, जल्द ही धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उ0प्र0 इको टूरिज्म डेवलपेंट बोर्ड रानीपुर टाइगर रिजर्व के निकट इको टूरिज्म थीम पार्क का निर्माण करेगा। सात एकड़ में बनने वाले इस भव्य पार्क के लिए 11.77 करोड़ रूपयें स्वीकृत किए गए है, जिसमें से 05 करोड़ रूपयें जारी हो चुके है।

उ0प्र0 पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस परियोजना की जानकारी आज यहां दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए एक विशेष थीम पार्क विकसित किया जा रहा है। इस पार्क का उद्देश्य पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाना और इको-फ्रेंडली पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा , कि यह पार्क पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप् बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जैव विविधता सुरक्षित रहेगी। साथ ही, पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पार्क में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इको लॉजेज का निर्माण किया जाएगा। प्राकृतिक सुगंध से भरपूर एक विशेष बगीचा तैयार किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा, स्थानीय और प्रसिद्ध व्यंजनों का आनंद लेने के लिए विशेष फूड कोर्ट/इको हट्स भी बनाए जाएंगे। पार्क की जैव विविधता को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए सुंदर जलाशय का निर्माण किया जाएगा। पर्यटकों के लिए हरियाली से भरपूर एक केंद्रीय लॉन विकसित किया जाएगा, जहां वे प्राकृतिक वातावरण का आनंद ले सकें। साथ ही, विभिन्न ऋतुओं के अनुसार विशेष उद्यानों का भी विकास किया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए एक प्ले एरिया भी बनाई जाएगी, जिससे परिवार के साथ आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस पार्क में नेचर ट्रेल, बांस उद्यान और पैरों के लिए विशेष ट्रैक तैयार किया जाएगा, जो स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेगा। साथ ही, सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए एक अत्याधुनिक एंफीथिएटर बनाया जाएगा। पार्क का प्रमुख आकर्षण रॉक गार्डन होगा, जो प्राकृतिक चट्टानों से निर्मित अनोखा उद्यान होगा।

मदरसा जामिया अरबिया शमसुल उलूम की जानिब से सभी जनपद और शहर वासियों को ईद-उल-फितर की दिल्ली मुबारकबाद



मौलाना इसरार

सदर मुदर्रिस

मदरसा कमेटी,

ग्राम हर्षवाड़ा नजीबाबाद।

मदरसा फारुक-उल-उलूम की जानिब से सभी जनपद और नगर वासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद



मौलाना सलीम

प्रधानाचार्य

मदरसा फारुक-उल-उलूम

नगर पंचायत साहनपुर। (नजीबाबाद)